हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 20 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 280 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर

## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

## का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

20 सितम्बर, 2024







PR No. 336217 / IPRD / 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




Page 11

खेल

**38 साल के अश्विन का चेन्नई में गरजा बल्ला, ठोका टेस्ट क्रिकेट का छठा शतक**



Page 10

देश

**सीएम धामी की पर्यटन प्रदेश की मुहिम लाई रंग, उत्तराखंड के चार गांवों को मिलेगा सर्वश्रेष्ठ...**


कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 20 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 280 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


### नक्सली कनेक्शन को लेकर मनोरमा देवी के ठिकानों समेत बिहार में पांच जगह एनआईए का रेड

# पूर्व एमएलसी के घर मिला एक करोड़ से ज्यादा कैश, नोट गिनने की मंगवाई गई मशीन



निज संवाददाता | गया

गया जिले में एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) की टीम ने पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर पर छापेमारी की है। नक्सली कनेक्शन को लेकर की गई इस कार्रवाई ने पूरे राज्य में हड़कंप मचा दिया है। एनआईए ने बिहार के पांच स्थानों पर एक साथ रेड की, जिनमें से तीन गया में हैं। मनोरमा देवी के एपी कॉलोनी स्थित आवास और बोधगया के जानपुर गांव के पास उनके प्लांट पर भी छापेमारी की गई है।

छापेमारी की कार्रवाई सुबह 4 बजे शुरू हुई। बताया जा रहा है कि घर से एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद हुई है। नकदी की गिनती के लिए एसबीआई के चीफ मैनेजर शशिकांत को नोट गिनने की मशीन के साथ बुलाया गया। हालांकि, उन्होंने मीडिया से बातचीत करने से इनकार कर दिया।

मनोरमा देवी के दिवंगत पति बिंदेश्वरी यादव, जो जिला पार्षद अध्यक्ष थे, के खिलाफ भी नक्सली गतिविधियों और साठगांठ का केस दर्ज था। उन पर नक्सलियों को कारतूस सप्लाई करने का आरोप था और उनकी गिरफ्तारी भी हो चुकी थी। उस समय उनकी गाड़ी से सैकड़ों कारतूस बरामद हुए थे, जिसके बाद उन पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। आज की इस कार्रवाई को भी उसी संदर्भ में देखा जा रहा है, जहां एनआईए उनके नक्सली कनेक्शन की जांच कर रही है। मनोरमा देवी का बड़ा बेटा रॉकी यादव, जो देश के चर्चित रोडरेज गोलीकांड का मुख्य आरोपी था, उसे भी इस घटना के कारण काफी चर्चा मिली थी। हालांकि, पटना हाईकोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में उसे बरी कर दिया था। एनआईए की टीम ने मनोरमा देवी के आवास और प्लांट के अलावा बांके बाजार में भी छापेमारी की है। बांके बाजार में द्वारिका यादव के प्लांट पर कार्रवाई की जा रही है, जो मनोरमा देवी से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, द्वारिका यादव का प्लांट मूल रूप से मनोरमा देवी का ही है, जिसे वह देखरेख करते हैं।

### मनोरमा देवी के घर से 8 लाइसेंसी हथियार भी बरामद

घर की तलाशी के दौरान एनआईए को 8 लाइसेंसी हथियार भी मिले हैं, जिनके स्वामियों को सत्यापन के लिए बुलाया गया है। फिलहाल, घर के अंदर किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं है और पूछताछ का सिलसिला जारी है। एनआईए की टीम ने जिला पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की है।


### कौन हैं मनोरमा देवी?



- गया से जदयू की एमएलसी रह चुकी हैं।
- 2020 में जदयू के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ीं, हार गईं।
- बड़े बेटे रॉकी यादव पर रोडरेज में गया के आदित्य सचदेवा की हत्या का आरोप लगा था।
- निचली अदालत ने उसे सजा भी सुनाई थी।

# तीन आईएएस का तबादला

- आईएएस दीपक आनंद बने लेबर सेक्रेट्री, दो अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार




निज संवाददाता | पटना

पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह को मुख्य जांच आयुक्त का प्रभार दिया है। मिहिर कुमार सिंह को 1993 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं। इनके पास पहले से ही खान एवं भूतत्व निगम, खनन विकास निगम लिमिटेड निदेशक और राज्य खनन निगम लिमिटेड के एमडी का प्रभार है। वित्त एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी दीपक आनंद को श्रम संसाधन विभाग में सचिव बनाया गया है। दीपक 2007 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव डॉक्टर आशिमा जैन को वित्त एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी के रूप में पोस्टिंग दी गई है। डॉ. जैन 2008 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं। आशिमा जैन को सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक कार्तिकेय धनजी को सामान प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्तिकेय धनजी के पास बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के एमडी का भी प्रभार है। कार्तिकेय 2008 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं।

गृह सचिव प्रणव कुमार को सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रवीण कुमार के पास जेल आईजी का भी अतिरिक्त प्रभार है। प्रणव 2008 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आईएसडी लक्ष्मण तिवारी को छपरा सदर एसडीओ बनाया गया है।

## हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बदलने के लिए व्यापक सुधार किए हैं : पीएम



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में अपने संदेश में कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई है। उन्होंने दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई देशों की भागीदारी से वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 वैश्विक खाद्य उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली लोगों के लिए एक जीवंत मंच के रूप में सामने आता है, ताकि वे बढ़ते अवसरों का अधिकतम लाभ उठा सकें, एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें और अपने-अपने अनुभवों को साझा कर सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत और विविध खाद्य संस्कृति है। किसान भारतीय खाद्य इकोसिस्टम की रीढ़ हैं। देश के किसानों ने ही उत्कृष्ट पौष्टिक और स्वादिष्ट परंपराओं का निर्माण सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि हम अभिनव नीतियों और केंद्रित कार्यान्वयन के साथ उनकी कड़ी मेहनत का समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में यह भी कहा कि आधुनिक युग में प्रगतिशील कृषि प्रणालियों, मजबूत प्रशासनिक ढांचे और अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थायित्व और सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बदलने के लिए व्यापक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण में शत-प्रतिशत एफडीआई, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से हम पूरे देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और रोजगार सृजन का एक मजबूत इकोसिस्टम बना रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छोटे उद्यमों को सशक्त बनाना हमारे विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## सीएम हेमंत सोरेन का गढ़वा दौरा



निज संवाददाता | गढ़वा( झारखंड)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड के दुलदुलवा पंचायत स्थित पेशका उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित 'आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गढ़वा और लातेहार जिलों के विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, और झारखंड को प्रगति की ओर ले जाने के लिए सरकार की योजनाओं का ज़िक्र किया।




## न्यूज बाइट्स

### झमाझम बारिश से गिरा मकान

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के तिलोखर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 9 में बारिश के कारण एक मकान धराशाई हो गया है। घटना के बारे में बताया गया कि क्षेत्र में हो रही लगातार झमाझम बारिश के कारण दीपक चंद्रवंशी का मिट्टी का मकान धराशाई हो गया। गलीमित रही की कोई दुर्घना नहीं हुआ। वहीं ग्रामीण सहित समाजसेवी जयप्रकाश चौबे ने बताया कि 10 दिन पूर्व दीपक के पिता का स्वर्गवास हुआ था उसी दिन जिस दिन मकान धराशाई हुआ उस दिन पिता का दशकर्म था। ऐसे में दीपक चंद्रवंशी के परिवार से मकान और पिता का साया भी उजड़ गया।

### शिक्षा से वंचित बच्चों की शिक्षा के प्रति आगे आया नर-नारायण सेवा टीम

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** भोजन के साथ-साथ शिक्षा भी जरूरी ये उक्त बातें नारायण सेवा के फाउंडर अभिनव नीरज उर्फ़ पिंटू जी ने कहा। उनके द्वारा शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए एक अच्छी पहल की गई जिसके तहत गरीब बच्चों के लिए कॉपी, पुस्तक, पेन व कलर वितरण किया गया। उनका का कहना कि समाज के बहुत सारे गरीब एवं वंचित समाज के बच्चे कम उम्र में बाल मजदूरी के लिए विवश हो जाते हैं। अभिनव नीरज को उनके टीम के द्वारा बच्चों को प्रेरित कर शिक्षा की ओर लाने और शिक्षा के प्रति जिज्ञासा पैदा करने की नई पहल शुरू की है। उनका कहना है कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। गरीब एवं शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की ओर लाना उनके टीम का मुख्य उदेश्य रहेगा ताकि हमारे समाज में जो भी गरीब बच्चे हैं शिक्षा से वंचित नहीं रहें, उन्हें शिक्षा देकर समाज के लिए अच्छा इंसान बनाया जाए। अभिनव नीरज खुद एक सरकारी शिक्षक पर कार्यरत हैं वह शिक्षा के महत्व को काफ़ी भली भांति समझते हैं। इस कार्य के लिए उन्होंने अपना प्रेरणास्त्रोत पूर्व एन सी सी अधिकारी सह क्रीड़ा प्रशिक्षक व समाजसेवी रवि भूषण पाण्डेय को बताया कहा की उनके साथ गरीबों व जरूरतमंदो की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। नर-नारायण सेवा टीम में स्पर्श कुमार, मोनू कुमार, मुकुल कुमार, वैभव कुमार एवं शशि समीर है जो गरीब, वंचित एवं जरूरतमंदों की सेवा मे लगे हुए हैं।

### बहू के अपहरण का नाटक रचने वाला ससुर निकला हत्यारा

**दावथ (रोहतास) (रोहतास)।** अपने ही बहू के अपहरण का नाटक का रिपोर्ट दर्ज करवाने वाला शख्स पाया गया दोषी। दावथ थाना क्षेत्र के मालियाबाग ग्राम से एक विवाहिता के फांसी लगाकर जान देने के बाद उसके शव को ठिकाना लगाने के लिए वाराणसी गंगा नदी में फेंक दिए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। इस घटना की जानकारी देते हुए थानाअध्यक्ष कृपाल जी ने बतलाया कि मृतका भलुनी गांव की थी जिसकी शादी फरवरी 2024 में रितिक कुमार के साथ हुई थी जो मलियाबाग के रहने वाले हैं। विगत दिनों मृतक के ससुर के द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिसमें यह बतलाया गया कि उसकी बहू घर से गायब है। इस घटना के जांच के क्रम में यह बात सामने आई की विवाहिता की हत्या फांसी लगाने से हुई थी और उसके शव को छिपाने के प्रयास में वाराणसी में गंगा नदी में बोरे में भर कर फेंक दिया गया जैसा कि पुलिस के सामने विवाहिता के ससुर ने स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपी आनंद साह उर्फ धनजी साह पिता उत्तम साह ग्राम मलियाबाग थाना दावथ का बताया जाता है। जिन्होंने अपनी बहू के फांसी लगा लेने के बाद उसके शव को बोरी में बांधकर वाराणसी गंगा में फेंक दिया।

### तिलौथू में दो टीका केंद्रों का हुआ उद्घाटन

**तिलौथू (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को लेकर प्रभारिक प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर डी एन प्रसाद ने दो केंद्रों का उद्घाटन किया है। जिसमें हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सरैया एवं हुरका शामिल है। पदाधिकारी डॉ डीएन प्रसाद ने बताया कि इन केंद्रों पर सप्ताह में 3 दिन सोमवार, मंगलवार व गुरुवार को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# स्टार्टअप प्रोजेक्ट से युवाओं को मिलेगा सही दिशा बिहार सहित देश का नाम होगा रौशन : डीएम

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

रोहतास के जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा है कि व्यक्ति को हमेशा ज्ञान की प्यास होनी चाहिए और जीवन भर कुछ न कुछ सीखने रहने की आदत डालनी चाहिए ।उन्होंने आज गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में स्टार्टअप की बहुत सारी संभावनाएं हैं, जरूरत है एक सही दिशा निर्देश की और इस क्षेत्र में हमारे होनहार छात्रों को प्रवेश करने की। उन्होंने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आईआईटी मंडी के विद्वान उत्प्रेरकों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह



बहुत ही सराहनीय कदम है और उनके द्वारा भविष्य में जो यहां स्टार्टअप के प्रोजेक्ट हेतु कार्य किए जाने हैं, निश्चित रूप से बिहार के युवाओं को एक सही दिशा प्रदान करेगी एवं प्रदेश के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एवं डेहरी के अनुमंडल अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह एवं हिमाचल प्रदेश आईआईटी मंडी के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती सिंह ने बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए स्टार्टअप से जुड़े लोगों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलपति महेंद्र कुमार सिंह, उप कुलपति प्रोफेसर जगदीश सिंह, विश्वविद्यालय की बोर्ड सदस्य मोनिका सिंह आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के अध्यक्ष, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्टार्टअप स्टॉल का निरीक्षण करते हुए जिला पदाधिकारी ने उसकी काफी सराहना की। स्टार्टअप स्टॉल लगाने में तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक आशीष रंजन की भूमिका प्रमुख रही।

# प्रशिक्षुक डीएसपी के स्थनांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

निज संवाददाता | सूर्यपुरा (रोहतास)

सूर्यपुरा थाना परिसर में गुरूवार को प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष कंचन राज का हुआ विदाई सह सम्मान समारोह। बताते चले की बीते 18 जुलाई को सूर्यपुरा थाना में प्रशिक्षु डीएसपी का थानाध्यक्ष के पद पर 2 माह के लिए पदस्थापना हुआ था। जबकि 18 सितंबर के उनके कार्यकाल पूरा होने के उपरांत प्रशिक्षण के दौरान ही सासाराम सर्किल इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थापन होने के बाद गुरुवार की संध्या थाना परिसर में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का किया आयोजन। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए उनके अच्छे कार्यों की सराहना जैसे मादक पदार्थ के साथ मुख्य विक्रेता की गिरफ्तारी, न्यायालय के स्थाई या अन्य वारंटी, सभी कांडो का समय से का निष्पादन, संध्या और रात्री गस्ती, अवैध आर्म्स की जब्ती, 24 घंटे के अंदर रेपिस्ट को गिरफ्तार कर जेल भेजना, साथ ही विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच मोटीवेशनल कार्यक्रम सहित अन्य मामलों में किए गए उनके अच्छे कार्य कुशलता और व्यवहार कुशलता पर लोगों ने चर्चा किया और अंत में उपस्थित लोगों ने उनको उपहार भेट कर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया प्रमोद चंद्रवंशी प्रखंड प्रमुख पति सुनिल कुमार, विजय गुप्ता, अशोक यादव, पूर्व मुखिया भागीरथी सिंह, जितेंद्र सिंह, अंजु देवी, सहित पुलीस बाल और चैकीदार, दफदार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मंडल कारा सासाराम में छापेमारी खाली हाथ लौटे डीएम व एसपी

निज संवाददाता | सासाराम

जिले के मंडल कारा सासाराम में गुरुवार की सुबह जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में छापेमारी की गई। लगभग दो घंटे तक चली छापेमारी के दौरान मंडल कारा के प्रत्येक वार्ड को बारीकी से खंगाला गया तथा वार्ड सहित पूरे जेल परिसर की सघन जांच हुई, लेकिन अधिकारियों को जेल से कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। दरअसल मंडल कारा में अचानक पहुंचे अधिकारियों व पुलिस बल को देख जहां जेल प्रशासन व कैदियों में हड़कंप मच गया वहीं सभी लोग कार्रवाई के भय से सहमे रहे। इस संदर्भ में जिलाधिकारी उदिता सिंह ने बताया कि रूटीन जांच के तहत मंडल कारा की तलाशी ली गई है तथा जांच के दौरान कोई भी आपत्तिजनक



सामान बरामद नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जेल के अंदर एवं बाहर सब कुछ सामान्य पाया गया है। जबकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से जेल प्रशासन को कई दिशा निर्देश जारी करते हुए साफ-सफाई सहित भोजन की गुणवत्ता को भी बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया गया है। साथ हीं कैदियों के रुटीन चेकअप सहित उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। छापेमारी के दौरान सदर एसडीओ मनोज कुमार, डीएसपी वन दिलीप कुमार, जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी जनार्दन तिवारी, नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, मुफस्सिल थानाध्यक्ष सहित काफी संख्या में अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहे।

# मंगलवार एवं शुक्रवार को विद्युत कार्यालय मे लगेंगे शिविर

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज अंतर्गत बिजली बिल में सुधार करने और खराब मीटर को बदलने के लिए प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार एवं महीने के दूसरे शनिवार को हर विद्युत कार्यालय में विशेष शिविर लगाए जाएंगे ताकि उपभोक्ताओं का त्वरित समाधान हो सके। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि बिजली कंपनी के हेल्प लाइन नंबर-1912 एवं अन्य माध्यमों से बिलिंग और मीटर खराब होने की लगातार शिकायत मिल रही है। इस समस्या के निदान के लिए कैंप लगाकर समस्या का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया। बताते चलें की उपभोक्ताओं का विपत्र में त्रुटि मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से होती है, जिससे की उपभोक्ता चाहकर भी विपत्र का भुगतान नहीं कर पाते हैं। कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाय। जो उपभोक्ताओं का सुधार कैम्प स्थल पर संभव नही है उनका विपत्र निरीक्षण के पश्चात अधिकतम 7 दिनों के अंदर सुधार करते हुए सुधारा गया।

# भाजयुमो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

निज संवाददाता | रोहतास

वृहस्पतिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रोहतास के द्वारा रक्तदान महादान का कार्यक्रम युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर सदर हॉस्पिटल सासाराम के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि युवा मोर्चा रोहतास जिस तरह से यह कार्यक्रम कर रहा है।

# गोलीबारी मामले में छः गिरफ्तार, डीएसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

निज संवाददाता | सासाराम

नगर थाना क्षेत्र के गोला बाजार में बुधवार की सुबह तकरीबन 9 बजे के समीप हुई गोलीबारी की घटना मामले में नगर थाने की पुलिस ने छः आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में गुरुवार को नगर थाने में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि बीते बुधवार को गोला सब्जी मार्केट में कुछ अपराधियों द्वारा आपसी रंजिश में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें शेरगंज निवासी अकबर राईन के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हमारे नेतृत्व



में नगर थाने की टीम ने 3 से 4 घंटे के अंदर काण्ड में संलिप्त सभी अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक देशी कट्टा व खोखा बरामद किया गया है तथा गिरफतार अभियुक्तों में नशिमुददिन उर्फ राजा गद्दी, कालिम उर्फ जंगली गद्दी, मीसाद गद्दी, दिलशाद गददी, साहिल गद्दी एवं अमजद गद्दी शामिल हैं। वहीं छापेमारी टीम में नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, एस आई रवि रंजन गुप्ता, एस आई रामवृक्ष कुमार तथा एस आई उमेश यादव शामिल रहे।

# कैदियों को दिया जा रहा कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण

निज संवाददाता | सासाराम

13 से 25 सितंबर तक तेरह दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्घघाटन जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, उपाअधीक्षक कृष्ण कुमार झा, सहायक अधीक्षक रंजन कुमार, आरसेटी के निदेशक राकेश कुमार उपाध्याय, कार्यालय सहायक विकाश कुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम सहायक सिकेश कुमार, के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने बताया कि इस प्रशिक्षण में वैसे कैदी प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए है जो लंबे समय से यहां है जो कुछ महीनो के बाद रिहा होने के बाद में स्वरोजगार कर समाज के मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे आरसेटी निदेशक ने बताया की इस प्रशिक्षण के उपरांत जो भी कैदी प्रशिक्षणार्थी रिहा होंगे उन्हें स्वरोजगार हेतु बैंक से वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जायेगी, उन्होंने ये भी बताया कि इस प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थीयो को बैंक से संबंधित जमा एवम ऋण के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस प्रशिक्षण के ट्रेनर राजेश कुमार निराला ने बताया की इस प्रशिक्षण में कृषि उद्यमी से जुड़ी सभी जानकारी दी जायेगी जिसमें जैविक खाद बनाना, गाय पालन, बकरी पालन, मछ्ली पालन, औषधिय पौधो की खेती, सुगंधित फूलो की खेती, एवम पशुओं में होने वाले रोग, और उच्च उपज देने वाली खेती की तकनीक, समेकित कृषि प्रणाली, आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। आरसेटी निदेशक ने बताया की सभी कैदियों को बैंक से जुड़े सभी स्कीमों के बारे में जानकारी दिया गया, उन्होंने सुरक्षा जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या बीमा योजना एवं ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी भी दि जायेगी, आरसेटी के कार्यालय सहायक विकाश कुमार ने बताया कि ये एक अलग प्रकार का प्रशिक्षण है जिसमें सभी तरह के पालन एवं कृषि से संबंधित जानकारी दी जायेगी, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बंदी प्रशिक्षणार्थीयो को डायरी,पेन दिया गया है जिसमें प्रशिक्षण की जानकारियों को नोट कर सकें एवम आरसेटी का ड्रेस भी दिया गया है।

# बेरकप में स्मार्ट मीटर लगाने गये जेई के साथ मारपीट

**अकोढीगोला (रोहतास) (नि. सं.)।** दरिहट थाना क्षेत्र के बेरकप गांव में स्मार्ट मीटर लगाने गए जेई को उपभोक्ताओं ने पिटाई कर दी। इस मामले में जेई ने दरिहट थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। बताया कि कनीय विधुत अभियंता प्रशाखा डालमियानगर सुजीत कुमार ने लिखित आवेदन देकर शिकायत कि है। जिसमें बताया है कि बुधवार को एक बजे दिन में बेरकप गांव में स्मार्ट मीटर लगाने गए थे।

# यूनीवार्ता के उप संपादक प्रेम कुमार को मिला ग्लोबल स्टार्स अवार्ड



निज संवाददाता | पटना

भारत की अग्रणी संवाद एजेंसी यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार को ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। राजधानी पटना के शंग्री-ला पैलेस में ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 के साथ इंडो-नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय किड्स फैशन शो का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान देने के लिये प्रेम कुमार को ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। प्रेम कुमार को यह सम्मान बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री पूनम ढ़िल्लो ने दिया। प्रेम कुमार ने ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 मिलने पर अपनी खुशी जाहिर की और इसके लिये नरुलाज एंड कंपनी की संस्थापक, निदेशक और कार्यक्रम की आयोजक शिखा नरूला के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 मिलना मेरे लिये लिये गौरव की बात है। गौरतलब है कि प्रेम कुमार करीब दो दशक से यूनीवार्ता के लिये फिल्म, मनोरंजन, कला एंव संस्कृति से जुड़ी खबरें लिख रहे हैं। प्रेम कुमार को उनके अबतक के करियर के दौरान कई सम्मान मिलें है।


## पूर्व मध्य रेल

### खुली ई-निविदा सूचना

**No.-RS-EMPad-Adapter-24**

व. मं. यॉ. अभि. (समाडि) /पू.म.रे. /डी.डी.यू., भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ ठीकेदार से खुली ई–निविदा सं.–RS-EMPad-Adapter-24 दिनांक 16.09.2024 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है:–

**1. कार्य का विवरण:** डीआरवाई डीडीयू में रेक की जांच के दौरान वैगनों में ईएम पैड और एडाप्टर परिवर्तन की आउटसोर्सिंग का कार्य । **2. कार्य का अनुमानित मूल्य:** रू. 1,51,69,875.28/– (रूपया एक करोड़ एकावन लाख उनहत्तर हजार आठ सौ पचहत्तर एवं अठाईस पैसे मात्र) **3. धरोहर राशि:** रू. 2,25,900/– रूपया दो लाख पच्चीम हजार नौ सौ मात्र। **4. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि:** ई–निविदा दिनांक 24.09.2024 से 08.10.2024 तक समय 15:00 बजे तक। **5. वेबसाईट एवं सूचना वोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। **नोटः**–विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें ।

कृते व.मं.अभि. (समाडि)
पूर्व मध्य रेलवे, डी.डी.यू.

पीआर/01153/डीडीयू/एमईसीएच/टी/24–25/40


## खोया - पाया

मैं मंजू कुमारी, पति अक्षय कुमार, पिता - रामकृपाल यादव ग्राम- रामपुर कोनी, पो. बेलसार, कलेर अरवल बिहार का निवासी हूँ। शपथ पत्र सं 21257 दिनांक 19/09/2024 से घोषणा करती हूँ कि मैंने अभय कुमार सिंह, पिता रामराज सिंह, श्रीमती शशी सिंह, पति अभय कुमार सिंह से केवाला के जरीए एक जमीन खरीदी थी, जिसका विवरण इस प्रकार है। केवाला सं0 - 1170 निबंधन दिनांक-30-01-2002, विक्रेता अलखदेव प्रसाद सिंह, क्रेता अभय कुमार सिंह व श्रीमती शशि सिंह, खाता नं.- 28, प्लॉट नं. 414 मौजा- गंगटी, अंचल औरंगाबाद, थाना सं. - 568, जिला औरंगाबाद, रकवा 3.125 डी. यह मूल (origional) केवाला मुझसे दिनांक 18/09/2024 को औरंगाबाद के बाजार में कहीं गुम हो गया जो कि मुझे विक्रेता अभय कुमार सिंह व श्रीमती शशी सिंह से प्राप्त हुआ था। काफी खोजबिन के पश्चात भी मुझे नहीं मिला।


## बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल ,मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद।**

**E-mail ID-eenkcdmadanpur@gmail.com**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25**

(केवल ई–टेन्डर पद्वति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/ मेनुअल मोड में भुगतान) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत P.S BARIAWA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 43.44 | 86900.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 02 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S SONARCHAK के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 45.74 | 91500.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 03 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत P.S ORDIHA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 28.32 | 56700.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 04 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S SHIVA BIGHA एवं M.S WAR ( दो अदद विधालय) के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 24.37 | 48800.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 05 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत URDU M.S NAGMATIYA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.29 | 88600.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 06 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत S.R.R.H.S GHAT RAIN BANIA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 51.56 | 103200.00 | 10000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 07 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S GHATRAIN के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 43.44 | 86900.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 08 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत URDU P.S ISALAMPUR के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 17.68 | 35400.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 09 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S SARAIL के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 32.77 | 65600.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 10 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S JOGRI के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 47.36 | 94800.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 11 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत PROJECT GIRL JAI PHARBHA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 47.48 | 95000.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 12 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत H.S GANASH NAGAR MANIKA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 42.25 | 84500.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 13 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत P.S MAYA BIGHA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.29 | 88600.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 14 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत U.S CHHALI DHOHAR के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.63 | 89300.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 15 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत N.P.S PAHAR CHAPI के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 38.91 | 77900.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 16 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S KHAJWATIA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति | 43.67 | 87400.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 17 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S BERI के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति | 33.71 | 67500.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 18 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत P.S BANOKHAR के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति | 41.24 | 82500.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |
| 19 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत M.S MANIKA के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति | 49.23 | 98500.00 | 5000.00 | As per e-proc 2 | 20.02.2025 |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 13.09.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 03.10.2024 से दिनांक 07.10.2024 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 04.10.2024 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर प्रमंडल ,मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.10.2024 3:30 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल ,मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट जा सकता है। www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा

**विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल ,मदनपुर,**
**शिविर–औरंगाबाद।**
**मो0 नं0–9955500870**

**PR- 008434 ( W R D ) 2024-25**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### स्काउट एन्ड गाइड का छः दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**नवादा (नि.सं.)**। नवादा के द्वारा राम इकबाल शर्मा, जिला सचिव के निर्देशन में छः दिवसीय प्रशिक्षण इंटर विद्यालय नारदीगंज में समापन हुआ प्रशिक्षण में बच्चों को शारीरिक मानसिक, चारित्रिक, बौद्धिक, बौद्धिक का ज्ञान दिया गया। बच्चों को प्राथमिक सहायता गांठे बांधना दहेज प्रथा, जल जीवन हरियाली, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, एकल यूजी प्लास्टिक, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, मार्च पास्ट, कदमताल यदि के अभ्यास कराया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला सचिव रामइकबाल शर्मा विद्यालय ने बच्चो से कहा अनुशासन व राष्ट्र प्रेम सीखना है एस्कॉर्ट एंड गाइड्स साथ ही साथ जीवन जीने की कला सिखाती है जिला सचिव राम अकवल शर्मा बच्चों को अपने संबोधन में कहा स्काउट और गाइड से बच्चों में अनुशंसा और भाई चारा बढ़ता है विद्यालय प्रभारी प्राचार्य डा0 कारू रजक, वरीय शिक्षक कृष्ण कांत इचा गुड्डू, सहायक शिक्षक नीरज कुमार, रूपेश कुमार, के देखरेख में सफल प्रशिक्षण दिया गया। स्काउट प्रशिक्षक संतु कुमार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सह एडवांस स्काउट गाइड मास्टर के द्वारा मंच संचालन किया गया। प्रशिक्षक सौरव गिरी मुरली धर बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। क्रियाकलाप सिखाएं कार्यक्रम में 6 टोली भाग लिए। इस अवसर वरुण कुमार सलोनी, सोनी राधा ईशा, अंशु उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला सचिव, पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, श्री कांत सिंह,बीआरपी राजकुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने स्काउट गाइड में प्रक्षिक्षण पाने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर मनोबल बढ़ाया।

### पंचायत में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे वार्ड सदस्य

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड के ननौरा पंचायत के विभिन्न वार्डो में व्याप्त भ्रष्टाचार है। इस पंचायत के पंचायत सचिव व मुखिया के माध्यम से आर्थिक गबन किया जा रहा है। इस पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी आगामी 23 सितम्बर 2024 से अनिश्चितत कालीन आमरण अनशन शुरू होगा। यह अनिश्चित कालीन आमरण अनशन ननौरा पंचायत के वार्ड संख्या आठ के वार्ड सदस्य जितेन्द्र कुमार करेंगे। उन्होंने कहा पंचायती राज कार्यालय, नारदीगंज के बाहरी परिसर में आमरण अनशन पर बैठने का निर्णय लिया हूं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री, डीएम समेत अन्य पदाधिकारियों को लिखित सूचना दिया गया है। उन्होंने कहा भारतीय संविधान में हर नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से आमरण अनशन पर बैठने का अधिकार प्राप्त है। इस अवधि में सुरक्षा व्यवस्था भी उपलब्ध कराया जाय, क्योंकि मेरे साथ कुछ भी अप्रिय घटना हो सकती है। कहा कि 23 सितम्बर को शांतिपूर्ण तरीके से आमरण अनशन करने की अनुमति दी जाय, अन्यथा पंचायती राज कार्यालय नारदीगंज के समक्ष आत्मदाह करूंगा।

### लचर व्यवस्था के बीच मरीज करा रहे अपना इलाज

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के रजौली अनुमंडल मुख्यालय अनुमंडलीय अस्पताल अपनी लचर व्यवस्था के कारण हमेशा सुर्खियों में रहा है। बुद्धिजीवियों की मानें तो यह अस्पताल सिर्फ कागजों पर संचालित हो रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ स्वास्थ्यकर्मी द्वारा दुर्व्यवहार किया जाना आम बात है। अस्पताल की कमियों को दूर करने के लिए एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक टीम गठित कर रोगी कल्याण समिति बनाई गई। समिति के लोग अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधा के बारे में कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिसके कारण अस्पताल में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा रात्रि को आने वाले मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। स्वास्थ्यकर्मियों को प्रभारी डीएस एवं सिविल सर्जन के अलावे रोगी कल्याण समिति से कोई डर-भय नहीं है। ताजा मामला बीती रात्रि का है। फरका बुजुर्ग पंचायत की अम्बातरी गांव से डायरिया से पीड़ित तीन मरीज सिंकु कुमारी, करिश्मा कुमारी एवं मुन्नी यादव रात्रि के 10 बजे अस्पताल पहुंचते हैं। अस्पताल में गंदगी से पटे वार्ड में तीनों को लिटाया जाता है। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सतीश चन्द्र सिन्हा द्वारा स्लाइन आदि देकर उपचार शुरू किया गया। इसी बीच दस्त से परेशान मरीज अस्पताल के बाथरुम में जाती है, जहां नल से एक बूंद पानी नहीं मिल पाया। बाद में परिजनों द्वारा बन्द बोतल में बाहर से पानी लाकर दिया गया। इसकी शिकायत परिजन मनोज कुमार ने चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी से किया। शिकायत पाकर चिकित्सक द्वारा दोटूक जवाब दिया गया कि हमारी जिम्मेदारी सिर्फ इलाज करने की है। यदि दिक्कत है तो हम मरीजों को नवादा रेफर कर देते हैं। बाथरूम में पानी नहीं है और अस्पताल गंदा है, इसके लिए अस्पताल के प्रभारी डीएस जिम्मेदार हैं। परिजनों ने जब प्रभारी डीएस को कॉल किया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। अब ऐसी स्थिति में मरीजों और परिजनों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। बताते चलें कि इन परेशानियों के बावजूद सभी मरीजों का इलाज अस्पताल में जारी है। साथ ही दावा किया जाता है कि यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन सुविधाएं बढ़ने के जगह पर कम होती दिखाई दे रही है। अस्पताल की दुर्दशा को देखकर भी रोगी कल्याण समिति का मौन रहना अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की गवाही दे रहा है।

### बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रखंड अकबरपुर एवं गोविंदपुर शिविर का किया गया निरीक्षण

**नवादा (नि.सं.)**। जिला बन्दोवस्त पदाधिकारी श्री मनोज कुमार द्वारा अकबरपुर प्रखंड एवं गोविंदपुर प्रखंड शिविर कार्यालय का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में उन्होंने शिविर में पहुंचे रैयतों को प्रपत्र-02 एवं प्रपत्र 03 (1) भर कर जमा करने के संबंध में विस्तृत रूप से बताया। जिला बन्दोवस्त पदाधिकारी ने बताया कि एक राजस्व ग्राम में एक रैयत द्वारा एक ही प्रपत्र-02 एवं प्रपत्र 03 (1) भरा जायेगा। प्रपत्र-02 हमेशा जीवित रैयत के नाम से भरा जायेगा। खतियानी रैयत/जमाबंदीदार/केवाला धारक रैयत जीवित है तो प्रपत्र-02 इनके ही नाम से भरा जायेगा। इनके साथ प्रपत्र-03 (1) नहीं भरा जायेगा। खतियानी रैयत/जमाबंदीदार मृत है तो इनके बाद वारिशानों के नाम प्रपत्र-02 भरा जायेगा तथा इसके साथ प्रपत्र-03 (1) को भरा जायेगा। प्रपत्र-03 (1) वंशावली स्वयं हस्ताक्षर कर देना है। इसके लिए स्थानीय सरपंच अथवा किसी न्यायालय से इसे बनाने की आवश्यकता नहीं हैं। यदि एक रैयत द्वारा एक ही राजस्व ग्राम में एक से अधिक खाता खेसरा की जमीन जोत आवाद की जाती है तो उस रैयत द्वारा प्रपत्र-02 भरते समय प्रिंटेड फार्म भरने के बाद दूसरा फार्म, तीसरा फार्म जोड़ कर भरा जायेगा, जिसे एक ही फार्म जाना जायेगा। यदि खतियान/ केवाला उपलब्ध नहीं हो तो इसके लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उपरोक्त लगान रसीद को भी प्रपत्र-02 एवं प्रपत्र-03 (1) जमा किया जा सकता है। बाद में अमीन के स्थल निरीक्षण के समय उन्हें उपलब्ध कराया जायेगा। सरकार के निदेशानुसार प्रपत्र- प्रपत्र-03 (1) वंशावली बनाते समय मृत रैयत के सभी वारिशान का नाम निश्चित रूप से अंकित किया जाय। जो रैयत ऑनलाईन फार्म प्रपत्र-02 एवं प्रपत्र-03 (1) भर दिये हैं, उन्हें ऑफ लाईन फार्म नहीं भरना है एवं इसके लिए शिविर कार्यालय आकर ऑनलाईन किये गए फार्म की दूसरी प्रति जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

### पितृपक्ष शुरू,पितरों को जल अर्पण करने से घर में सुख शांति का होता है वास

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)**। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने का गुरुवार से मुहूर्त शुरू हो चुका है जो पूरे महिने पितरों को जल दिया जाएगा। इसमें हिंदू परिवार के लोग नदी नहर एवं जलाशयों में स्नान कर अपने पितरों के नाम से जल देते हैं और उन्हें पिंड दान एवं तर्पण भी करने के लिए गया आदि जगहों पर जाते हैं। ऐसी मान्यता रही है कि इस पक्ष में जल देने और पिंडदान करने से पीतर प्रसन्न होते हैं और घर में सुख शांति का वास होता है।

**सुशासन राज में जल रहे गरीबों के आशियाने : झोपड़ियों में असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को दिया गया अंजाम**

# दबंगों ने बरपाया कहर, अगलगी की घटना में दो दर्जन घर जल कर स्वाहा

- » चिन्हित किये गए 15 लोगों को लिया गया हिरासत में
- » प्रशासन ने की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील
- » किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

निज संवाददाता | नवादा

मसला यह नहीं की मेरा दर्द कितना है, सवाल यह है की तुझे परवाह कितनी है? शायद यही कह रही है कृष्णा नगर में बसे महादलित बस्ती की महिलाएं और बच्चे। सरकारें किसी की हो जब किसी गरीब का घर उजड़ता है तो उस बेबस लाचार परिवार के बूढ़े, बच्चों की विवशतायें मानवीय संवेदना को झकझोर देती हैं। ऐसी ही घटना सदर प्रखंड अंतर्गत मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के देदौर गांव के महादलित बस्ती में हुई जहां खुरही नदी के किनारे बसे सैकड़ो घरों की बसावट में करीब दो दर्जन से अधिक झोपडीयां जल कर स्वाहा हो गयी। हालांकि जिला प्रशासन के द्वारा 21 घर पूरी तरह जल कर राख एवं करीब 13 घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की बात कही जा रही है।

घटना की जानकारी देते हुए जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के द्वारा बताया गया कि बुधवार को लगभग सात बजे संध्या में सूचना प्राप्त हुई कि नवादा सदर प्रखंड के मुफस्सिल थानान्तर्गत देदौर गांव के कृष्णा नगर नदी पर स्थित बस्ती के झोपड़ियों में असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। निर्देश पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष, पुलिस टीम, नवादा सदर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा त्वरित रूप से आवश्यक कार्रवाई की गई। अग्निशमन दस्ता दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया गया। घटना स्थल पर कोई व्यक्ति एवं मवेशी जख्मी नहीं पाया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भी घटना स्थल का जायजा लिया गया एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। घटना स्थल पर उपस्थित प्रभावित परिवार व्यास मुनी ने बताया कि उक्त स्थल से संबंधित जमीन पर वर्तमान में टाईटल सूट संख्या 22/1995 व्यवहार न्यायालय, नवादा में चल रहा है। व्यास मुनी से घटित घटना के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि नन्दू पासवान, पिता- स्व. सौखी पासवान, पन्नु पासवान, पिता-स्व. सौखी पासवान, शिवू पासवान, पिता- स्व. जगदीश पासवान, श्रवण पासवान, पिता-सुमेश्वर पासवान एवं अन्य ग्राम-प्राण बिगहा, थाना-मुफस्सिल, जिला-नवादा तथा यमुना चौहान, सोमर चौहान, नूनू प्रसाद, पिता-स्व. खिरू चौहान तथा आशीष यादव, पिता-देवन यादव सभी ग्राम-लोहानी बिगहा, मुफस्सिल थाना, नवादा एवं दशरथ चौहान, ब्रदी चौहान, रामशरण चौहान, मिथलेश चौहान एवं यदुनंदन चौहान, सभी के पिता- स्व. चौठी चौहान, साकिन, रघुनाथपुर, थाना-रहुई, जिला-नालन्दा एवं अन्य के द्वारा आज की आगजनी एवं फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है।

उक्त घटना के संदर्भ में मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या- 372/24, दिनांक 19.09.2024, धारा- 191(2)/191(3)/190(1)/109(1)/352/351(2)(3)/ 326(G)/ 303(2) /111(3)/61(2)(a) BNS-2023, 27 Arms Act एवं 3(1)(f)(g)(r)(s)(W)/3(2)(v-a)/3 (2)(v) SC/ST ACT के तहत 28 नामजद एवं अन्य के विरूद्ध काण्ड दर्ज किया गया है। साथ ही उपद्रवी तत्वों के गिरफ्तारी हेतु SIT टीम का गठन किया गया, जिसके द्वारा विभिन्न स्थलों पर छापामारी कर मुख्य अभियुक्त नन्दू पासवान सहित कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के क्रम में दोषियों के पास से 3 देशी कट्टा, 3 मिस्ट फायर राउण्ड, 2 खोखा, एक पिलेट एवं 6 मोटर साईकिल बरामद किया गया है। अन्य दोषियों के गिरफ्तारी हेतु छापामारी एवं विधि सम्मत् कार्रवाई की जा रही है। SIT टीम एवं संलग्न पदाधिकारी को सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

इसके साथ ही घटना स्थल पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति पालीबार की गयी है एवं सघन गश्ती की जा रही है तथा वरीय स्तर से निगरानी भी रखी जा रही है। पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल भोजनादि की व्यवस्था की गयी है। राहत सामग्री उपलब्ध करायी गयी है एवं अन्य व्यवस्था की जा रही है। अद्यतन सर्वेक्षण के मुताबिक आगजनी में 21 झोपड़ी पूर्णतः जले हैं एवं 13 झोपड़ी अंशतः क्षतिग्रस्त हुए हैं। वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रित है। अग्रेतर विधिक कार्रवाई तत्परता पूर्वक संपन्न की जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा आमजनों से अपील किया गया है कि कृपया शांति व्यवस्था बनाए रखें एवं जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिला प्रशासन, नवादा ऐसे घटना को अंजाम देने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई हेतु दृढ़ संकल्पित है।

हालांकि जिला प्रशासन ने घटना में किसी के हताहत होने की बात नहीं कही हैं, घटना में जले पशुओं के जले शरीर के अवशेष दबंगो के दबंगई की कहानी कह रही है। घटना के बाद विपक्ष सरकार को विधि व्यवस्था पर घेर रही है वही प्रशासनिक चूक का नतीजा भी बता रही हैं। घटना के बात विभिन्न राजनैतिक दलों के विधायक एवं कार्यकर्ताओं का पहुंचना जारी है। घटना स्थल पर विधायक विभा देवी ने कहा की यह महादलित बस्ती को पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव ने बसाया था। जिसे आज जला दिया गया है। उन्होंने प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं राहत सामग्री दिलाने की मांग की है। घटना स्थल पर राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव एवं राज्य सचिव श्रवण कुशवाहा ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिया।



### प्रशासनिक उदासीनता से भड़का जमीनी विवाद

घटना की तह तक पहुंचने पर यह स्पष्ट होता है कि यदि प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया होता, तो शायद इस हिंसक घटना को टाला जा सकता था। घटना का मुख्य कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है, जिसमें गिरफ्तार आरोपी नंदू पासवान जमीन पर अपना दावा कर रहा है, जबकि पीड़ित परिवार लंबे समय से उस जमीन पर अपना बसेरा बनाए हुए है। मामला न्यायालय में लंबित था और दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ था। ऐसे में प्रशासन को चाहिए था कि या तो कब्जाधारी को वासागीत का पर्चा दिलाती या फिर जांच कर वास्तविक रैयत की पहचान कर उसे कब्जा दिलाती। लेकिन प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के कारण जमीनी विवाद की समस्या बढ़ती चली गई और परिणामस्वरूप यह हिंसक घटना घटित हो गई। प्रशासन की इस तरह की लापरवाही भविष्य में भी ऐसे विवादों को जन्म दे सकती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रशासनिक स्तर पर सख्त और त्वरित कार्रवाई की जाए।



### घटना पर मंत्री की कड़ी निंदा, राजनीतिकरण पर जताई नाराज़गी

बिहार के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जनक राम ने नवादा जिले की दलित बस्ती में हुई आगजनी की घटना को दुखद बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला है और इस प्रकार का अमानवीय कृत्य समाज की नैतिकता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। मंत्री जनक राम ने कहा कि इस घटना ने संविधान द्वारा सभी नागरिकों को दिए गए समानता, सम्मान और सुरक्षा के अधिकारों को भी ठेस पहुंचाई है। जनक राम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है और तुरंत एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाकर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच की जाए। मुख्यमंत्री की त्वरित कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने दोषियों की पहचान कर कई गिरफ्तारियां की हैं। उन्होंने कहा कि इस घृणित अपराध में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के अनुसार सख्त सजा दी जाएगी।

## प्रखंड मुख्यालय में होगी पंच व सरपंच संघ की धरना




निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

पंच सरपंच संघ प्रखंड इकाई की बैठक गुरुवार को पेंशनर भवन नारदीगंज में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रवेश रविदास ने किया। उन्होंने कहा एक अक्टूबर 2024 को अपनी ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर नारदीगंज प्रखंड इकाई के पंच सरपंच संघ प्रखंड मुख्यालय में धरना देगी। उन्होंने कहा अपनी ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में धरना देने का निर्णय लिया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि कुमार की मौजूदगी में हुआ। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सह सरपंच नागेन्द्र कुमार सिन्हा, सरपंच डिम्पू शर्मा, रेखा देवी, सुभा देवी समेत अन्य रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 110 मरीजों हुए लाभान्वित, दवाइयों का भी किया गया वितरण

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदिया के सुदूरवर्ती बाल मित्र ग्राम परतौनिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजौली एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के द्वारा समर्थित चाइल्ड लेबर फ्री माइका के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुदूरवर्ती बाल मित्र ग्राम परतौनिया एवं पिपरा के लोगों और बच्चों ने लाभ उठाया। इस शिविर में आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जहांगीर आलम के द्वारा टी० बी०, ब्लड प्रेशर, सर्दी-खाशी, बुखार, सुगर, मोतियाबिंद एवं जोड़ों का दर्द से संबंधित मरीजों की बीमारियों का निःशुल्क जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध करायी एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को आवश्यकता अनुसार सदर अस्पताल में इलाज करने की सलाह भी दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अमित कुमार ने शिविर में शामिल लोगों को बीमारियों से बचने के लिए साफ-सफ़ाई एवं खान पान पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिचारी तूफ़ानी चौहान ने लोगों व बच्चों को मच्छर दानी का प्रयोग करने, नदियों एवं तालाब में नहाने से परहेज़ करने एवं पानी को उबालकर कर पीने की सलाह दिया एवं कहा कि इन बिंदुओं पर ध्यान देने से हम बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं। वहीं एएनएम गीता कुमारी ने लोगों को नासिले पदार्थ के सेवन से परहेज करने के लिए भी प्रेरित किया गया एवं बच्चों व गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दिया। बाल मित्र ग्राम परतौनिया के निवासी प्रमोद भुइयां ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के नाते यहां के ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ बहुत ही मुश्किल से उठा पाते हैं। साथ ही इलाज़ का अभाव में जब बीमारी गंभीर रूप धारण कर लेती है तब लोग अस्पतालों का चक्कर लगाते हैं। इस स्वास्थ्य जांच शिविर से ग्रामीणों एवं बच्चों में बीमारियों से बचाव करने के प्रति जागरूकता आएगी। स्वास्थ्य शिविर में कुल 110 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह देते हुए दवाइयां उपलब्ध करायी गयी। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजौली के आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जहांगीर आलम, फार्मासिस्ट अमित कुमार, तूफानी चौहान, अरुण कुमार, गीता कुमारी एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन से महेश कुमार सिंह, रविशंकर कुमार राय नीतीश कुमार एवं सुजीत कुमार की महत्वपूर्ण भूमि का रही।

## मंडल कारा में डीएम-एसपी ने की छापामारी

निज संवाददाता | नवादा



जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के कृष्णा नगर महादलित टोला में हुई आगजनी की घटना के तत्काल बाद मंडल कारा में डीएम- एसपी ने छापामारी की। जिसके बाद कैदियों में हड़कंप मच गया। डीएम आशुतोष वर्मा और एसपी अभिनव धीमान ने कैदियों के वार्ड को अच्छे से खंगाला और तलाशी ली। छापेमारी के दौरान सभी वार्डों की सघन तलाशी ली गई। हालांकि, इस अभियान के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया। जेल की सुरक्षा को लेकर जेल प्रशासन को अधिकारियों ने कई दिशा-निर्देश दिया। मंडल कारा में अवैध सामानों की आपूर्ति, मोबाइल फोन, नशीले पदार्थों की आपूर्ति रोकने को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा ने हिदायत दी कि जेल में नियमित छापेमारी की जाए और कैदियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए। छापेमारी टीम में डीएम आशुतोष वर्मा, एसपी अभिनव धीमान के अलावा एसडीओ अखिलेश कुमार, जेल अधीक्षक अजीत कुमार के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

## 24 घंटे के अंदर 47 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

निज संवाददाता | नवादा

पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमन पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 18 सितम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 01, साईबर क्राईम में 02, आर्म्स एक्ट में 01, मद्य निषेध में 19 एवं अन्य गिरफ्तारी 24 कुल 47 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 275 लीटर महुआ शराब एवं 0.85 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 52 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 462 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 01 लाख 24 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत राईफल 01, जिन्दा कारतूस 15, मोटरसाईकिल 06, मोबाईल 01, सिम 02, कस्टमर डाटा सीट 23, पोल प्लेट 03 एवं अपहता 01 बरामद किया गया। जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

## अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर दो पर प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम-कर्मा मे गुप्त सुचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा आनंद कुमार के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। जेई सूर्यपुरा द्वारा बताया गया की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कर्मा निवासी रामदीप सिंह पर 25735 तथा सुजीत कुमार पर 21448 रूपये दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके तथा बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी से आग्रह किया गया है की जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान बिजली चोरी पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

### सड़क मरम्मती का काम हुआ शुरू

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)**। कुछ दिनों पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से नगर पंचायत काराकाट के गोरारी अस्पताल एवं प्रखंड, थाना होते हुए जाने वाले संपर्क पथ के बदतर स्थिति का खबर चलाया गया था, जिसका द्रष्टव्य समाज सेवी कुंदन पासवान ने सड़क के गड्ढे में प्रवेश कर कराया था, आज उस पर आंशिक रूप से कार्य होता नजर आ रहा है। मालूम हो कि नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी मे हास्पीटल से होतै हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय जो नाद,बाद, गम्हरिया इत्यादि जगहो का रास्ता खराब हो गया था।

## दुर्जन सिंह व लक्ष्मी प्रियदर्शी के बीच शानदार हुआ बिरहा मुकाबला

निज संवाददाता | करगहर (रोहतास)

प्रखंड मुख्यालय के समीप विश्वकर्मा पूजा महोत्सव के तत्वावधान में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन लोहार संघ के जिलाध्यक्ष जे एन वैद्य ने फीता काट कर किया। अध्यक्षता हरिनारायण शर्मा व मंच का संचालन प्रखर उद्घोषक दीपक रंजन वर्मा (दीपू) ने किया। मौके पर उपस्थित सभी आगंतुक अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र व पुष्प हार से किया गया। वहीं उद्घाटन करते हुए लोहार संघ के जिलाध्यक्ष जे एन वैद्य ने कहा कि विश्व के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा ही जगत के निमार्ण कर्ता है। उनके द्वारा विश्व के बनाये हुए सभी उपकरण से जगत का संचालन होता है। पौराणिक समय में सोने की लंका से लेकर भगवान शिव के त्रिशूल तक का निर्माण शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा ने किया। वहीं पूर्व भाकपा प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कहा कि जगत के निर्माण कर्ता विश्वकर्मा भगवान हम सभी के अराध्य देव हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिरहा का शानदार प्रदर्शन दुर्जन सिंह व लक्ष्मी प्रियदर्शी के बीच हुआ। जहां उत्तर प्रदेश से चलकर आये बिरहा गायक दुर्जन सिंह ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चंद्र जी के कार्यों का बखान किया। वहीं बक्सर बिहार की धरती से लक्ष्मी प्रियदर्शी ने मां सरस्वती वंदना व शिल्पकार विश्वकर्मा भगवान पर शानदार प्रस्तुती दी। जहां हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम का लुत्फ उठायें। मौके पर करगहर थानाध्यक्ष विजय कुमार, मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह बकसडा पंचायत मुखिया गुलबासो पांडेय, सेन्दुआर मुखिया अशोक सिंह यादव, धौडाड़ मुखिया जयशंकर शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि लालबाबू कुमार, समाजसेवी राकेश मिश्रा, प्रखर वक्ता धन्नंजय पांडेय उर्फ टाईगर बाबा, सत्यम पटेल, बच्चा सिंह यादव, मोहन पहलवान, जगनारायण गुप्ता उर्फ कन्नी साह, फेकू सेठ, रजनीकांत पांडेय, कृष्णा शर्मा, अरविंद शर्मा, सुनिल गुप्ता, अभय पटेल, बिनोद शर्मा, मनोज ट्रांसपोर्ट, मंटू गुप्ता, महेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, केदार शर्मा, धर्मजीत शर्मा, भोला शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## मां शिला वाटिका में धुमधाम से मना भगवान विश्वकर्मा की पुजा

निज संवाददाता | अकोढीगोला (रोहतास)

प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को हस्तशिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की गई। वही प्रत्येक साल की भांति इस साल भी मां शिला होटल एवं वेन्क्यूट हॉल के प्रांगण व निरंजन इंटरप्राइजेज के तत्वावधान में धूमधाम से भगवान कि विश्वकर्मा पूजा की गई। जहां लोक जनशक्ति पार्टी (रा) प्रदेश महासचिव सह बक्सर प्रभारी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह व पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह ने पूजा कर अपने प्रतिष्ठान की मंगल की कामना किया। पूजा के बाद प्रसाद वितरण व भोज का आयोजन किया गया। वही सोनू सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र से स्वागत किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### जिले में आज से चलेगा कुष्ठ खोजी अभियान

**आरा**। जिले में आज से कुष्ठ खोजी अभियान की शुरुआत की जाएगी। यह कुष्ठ खोजी अभियान पखवाड़ा गुरुवार 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसके लिए सदर अस्पताल कैंपस के जीएनएम भवन सभागार में कुष्ठ खोजी अभियान का प्रशिक्षण, बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण की अध्यक्षता एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा ने की। शिविर में आईसीडीएस विभाग, आरा शहर के सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ सिन्हा ने कहा कि कुष्ठ रोग एक जटिल बीमारी है। इस बीमारी में चमड़े में सुन्नता के साथ-साथ बाद में विकलांगता बना देता है जो बहुत ही कष्टदायक होता है।आंगनवाड़ी सेविकाओं की समस्याओं का भी निदान होना चाहिए। इनके पहले का बकाया मानदेय पर भी विचार विमर्श हुआ है जल्द ही इनकी इस समस्या का निदान भी किया जाएगा।

### मुख्य सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा

**आरा**। राज्य के मुख्य सचिव ने विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भवन निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पर्यटन विभाग और योजना व विकास विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी।

### पीएम आवास योजना के 3478 लाभुकों को दी गयी चाभी

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने समाहरणालय, आरा में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी व श्रमदान का आयोजन कर किया गया। प्रभात फेरी में जिले के सरकारी, निजी विद्यालय, एनएसएस, एनसीसी व गंगा ग्राम के 1000 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत भोजपुर जिले कुल 3478 लाभुकों का गृह प्रवेश और 1131 लाभुकों को सांकेतिक तौर से आवास की चाभी दी गयी। साथ ही इस वर्ष मिशन 100 के तहत कुल 6927 लाभुकों को आवास दिया जाएगा। इसमें से सांकेतिक तौर पर कुल 2504 लाभुकों को स्वीकृत्यादेश का वितरण और प्रधानमंत्री के द्वारा कुल 2504 लाभुकों को प्रथम किश्त की राशि बीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। मनरेगा के माध्यम से पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की शुरूआत की। यह अभियान इस बात का संदेश देता है कि हमारा जीवन प्रकृति की गोद में संरक्षित, संपोषित व विकसित हो सकता है।

### बिना निबंधन के शुरू की गयी भू-खंड परियोजनाओं के खिलाफ होगी कार्रवाई

**आरा**। बिना निबंधन कराए शुरू की गयी विभिन्न आवासीय व व्यवसायिक भू-खंड परियोजनाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समाहरणालय कक्ष, आरा में मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न परियोजनाओं में एनओसी के लंबित मामले व आरईआरए बिहार से बिना निबंधन कराये शुरू की गयी विभिन्न आवासीय व व्यवसायिक भूखंड परियोजनाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की गयी। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया कि उनके अंचल क्षेत्र में निर्माणाधीन विभिन्न आवासीय व व्यवसायिक भूखंड परियोजना का आंकलन कर रिकॉर्ड तैयार करें और वैसे आवासीय व व्यवसायिक भूखंड परियोजना जिनका निर्माण बिना आरईआरए की अनुमति के कराया जा रहा है उस पर आवश्यक कार्रवाई करें। सभी भूमिसुधार उप समाहर्ता व अनुमंडल पदाधिकारी को भी इसका सत्तत अनुश्रवण करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों में लंबित एनओसी को संबंधित पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अविलंब निर्गत करें। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को एनओसी प्राप्ति के बाद अविलंब कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### बक्सर में करंट की चपेट में आया मजदूर, मौत, खेत में टूट कर गिरे बिजली के तार से हुआ टच



**बक्सर**। बक्सर के अकबरपुर में धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक मजदूर कि मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा उसे खेत से उठा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि वह खेतों की तरफ घूमने गया था। तभी सिंचाई के लिए दौड़ाए गए बिजली का तार टूटकर घास में गिरा हुआ था। इसके ऊपर किसान का पैर आ गया। इसकी चपेट में आने से मजदूर मौके पर ही छटपटा कर बेहोश हो गया। उसके बाद उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना राजपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव की है। बुधवार की शाम स्थानीय निवासी हंसराज चौहान(45) पिछले 3 सालों से गांव के ही एक किसान के यहां रहकर मजदूरी का काम करते थे। आज शाम भी खेत की तरफ किसी काम को लेकर गए हुए थे। तभी खेत की सिंचाई करने के लिए बिछाया बिजली का तार किसी कारणवश टूट कर जमीन पर गिर पड़ा था। खेत पर पहुंचने के साथ ही इनका पैर धारा प्रवाहित तार में फंस गया। इससे अचानक वहीं बेहोश होकर गिर पड़े। कुछ देर बाद जब वापस नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन की जाने लगी। जब किसानों ने देखा कि यह बेहोश होकर गिर पड़े हैं, तो बिजली विभाग के कर्मियों के सहयोग से बिजली सप्लाई बंद कर इन्हें बाहर निकल गया। जिन्हें डॉक्टर जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों में भी कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि घर में यही कमाऊ व्यक्ति थे। जिनके कंधों पर परिवार का पूरा बोझ था। उनके चले जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, पीड़ित परिवार के लिए ग्रामीणों द्वारा मुआवजे की मांग की जा रही है। इस संबंध में राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि सूचना पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियमित टीकाकरण शुरू

**गड़हनी**। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को प्रखण्ड के बगवां व लालगंज हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियमित टीकाकरण की शुरुआत की गई। टीकाकरण का उद्घाटन गड़हनी पीएचसी प्रभारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर , स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार व चिकित्सक विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया। ये टीकाकरण सप्ताह के सोमवार, मंगलवार व गुरुवार को किया जाएगा। जिसमे हेपेटाइटिस बी,ओ पी वी, पेंटावैलेंट,रोटावायर स सहित कई संक्रमण के टीका शामिल है। ये टीकाकरण बच्चे व गर्भवती महिला को दिया जाता है। पहले सिर्फ पीएचसी में ये टीकाकरण किया जाता है। प्रखण्ड में 6 हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर है जिसमे अभी दो पर शुरुआत की गई है। आगे जैसा स्वास्थ्य विभाग का निर्देश आएगा किया जाएगा। इस मौके पर बीएचएम, सीएचओ, एमओ, एएनएम, आशा सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# भोजपुर के 4 प्रखंडों में बाढ़ का कहर जारी

निज संवाददाता। आरा





**सैकड़ों एकड़ में लगी सब्जियों की फसल बर्बाद, 150 स्कूल बंद, बिजली आपूर्ति ठप**

भोजपुर जिले में गंगा और सोन नदी इस वक्त उफान पर है। गंगा के विकराल रूप ने नदी से सटे जिले के शाहपुर, कोईलवर, बड़हरा और आरा प्रखंड अधिकांश गांवों को प्रभावित कर दिया है। कई गांव जलमग्न हो गए है। सैकड़ों एकड़ में लगी मक्का, टमाटर, मिर्च और नेनुआ की फसल बर्बाद हो गई। क्षेत्र के करीब 150 स्कूल बंद कर दिए गए हैं। वहीं, सुरक्षा के लिए 40 से अधिक गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।

**कई गांव में घुसा बाढ़ का पानी**: गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की वजह से कई गांव में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। बिस्तर, बर्तन, चूल्हा-चक्की लेकर ग्रामीण छत पर ही गुजारा कर रहे हैं। जबकि सोन सोन तटीय इलाके बड़हरा प्रखंड के पुराना बिंदगांवा, बिशुनपुर, फुन्हा समेत कोईलवर प्रखंड का नया बिंदगांवा, सेमरा समेत अन्य इलाके जलमग्न हैं। बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव समेत दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। पानी में दस कदम चलने के बाद सड़क दिखना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण नाव की मदद से जान जोखिम में डालकर गांव से सड़क की ओर पहुंच रहे हैं। नाव की मदद से जानवरों को भी गांव से बाहर लाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी रातों रात काफी बढ़ गया है। बहुत मुश्किल हो रही है। नाव की मदद से ही सारा काम हो रहा है।

**किसानों को फसलों का हुआ नुकसान**: एक वृद्ध महिला ने बताया कि वो अयोध्या घूमने गई थी। तभी गांव में बाढ़ आ गया। तो घर वालों ने फोन पर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद महिला घर के लिए पहुंची है। अब घर जाकर देखना होगा बाल बच्चे किस हालत में है। किसानों का कहना है कि अभी ही खेतों में मक्का, टमाटर, मिर्च,नेनुआ समेत अन्य सब्जियां बोया (रोपा) था। लेकिन, अब लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। चारों तरफ बाढ़ का पानी फैला हुआ है।

**कई सौ एकड़ में लगी फसल बर्बाद**: बाढ़ की वजह से कई सौ एकड़ में लगी फसल भी डूब कर बर्बाद हो गई है। सबसे ज्यादा समस्या पशुओं को हो रही है। पशु चारण डूबने से मवेशियों की जान पर आफत आ गई है। इस क्षेत्र में एसडीआरएफ की ओर से एक नाव रखा गया है। जो मुश्किल वक्त में ग्रामीणों की मदद करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। फिलहाल, ग्रामीणों के मुताबिक जिला प्रशासन ने अब-तक कोई जरूरत मंद सामग्रियों का वितरण नहीं किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ के कारण आरा सदर अंचल, बड़हरा कोईलवर और शाहपुर में 150 विद्यालयों को बंद कर दिया गया है। सुरक्षा के लिए 40 से अधिक गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। पिछले 4 दिनों से लगातार गंगा व सोन नदी का जलस्तर में बढ़ोतरी होने की वजह से लोग ऊंचे स्थान पर ठिकाना बनाए हुए हैं। जिले के बड़हरा प्रखंड के महुली गंगा नदी के पास बसे दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिसके कारण गांव का संपर्क शहर से टूट गया है। पिछले 8 साल के बाद भयंकर बाढ़ की परेशानी को लोग झेल रहे हैं।

**श्मशान घाट भी पानी में डूबे**: श्मशान घाट भी पानी में डूब चुके है। बीते 16 सितंबर को हमारी टीम ने बाढ़ की ग्राउंड रिपोर्ट जारी की थी। आज भी हमारी टीम जिले के कई हिस्सों में बाढ़ का वास्तविक रूप का जायजा लेने निकली। इस दौरान शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के जवइनिया गांव की स्थिति बहुत भयावह हो गई है। गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए राहत शिविर में भी पानी घुस गया है। हालांकि, जिला प्रशासन की टीम मुस्तैद होकर ग्रामीणों की मदद कर रही है। डीएनए शाहपुर के सीईओ व जगदीशपुर के एसडीएम को बाढ़ प्रभावित लोगों को जल्द राहत शिविर में पहुंचाने व सुविधा देने का निर्देश दिया है।

## बाढ़ के पानी में डूबने से किशोर की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर (चित्रसेनपुर) गांव में बुधवार को बाढ़ के पानी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत किशोर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर (चित्रसेनपुर) गांव निवासी मो.इस्तेयाक का 16 वर्षीय बेटा मो.अफरीदी है। मृत किशोर के परिजन ने बताया कि दो दिनों से बाढ़ का पानी उनके गांव सहित सभी इलाकों में आ गया है। वह अपने घर से निकलकर गांव में बाढ़ का पानी देखने गया था। जहां उसका पैर फिसल गया और वह पानी में गिरकर डूब गया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों के प्रयास के बाद उसके शव को पानी से बाहर निकाल गया। परिजन ने घटना की सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, इलाज के लिए लाया जा रहा था आरा सदर अस्पताल, रास्ते में तोड़ा दम

निज संवाददाता। आरा



बक्सर में गुरुवार को निजी स्कूल वाहन ने शौच करने जा रहे कारपेंटर को जोरदार टक्कर मार दी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। घटना बजे थाना क्षेत्र के अकोरही गांव स्थित मेन रोड की है।

जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर के बगेन गोला थाना क्षेत्र के अकोरही गांव निवासी स्व.सीता शर्मा का बेटा ललन शर्मा(59) है। वह पेशे कारपेंटर थे। इधर, मृतक के परिजन ने बताया कि शौच करने के लिए मेन रोड पार कर बधार की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रही निजी स्कूल वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए रघुनाथपुर पीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद यहां से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप का इकलौते चिराग था। उनके परिवार में पत्नी धर्मशिला देवी, 4 बेटी पूजा देवी, मंजू देवी, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी और 2 बेटा रवि शर्मा और पवन शर्मा है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी धर्मशाला दिन परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आरा मंडल कारा में छापेमारी, डीएम–एसपी के नेतृत्व में पड़ा छापा, अपराधियों पर की जाएगी मॉनिटरिंग

निज संवाददाता। आरा



आरा मंडल कारा में गुरुवार की सुबह पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने औचक छापेमारी की। तकरीबन 2 से ढाई घंटे तक चले छापेमारी के दौरान पुलिस प्रशासन की टीम ने जेल के सभी वार्ड, सेल, रसोईघर, अस्पताल सहित सभी वार्डों की तलाशी ली। इसके अलावा जेल वार्ड के बाहरी परिसर में भी अभियान चलाया गया। इस दौरान आरा मंडलकारा में भी डीएम और एसपी के नेतृत्व में छापेमारी की गई। हालांकि, जेल में छापेमारी के दौरान किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामान बरामदगी की अभी तक सूचना नहीं है। आरा जेल में छापेमारी हुई। इस कार्रवाई में भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया, एसपी मिस्टर राज, एएसपी परिचय कुमार, एसडीएम, नगर और नवादा थाना अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे। डीएम तनय सुल्तानिया ने बताया कि बिहार सरकार और गृह विभाग के दिशा-निर्देश के अनुसार आज हमारी टीम मॉडल कारा में संयुक्त निरीक्षण किया है। वार्ड, किचन, मेडिकल केयर यूनिट समेत अन्य जगह पर गहन से निरीक्षण किया गया और छापेमारी की गई। जो भी बाहर आपराधिक घटना से जुड़े संलिप्ता की जांच की जा रही है। इधर, एसपी मिस्टर राज ने बताया कि आरा मंडल कारा में छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने सभी वार्ड की गहनतापूर्वक नियमानुसार जांच की गई। जांच को लेकर बताया कि जेल के अंदर किसी भी प्रकार की होने वाली आपराधिक घटनाओं के लिए साजिश और अन्य किसी अवैध गतिविधि को चेक किया गया। फिलहाल, किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है। जैसे छोटे अपराधियों की एक लिस्ट बनाकर उस पर कड़ी निगरानी रखकर मॉनिटरिंग की जा रही है।

## बक्सर सेंट्रल जेल में औचक छापेमारी से हड़कंप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर गृह विभाग के निर्देश पर जिले के केंद्रीय कारा में डीएम-एसपी के नेतृत्व में औचक छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, एसडीपीओ, कारा अधीक्षक, कारा उपाधीक्षक, जेल पुलिस और तकरीबन आधा दर्जन थाना पुलिस मौजूद रहे। छापेमारी के दौरान जेल परिसर में सब कुछ ठीक ठाक रहा। कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है। लेकिन डीएम एसपी द्वारा हाई प्रोफाइल कैदियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया गया है।

**सवा घंटे तक चली छापेमारी**: छापेमारी के बाद डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि तकरीबन सवा घंटे तक चली छापेमारी किया गया।जिसमे जिले के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।हालंकि इस दौरान में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है। हालांकि कारा अधीक्षक को यह निर्देशित किया गया है कि कैदियों की बेहतर ढंग से निगरानी की जाती रहे।सजग और सतर्क रहे।

**बारीकी से निगरानी करते रहने का निर्देश**: एसपी शुभम आर्य ने बताया कि जेल में औचक छापेमारी पहले से किया जाता रहा है। आज भी छापेमारी किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य यह था कि जेल में बंद कैदियों खासकर हाई प्रोफाइल कैदियों की निगरानी की जाए। विभिन्न वार्डों और अंडा सेल की भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जेल परिषद से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है।

## बर्फबारी में गायब आईटीबीपी जवान 36 घंटे बाद सुरक्षित मिला

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के हेठुआ गांव के निवासी वीरेंद्र राम के पुत्र अनिल राम को भारत-चीन सीमा पर गश्त के दौरान बर्फबारी में लापता के 36 घंटे की खोज के बाद सुरक्षाबलों ने एक गुफा से सुरक्षित बरामद किया है। अनिल राम को उत्तराखंड के आर्मी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां पर इलाज किया जा रहा है। मिलने की जानकारी के बाद परिजन उतराखंड के लिए निकल चुके हैं। घटना से जुड़ी जानकारी के अनुसार चीन सीमा पर पिथौरागढ़ से मिलम तक गश्त करने के लिए आइटीबीपी के जवानों का एक दल पिछले बृहस्पतिवार को मुनस्यारी से रवाना हुआ था। अनिल के भाई और उप मुखिया गांधी कुमार ने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य लाभ के बाद वे घर लौटेंगे। बताया कि गश्त करने के लिए रवाना हुए दल में अनिल राम और पोर्टर देवेंद्र सिंह शामिल थे। दोनों जवान भारी बर्फबारी के कारण रास्ता भटक गए। जवान और पोर्टर ने बर्फबारी के बीच एक गुफा में रात बिताई। रेस्क्यू टीम ने उनकी खोज में लगातार प्रयास किया। तीसरे दिन उन्हें मुनस्यारी से 84 किलोमीटर दूर स्थित गुफा से निकाला लिया। एसडीएम श्रेष्ठ गुनसोला ने बताया कि दोनों जवान सुरक्षित हैं। जहां अनिल और देवेंद्र लापता हुए, वहां चार फुट बर्फ जमा थी। जिसकी वजह से उन्हें अपने साथियों से अलग होना पड़ा। रेस्क्यू टीम ने कठिन परिस्थितियों में अभियान चलाकर दोनों को खोज निकाला है। मौसम में खराबी के बावजूद, उनकी बहादुरी और टीम की मेहनत ने उन्हें सुरक्षित निकाला है। अनिल राम का उपचार जारी है और वे शीघ्र ही घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं।

## बाढ़ के बीच पितरों को तर्पण कराने पहुंच रहे लोग, पानी के बीच घाट पर पंडा ने बिछाया चौकी

निज संवाददाता। बक्सर



**♦ कहा- बेटे का पहला अधिकार**

गुरुवार से शुरू हुए पितृ पक्ष को लेकर बक्सर के प्रसिद्ध रामरेखा घाट पर बाढ़ के बावजूद लोग अपने पितरों को जल देने के लिए पहुंच रहे हैं। गंगा नदी उफान पर होने के बावजूद इस 15 दिन में होने वाले कमाई को लेकर पंडितों ने घाट पर पानी के बीच में ही चौकी लगा अपना आसन जमा लिया है। तर्पण करने घाट पर पहुंच रहे सैकडों लोगों का पंडित लाला बाबा के सानिध्य में विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोगों को उनके पूर्वजों का तर्पण कराया जा रहा है। हालांकि नदी में जलस्तर बढ़ने को लेकर कई परेशानियां हो रही है।

**बाढ़ के चलते लोगों को हो रही परेशानी**: बता दें कि गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में खतरे के निशान के करीब पहुंचा हुआ है। जिसको लेकर बक्सर के रामरेखा घाट पूरी तरह से डूब चुका है। प्रशासन द्वारा गंगा स्नान पर रोक लगाया गया है। जिसके कारण लोगों को तर्पण करने में परेशानी हो रही है। परेशानी के बावजूद रामरेखा घाट के पुजारी लालाबाबा द्वारा विधि विधान से तर्पण कराया जा रहा है। घाट पर दर्जनों की संख्या में पंडा घुटने भर पानी में आसान लगा बैठे हुए हैं। क्योंकि घाट के ऊपर आसन लगाने के लिए कोई जगह बच नहीं गया है। जहां से लोगों का तर्पण कराया जा सके। पंडित ने बताया कि अपने पूर्वजों का तर्पण करने के लिए लोग कुस, काला तिल, दूध, सफेद फूल आदि सामग्री लेकर पहुंच रहे है। बात दें कि आज से 15 दिन तक चलने वाले इस पितृ पक्ष में लोग बक्सर के रामरेखा घाट के अलावा विभिन्न गंगा घाटों पर पहुंचकर अपने पूर्वजों को तर्पण करने का काम कर रहे हैं।

**बेटा को तर्पण करने का पहला अधिकार**: घाट के पुजारी लाला बाबा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार पुत्र ही माता-पिता को पुं नामक नरक से मुक्ति दिलाता है। इसलिए उसे पुत्र कहते हैं। माता पिता के मृत्यु के बाद पुत्र ही पिंड दान, तर्पण, श्राद्ध आदि करता है। जिसके कारण मरने वाले व्यक्ति की आत्मा को मोक्ष प्राप्त होता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार श्राद्ध बेटे को ही करना चाहिए।

# नदी का कटाव जारी, बाढ़ पीड़ितों के लिए सामुदायिक किचन

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सबौर प्रखंड के मसाडू गांव में नदी का कटाव हो रहा है। इसे जिला प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए इलाके का जायजा लिया। युद्ध स्तर पर कटाव रोधी काम भी चलाया जा रहा था, लेकिन अचानक इंजीनियर काम छोड़ कर मौके से भाग गए। वहीं, डीएम ने इलाके का दौरा किया है। मध्य स्कूल मसाडू में चल रहे सामुदायिक किचन की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही उन्होंने निरीक्षण किया है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के इंजीनियरों को डीएम ने निर्देश दिया है कि युद्धस्तर पर कटाव रोधी काम किया जाए। डीएम नवल किशोर चौधरी ने बताया कि ममलाखा पंचायत के मध्य विद्यालय मसाडू में भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रभावित परिवारों को सुबह शाम भोजन कराया जा रहा है। बाढ़ पीड़ित अगर यहां आकर रहना चाहते हैं, तो वह यहां रह सकते हैं।

**बाढ़ पीड़ितों ने इंजीनियर को धमकाया:** बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि अगर मकान गिरा तो इंजीनियर को गंगा में उठाकर फेंक देंगे। ये इस वजह से कह रहे क्योंकि 20 दिन में लगभग 20 लाख कटावरोधी कार्य में लगाया गया। लेकिन, 20 इंच तक जमीन को नहीं बचा पाया। पिछले दिनों से जल संसाधन विभाग द्वारा कटावरोधी कार्य कराया जा रहा है। हालांकि, जिला अधिकारी नवल किशोर चौधरी भी इनका निरीक्षण के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन कटावरोधी कार्य यहां नाकाफी साबित हो रहे हैं।



**रोने लगे इंजीनियर:** गुरुवार को मसाडू गांव के ग्रामीण भड़क गए और जूनियर इंजीनियर आदित्य को भला बुरा कहने लगे। ग्रामीणों ने धमकियां तक दे दी और कहा कि अगर आज मकान गिरा तो इंजीनियर को गंगा में फेंक देंगे। इसके बाद डर के कारण इंजीनियर वहां से भाग निकले। फिलहाल कटाव रोधी कार्य नहीं हो रहा है। इंजीनियर भागते-भागते मसाडू चौक पर पहुंचे। रो-रो कर कह रहे हैं कि जब तक पुलिस प्रशासन नहीं आएंगे, तब तक हमलोग कटावरोधी कार्य नहीं करेंगे करवाएंगे। इंजीनियर ने फोन पर बातचीत के दौरान बताया कि किसी का सुनने का एक लिमिट होता है। हमलोगों के घर में भी बच्चे हैं। बिना पुलिस के हम काम करने नहीं जाएंगे।

**प्रभावित परिवारों की पहचान के लिए बनी समिति:** बाढ़ पीड़ित के लिए स्वास्थ्य शिविर और उनके मवेशी के लिए पशु चारा की भी व्यवस्था की जायेगी। प्रभावित परिवारों की पहचान के लिए एक समिति बनाई गई है। ताकि राहत का फायदा दिया जा सके। डीएम ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए जन संसाधन विभाग से तटबंध निर्माण के लिए अनुरोध किया गया है। मालूम हो कि पिछले कई दिनों से इलाके में नदी का भीषण कटाव हो रहा है। हालात ये है कि अब तक दो दर्जन से अधिक घर गंगा में समा चुका है। जबकि, गंगा के मुहाने पर अभी भी दर्जनों घर है। कभी भी किसी का भी घर गंगा में समाने का खतरा बना हुआ है।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (खेल शाखा)

Phone no-06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

**Very Short RFP**

| Sr.No. | Milestones | Date :- 19-09-20241 |
|---|---|---|
| 01 | Description of RFP | Supply/ Installations development of Open AirGym at different locations in palamu. |
| 02 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 20.09.2024 |
| 03 | Last date of receipt of technical & financial Proposals (Separately sealed Envelope) and time of receipt of Bid | 30.09.2024 by 12;30 PM |
| 04 | Opening of Technical Proposal and Presentation | 30.09.2024 by 3:00 PM |
| 05 | Opening of Financial Proposal of applicants who qualify pre-qualification (technical criteria) | 30.09.2024 by 3:00 PM |
| 06 | Earnest Money Deposit (EMD) (Demand Draft) | Rs. 2,00,000/- (Two Lakh Only) 2% of the Contract Value |
| 07 | Method of Selection | QCBS |
| 08 | Contact Details | District Sports office Collectorate Building, Palamu Jharkhand- |

**Note:-** The Specified dates and time may change due to declaration of holiday or other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal https://Palamu.nic.in

District Sports Office, Palamu

PR.NO.336168 District(24-25):D


## शिक्षिका ने पति पर दर्ज कराई एफआईआर

**भागलपुर।** एक सरकारी शिक्षिका ने मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में पति पर एफआईआर दर्ज कराई है। मिरजान हाट इलाके की रहने वाली पीड़िता ने मोजाहिदपुर थाना में केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि बीते 14 वर्ष पहले मेरी शादी हुई थी। कुछ दिन बाद ही पति के द्वारा प्रताड़ित करने का सिलसिला शुरू हो गया। बीते नवंबर माह में सरकारी शिक्षिका बनी हूं। उस दिन से प्रताड़ना ज्यादा बढ़ गई। बीते 12 सितंबर को पति ने मेरे साथ मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मोर्थ के पहले म्यूजियम के लिए सीओ नहीं दे रहे रिपोर्ट

**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु के समानांतर फोरलेन पुल के पास सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) का संग्रहालय बनाएगा। जमीन की मापी कराई जा रही है। अधिकारियों ने मापी कराने के साथ आरसीडी की जमीन पर कब्जा करने वालों को जमीन खाली करने को कहा है। कब्जा हटाने के बाद आरसीडी मोर्थ को जमीन स्थानांतरित करेगा। वहीं, दूसरी ओर जगदीशपुर के अंचलाधिकारी के लापरवाही के कारण सरकारी जमीन का स्थानांतरण नहीं हो पा रहा है। मोर्थ ने उनके लापरवाही को लेकर पत्र भी लिखा है। बिहार में मोर्थ का पहला संग्रहालय भागलपुर में बनना है। इसके लिए जमीन की नापी कराई जा रही है। मोर्थ सीओ जगदीशपुर से सरकारी जमीन की रिपोर्ट मांग रहा है। लेकिन गलत रिपोर्ट बनाने में एसडीएम सदर रिपोर्ट को वापस कर दे रहे हैं। जिससे म्यूजियम को लेकर देरी हो रही है। मोर्थ के सहायक कार्यपालक अभियंता सुधीर मौर्या ने एडीएम राजस्व को सीओ की लापरवाही को लेकर पत्र लिखा है। मोर्थ का कहना है कि रिपोर्ट गलत दी जा रही है। सीओ से अगर संपर्क किया जाता है तो वे फोन नहीं उठाते हैं। कार्यालय जाने पर मिलते नहीं है। बता दें कि म्यूजियम के लिए जमीन की नापी बरारी में चल रही है। म्यूजियम पुल घाट के पास बनना है।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**मुंगेर।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीताकुंड डीह नाथ टोला निवासी रीवन यादव और उसके पुत्र गोपाल यादव को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों पर आर्म्स एक्ट का केस दर्ज था। दोनों पिछले चार माह से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिली कि दोनों अपने घर आया है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## मिट्टी सप्लाई के विवाद में ईंट भट्ठा मुंशी की हत्या, एक लाख की सुपारी

**भागलपुर।** ईंट भट्ठा में काम करने वाले मुंशी हत्याकांड का खुलासा हो गया है। ईंट भट्ठा में मिट्टी सप्लाई करने को लेकर अंकित का हत्या के आरोपियों के बीच विवाद चल रहा था। इसी कारण से एक लाख की सुपारी देकर अपराधियों ने अंकित उर्फ जट्टो कुमार की हत्या करवा दी। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुपारी लेने वाले तीन आरोपी समेत अंकित के साथ काम करने वाले एक साथी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल किए गए खून लगा गड़ासा व खून लगा थैला बरामद किया है। बुधवार को सिटी एसपी के. रामदास व डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर चंद्रभूषण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि बीते 12 सितंबर की रात ईंट भट्ठा पर काम करने वाले एक मुंशी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। मामले में एसएसपी के निर्देश पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर ने मामले की जांच शुरू की। जिसमें कुल चार आरोपियों को पकड़ा गया। जिसमें सबौर के शंकरपुर के अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, मिथुन कुमार व भोला मंडल शामिल हैं। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। सबौर थानेदार विवेक जायसवाल के नेतृत्व में टीम सुपारी देने वाले मुख्य साजिशकर्ता की तलाश कर रही है। अन्य स्टाफ के मुकाबले ज्यादा भाव देता था मालिक अंकित को ईंट भट्टे का मालिक अन्य स्टाफ के मुकाबले ज्यादा भाव देता था। इससे अन्य स्टाफ नाराज थे। पकड़ा गया आरोपी भोला मंडल भी अंकित का जूनियर था, जिसे चिढ़ होती थी। विवाद का दूसरा कारण यह था कि अंकित भट्ठे में मिट्टी सप्लायर का भी काम करता था। उस भट्ठे पर काम करने वाले अन्य ड्राइवर व गार्ड भी मिट्टी सप्लाई का काम करते थे। अंकित व भोला समेत अन्य लोगों के बीच इसी दो कारण को लेकर विवाद होता था। तभी भोला ने किसी के कहने पर एक लाख की सुपारी देकर अंकित की हत्या करवा दी। 12 सितंबर की देर रात शंकरपुर के पास अंकित की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। हालांकि हमलावर मौके से अंकित का मोबाइल लेकर भाग गया था। पुलिस को उस मोबाइल की तलाश है।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची जिला–पलामू (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री रविन्द्र प्रसाद एवं हरेष्वर उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–419/24<br>2. आवेदक–अकरम अंसारी, पिता–स्व0 समसुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–पोखरी कला , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने तर्जनी अँगुली में तिल का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–420/24<br>2. आवेदक–रण विजय सिंह, पिता–मधेश्वरी सिंह<br>3. ग्राम–कुटमू, पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–421/24<br>2. आवेदक–परमेष्वर यादव, पिता–मथुरा यादव<br>3. ग्राम–केड़, पोस्ट– केड , थाना–छिपादोहर, प्रखण्ड– बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने पर कटे का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–422/24<br>2. आवेदक–अजित मिंज , पिता–अलेक्सिउस मिंज<br>3. ग्राम–धवाईटोली , पोस्ट–महुआडांड, थाना– महुआडांड, प्रखण्ड– महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–423/24<br>2. आवेदक–ललीता देवी , पति–बिगन यादव,<br>3. ग्राम–दौना , पोस्ट–दुरूप , थाना– महुआडांड , प्रखण्ड– महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–**2(ix)** |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–424/24<br>2. आवेदक–बिनोद यादव , पिता–बिगनी यादव,<br>3. ग्राम–दौना , पोस्ट– दुरूप , थाना– महुआडांड, प्रखण्ड– महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–425/24<br>2. आवेदक–तरशीला मिंज , पति–अनिल गिध,<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना– महुआडांड , प्रखण्ड– महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–**2(ix)** |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–426/24<br>2. आवेदक–संजय कुमार सिंह, पिता–झुलन प्रसाद सिंह ,<br>3. ग्राम–तापाखाश , पोस्ट–लातेहार , थाना– लातेहार, प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–212/24<br>2. आवेदक–तसलीम रजा , पिता–अली हुसैन,<br>3. ग्राम–इस्लामनगर , पोस्ट–लोहरदगा , थाना– लोहरदगा, प्रखण्ड– लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–203/24<br>2. आवेदक–हिमाचल मिश्रा, पिता–स्व0 राम नन्दन मिश्रा,<br>3. ग्राम–कटौंधा , पोस्ट–जपला , थाना–हुस्सैनबाद, प्रखण्ड– हुस्सैनबाद<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–204/24<br>2. आवेदक–इसरत जहाँ, पति–मो0 इकबाल अहमद ,<br>3. ग्राम–बेरू , पोस्ट–तेतराई , थाना–पाँकी , प्रखण्ड– पाँकी<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये कान के निचे जख्म का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–205/24<br>2. आवेदक–रमायण सिंह, पिता–परमेश्वर सिंह,<br>3. ग्राम–चिरंईया, पोस्ट–झरहा , थाना–जपला, प्रखण्ड– हुस्सैनबाद<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–206/24<br>2. आवेदक–उदय कुमार सिंह , पिता–स्व0 राम नगीना सिंह,<br>3. ग्राम–दूब, पोस्ट–दूब, थाना–पाँकी , प्रखण्ड– पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–207/24<br>2. आवेदक–बिरेन्द्र भुईया , पिता–दालो भुईया ,<br>3. ग्राम–दूब, पोस्ट–दूब, थाना–पाँकी , प्रखण्ड– पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–208/24<br>2. आवेदक–संजय भुईया , पिता–नन्देव भुईया ,<br>3. ग्राम–दूब, पोस्ट–दूब, थाना–पाँकी , प्रखण्ड– पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–209/24<br>2. आवेदक–नीरा देवी , पति–ष्याम सुन्दर यादव,<br>3. ग्राम–अब्दुलडीह , पोस्ट–पदुमा, थाना–मनातू , प्रखण्ड– मनातू<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–**2(ix)** |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–210/24<br>2. आवेदक–सीमा देवी, पति–रविन्द्र प्रसाद,<br>3. ग्राम–बकोरिया , पोस्ट–बकोरिया , थाना–सतबरवा, प्रखण्ड– सतबरवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाए हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–211/24<br>2. आवेदक–दरोगी भुईयां , पिता–सीता राम भुईयां ,<br>3. ग्राम–बसरिया , पोस्ट–कोनवाई, थाना–पाँकी , प्रखण्ड– पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–212/24<br>2. आवेदक–सिकेन्द्र सिंह , पिता–राजनाथ सिंह ,<br>3. ग्राम–कुंडेलवा , पोस्ट–झाबर , थाना–मेदिनिनगर , प्रखण्ड– मेदिनिनगर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–213/24<br>2. आवेदक–पुनम देवी , पति–हजनन्दन मांझी,<br>3. ग्राम–कसमार , पोस्ट– कसमार, थाना–तरहसी , प्रखण्ड– तरहसी<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–**2(ix)** |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–214/24<br>2. आवेदक–उकेश यादव , पिता–लखन यादव ,<br>3. ग्राम–ताल , पोस्ट–ताल , थाना–पाँकी , प्रखण्ड– पाँकी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–215/24<br>2. आवेदक–भीम सिंह , पिता–दरबारी सिंह,<br>3. ग्राम– कुंडेलवा , पोस्ट–झाबर , थाना– मेदिनिनगर, प्रखण्ड–मेदिनिनगर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–216/24<br>2. आवेदक–एजाज आलम , पिता–षाहनवाज आलम ,<br>3. ग्राम–सैयद टोली, पोस्ट–जपला, थाना– हुस्सैनबाद, प्रखण्ड–हुस्सैनबाद<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–46 वर्ष ,पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के तरजनी अँगूली में कटा निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–217/24<br>2. आवेदक–हरि चरण मिस्त्री , पिता–स्व0 जगेश्वर मिस्त्री ,<br>3. ग्राम– सुआ , पोस्ट– सुआ, थाना– मेदिनिनगर, प्रखण्ड– मेदिनिनगर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दोनों पैर में जले का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–218/24<br>2. आवेदक–श्यामसुन्दर यादव, पिता–कुलेश्वर यादव,<br>3. ग्राम–अब्दुलडीह, पोस्ट–पदमा, थाना–मनातु , प्रखण्ड– पदमा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथा में गोदना का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–227/24<br>2. आवेदक–लखन यादव , पिता–बलराम यादव,<br>3. ग्राम–दन्दालिया, पोस्ट–अंकित नहीं, थाना–मनातू, प्रखण्ड– मनातू<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–228/24<br>2. आवेदक–होरील प्रसाद यादव , पिता–सबुर यादव,<br>3. ग्राम–कसियाडीह , पोस्ट–कसमार , थाना–तरहसी, प्रखण्ड– तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–229/24<br>2. आवेदक–तुलसी ठाकुर , पिता–स्व0 मशल ठाकुर ,<br>3. ग्राम–पारपईन , पोस्ट–कसमार , थाना–तरहसी, प्रखण्ड– तरहसी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर में तिल का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–222/24<br>2. आवेदक–प्रतिमा देवी , पति–शिव शंकर राम ,<br>3. ग्राम– पारपईन , पोस्ट– कसमार, थाना–तरहसी , प्रखण्ड– तरहसी<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें पैर में कटे का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–223/24<br>2. आवेदक–शांति देवी, पति–स्व0 कृष्णा मांझी,<br>3. ग्राम– भडगावां, पोस्ट–चैनपूर , थाना– चैनपूर, प्रखण्ड– चैनपूर<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया हाथ में कटे का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–224/24<br>2. आवेदक–सीता कुवर , पति–स्व0 ब्रमेष्वर सिंह ,<br>3. ग्राम–पारपईन , पोस्ट–कसमार , थाना–तरहसी , प्रखण्ड– तरहसी<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–गला में जला का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–225/24<br>2. आवेदक–अशोक ठाकुर , पिता–नरायण ठाकुर ,<br>3. ग्राम–पारपईन , पोस्ट–कसमार , थाना–तरहसी, प्रखण्ड– तरहसी<br>4 लिंग–पुरूष ,आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–226/24<br>2. आवेदक–राधेष्याम यादव, पिता–गनवरी यादव ,<br>3. ग्राम–कनवातरी , पोस्ट–नरायनपुर , थाना–प्रतापुर , प्रखण्ड– प्रतापुर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया हाथ में कटा का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–230/24<br>2. आवेदक–संजय प्रसाद , पिता–स्व0 ष्याम सुन्दर प्रसाद,<br>3. ग्राम– डालटनगंज , पोस्ट– डालटनगंज , थाना– मेदिनिनगर, प्रखण्ड– मेदिनिनगर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–47/24<br>2. आवेदक–प्रवीण कुमार केसरी , पिता–स्व0 राजेन्द्र प्रसाद केसरी ,<br>3. ग्राम– विषुनपुर , पोस्ट– नवादा , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड– गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाये गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–**2(ix)** |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–231/24<br>2. आवेदक–नन्द कुमार महतो , पिता–राम विलास महतो<br>3. ग्राम–नावाजयपुर , पोस्ट–नावाजयपुर , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक के दाहिने तरफ दो तिल। | कंडिका–**2(ix)** |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–232/24<br>2. आवेदक–अनीता देवी , पति–नन्द कुमार महतो<br>3. ग्राम–नावाजयपुर , पोस्ट–नावाजयपुर , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटा निषान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–233/24<br>2. आवेदक–कलावती देवी , पति–बृज नन्दन सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ का मध्यमा अँगूली टेढ़ा। | कंडिका–**2(ix)** |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–234/24<br>2. आवेदक–सुभागी देवी , पति–मुन्द्रिका सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरा में मुंह के नीचे मस्सा। | कंडिका–**2(ix)** |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–235/24<br>2. आवेदक–संजय दुबे , पिता–गोपाल दुबे<br>3. ग्राम–बरसैता , पोस्ट–कांके कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती मे दायें तिल। | कंडिका–**2(ix)** |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–236/24<br>2. आवेदक–सिद्धेष्वर प्रसाद सिंह , पिता–स्व0 अमृत सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हथेली में तिल का दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–237/24<br>2. आवेदक–पुरन सिंह , पिता–स्व0 बुलकी सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–79 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के ठेहुना के बगल में जख्म। | कंडिका–**2(ix)** |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–238/24<br>2. आवेदक–नागेष्वर सिंह , पिता–स्व0 नमी सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–सर के दाएं भाग में कटे का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–239/24<br>2. आवेदक–हरेन्द्र सिंह , पिता–स्व0 बासुदेव सिंह<br>3. ग्राम–मेराल , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–निचला होठ में कटे का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–240/24<br>2. आवेदक–अरूण सिंह , पिता–फौजदार सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–241/24<br>2. आवेदक–राजेष वर्मा , पिता–स्व0 इन्द्रजीत वर्मा<br>3. ग्राम–हाउसिंग कॉलोनी बारालोटी , पोस्ट–सुदना , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर बायें तरफ कटा निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–242/24<br>2. आवेदक–अंजू सहाय , पति–स्व0 विष्णु कान्त सहाय<br>3. ग्राम–नावा टोली षिवाजी मैदान , पोस्ट–डालटनगंज , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अँगूठे में तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–243/24<br>2. आवेदक–लिलावती देवी , पति–राजदेव सिंह<br>3. ग्राम–चियाँकी , पोस्ट–चियाँकी , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट में कटे का निषान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–244/24<br>2. आवेदक–धर्मेन्द्र सिंह , पिता–स्व0 नयन सिंह<br>3. ग्राम–चियाँकी , पोस्ट–चियाँकी , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–**2(ix)** |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–245/24<br>2. आवेदक–शशि भूषण , पिता–राम उदेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–चेचरीया , पोस्ट–हैदरनगर , थाना–हैदरनगर , प्रखण्ड–हैदरनगर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें कान में कट का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–246/24<br>2. आवेदक–अर्जुन मेहता , पिता–कैलाश महतो<br>3. ग्राम–राँकी खुर्द , पोस्ट–राँकी कला , थाना–सतबरवा , प्रखण्ड–सतबरवा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–247/24<br>2. आवेदक–धनंजय कुमार तिवारी , पिता–कृष्ण कुमार तिवारी<br>3. ग्राम–वार्ड नं0–5 छठ पोखरा , पोस्ट–हुसैनाबाद , थाना–हुसैनाबाद , प्रखण्ड–हुसैनाबाद<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–**2(ix)** |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–248/24<br>2. आवेदक–मनोज कुमार सिंह , पिता–ध्रुव नारायण सिंह<br>3. ग्राम–पुर्णाडीह , पोस्ट–कधवन , थाना–रेहला , प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के पास कटा निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–249/24<br>2. आवेदक–विजय विश्वकर्मा , पिता–गनौरी विष्वकर्मा<br>3. ग्राम–मुन्दरीया , पोस्ट–बसौरा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आँख पर तिल। | कंडिका–**2(ix)** |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–427/24<br>2. आवेदक–मनोज रंजन बेक , पिता–सेभारियुस बेक<br>3. ग्राम–बभंड़ी , पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–428/24<br>2. आवेदक–सुधीर बारा , पिता–माईक आर्थर बारा<br>3. ग्राम–चपरी , पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–429/24<br>2. आवेदक–रोक तिग्गा , पिता–इमील तिग्गा<br>3. ग्राम–खम्भिखास , पोस्ट–लात , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–430/24<br>2. आवेदक–नेस्तोर मिंज , पिता–बिरजलियुस मिंज<br>3. ग्राम–करमडीह , पोस्ट–लात , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया पैर के घुटना के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–431/24<br>2. आवेदक–सिप्रियानुस मिंज , पिता–पतरस मिंज<br>3. ग्राम–छिपादोहर , पोस्ट–छिपादोहर , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया पैर के घुटना के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–183/24<br>2. आवेदक–रामाश्रय सिंह , पिता–इन्द्रदेव सिंह<br>3. ग्राम–उड़हुलिया , पोस्ट–बसौरा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–**2(ix)** |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–184/24<br>2. आवेदक–संजय कुमार पाण्डेय , पिता–राजेश्वर पाण्डेय<br>3. ग्राम–चर्च रोड डालटेनगंज , पोस्ट–डालटेनगंज , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–**2(ix)** |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–185/24<br>2. आवेदक–बृज नन्दन सिंह , पिता–स्व0 अर्जुन सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–**2(ix)** |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–186/24<br>2. आवेदक–मुन्द्रिका सिंह , पिता –चित्रधारी सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला , पोस्ट–सिक्की कला , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–**2(ix)** |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–187/24<br>2. आवेदक–शिवशंकर मांझी , पिता–राम भजन मांझी<br>3. ग्राम–उदयपुरा , पोस्ट–उदयपुरा , थाना–तरहसी प्रखण्ड–तरहसी<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–188/24<br>2. आवेदक–किशुन भुइया , पिता –मुन्द्रीका भुइया<br>3. ग्राम–बगला ,पोस्ट–उदयपुरा 2 , थाना–तरहसी ,प्रखण्ड– तरहसी<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–**2(ix)** |

**नोट :–** 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR.NO.336000 Home(24-25):D

## संक्षिप्त समाचार

### सारंडा के जंगल में आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ जवान घायल; नक्सलियों ने बिछाया था बम

**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने आइईडी ब्लास्ट किया है। इस घटना में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है। जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। इलाज उपरांत उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनल, अनमोल, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन अपने दस्ता के सदस्यों के साथ सारंडा के कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील है।सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों के जवानों ने छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान प्रारंभ किया। अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से बम लगाया था जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया।

### झारखंड का अगला डीजीपी कौन होगा यूपीएससी को भेजे गए चार आईपीएस के नाम

**रांची, एजेंसी।** हेमंत सोरेन सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के चार वरीय अधिकारियों का नाम पुलिस महानिदेशक पद के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेजा है। सूत्रों की माने तो इनमें 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अनिल पलटा व अनुराग गुप्ता तथा 1992 बैच के प्रशांत सिंह व आरके मल्लिक शामिल हैं।हालांकि, 1992 बैच के अधिकारी आरके मल्लिक जनवरी, 2025 में ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को राज्य सरकार ने गत 26 जुलाई को डीजीपी पद से हटा दिया था। तब से ही यह पद प्रभार में चल रहा है। अजय कुमार सिंह भी अगले वर्ष जनवरी में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।बता दें कि वर्तमान में अनुराग गुप्ता झारखंड के अतिरिक्त डीजीपी का प्रभार संभाल रहे हैं। सूत्रों को मुताबिक फुल टाइम डीजीपी के लिए अनुराग गुप्ता का नाम भी भेजा गया है। अनुराग गुप्ता काफी कड़क आईपीएस अधिकारी माने जाते हैं। झारखंड में नक्सलियों पर नकेल कसने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।कुछ दिन पहले समीक्षा बैठक में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने छह जिलों बोकारो, चाईबासा, चतरा, गिरिडीह लातेहार व पलामू के एसपी को स्पेशल टास्क सौंपा था।

### झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने नियुक्त किए जिलावार पर्यवेक्षक,

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने सभी जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। ये पर्यवेक्षक जिला के अंतर्गत पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच नामों की अनुशंसा राज्य मुख्यालय को करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि यह कार्य जल्द कर लें। वे जिलों में पड़ने वाले प्रखंडों में 25 सितंबर तक बैठक आयोजित करेंगे।उक्त बैठक में प्रखंड के अग्रणी संगठन, संबंधित प्रखंड के प्रदेश प्रतिनिधि, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद एवं मंत्री को आमंत्रित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला वार नियुक्त पर्यवेक्षकों को 25 सितंबर तक जिला नामों की अनुशंसा प्रदेश कांग्रेस को सौंप देना है।जिला वार नियुक्त पर्यवेक्षकों में रांची– शिवकुमार भगत, रांची ग्रामीण– सुरेंद्र यादव, खूंटी–आभा सिन्हा, पश्चिमी सिंहभूम– रमा खलखो, सरायकेला खरसावां– रामाश्रय प्रसाद, पूर्वी सिंहभूम– बलजीत सिंह बेदी, बोकारो–अशोक कुमार चौधरी, धनबाद–संजय मुन्नम, गिरिडीह– सुल्तान अहमद शामिल हैं।वहीं, देवघर– रविंद्र झा, गोड्डा –अनुकूल मिश्रा, साहिबगंज– उदय लखमानी, पाकुड़– श्यामल किशोर सिंह, दुमका– राजेंद्र दास, जामताड़ा– फैयाज कैसर, रामगढ़–सुरेंद्र सिंह, हजारीबाग–नरेश वर्मा, कोडरमा– अवधेश कुमार सिंह, चतरा– विजय यादव, लातेहार–आशिक अंसारी, पलामू–विनय सिन्हा दीपू, गढ़वा– चंद्रशेखर शुक्ला, लोहरदगा–भीम कुमार, गुमला– आलोक कुमार दुबे, सिमडेगा – डा. अजय शाहदेव शामिल हैं।

# प्रदेश में बारिश से राहत नहीं, कोल्हान में तीन दिन का येलो अलर्ट जारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अभी बारिश से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। कोल्हान समेत पूरे राज्य में अभी बारिश का दौर जारी जारी रहेगा। मौसम विभाग रांची केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार अभी झारखंड में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इस दौरान वज्रपात के साथ तेज हवा भी चलेगी।

मौसम विभाग ने पांच दिन का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि राज्य में 23 सितंबर तक कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। पूर्वानुमान के अनुसार, 23 सितंबर तक रुक-रुक कर कई जिलों में बारिश होगी। इसको लेकर 20, 21 और 22 सितंबर को येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कोल्हान के तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पश्चिम सिंहभूम में वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है।

### 944.5 मिमी के बजाय 936.9 मिमी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 17 सितंबर के बीच झारखंड में आमतौर पर 944.5 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन इस अवधि में 936.9 मिलीमीटर बारिश हुई है। यह सामान्य बारिश से एक फीसदी कम है।



### पानी उतरने के बाद भी कम नहीं हुई परेशानी

लगातार बारिश के बाद जमशेदपुर के निचले इलाकों में भरा पानी निकलने के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। मानगो हड्डी गोदाम एरिया, शांतिनगर, शंकोसाई रोड नंबर-1, रामनगर, श्यामनगर, लक्ष्मीनगर, संजय पथ, ओल्ड पुरूलिया रोड, कुंवर बस्ती इलाके बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। मानगो के कुछ इलाकों में पानी बुधवार को भी जमा रहा, श्याम नगर, रामनगर इलाके में पानी तो नीचे उतरा लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है।

लगातार बारिश के बाद जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में बुधवार को मरीजों की संख्या काफी अधिक रही। कई दिनों से हो रही बारिश के कारण मरीज काफी कम पहुंच रहे थे। आम तौर पर सोमवार को काफी भीड़ रहती है, लेकिन सोमवार को मरीजों की संख्या सामान्य से एक तिहाई से भी कम थी। बुधवार को सुबह से शाम तक करीब 1425 मरीज पहुंचे। इनमें 150 मरीज इमरजेंसी के थे।

## जमुई में किऊल नदी की तेज धार में समाया मजदूर, बिजली का गिरा तार निकालने के दौरान हुआ हादसा

**जमुई, एजेंसी।** जमुई में बिजली विभाग का काम कर रहा एक मजदूर नदी में गिरकर लापता हो गया. घटना किऊल नदी में घटी है. जहां बीते दिन क्यूल नदी में गिरे 33 हजार केवीए विद्युत तार को निकालने के लिए मजदूर को बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा नदी में उतारा गया था. लेकिन मजदूर हादसे का शिकार हो गया. गहरे पानी में डूबकर मजदूर लापता हो गया. मजदूर की खोजबीन जारी है. लापता मजदूर की पहचान खैरा प्रखंड के जीत झिंगोई गांव निवासी विवेक यादव के रूप में हुई है.

किऊल नदी में गिरे बिजली के तार को निकालने का प्रयास कर रहा एक मजदूर नदी में ही डूब गया. उसके शव का भी कोई पता नहीं चल सका है. मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है. मृतक के साथी मजदूर शैलेंद्र कुमार यादव ने इस पूरे घटना को लेकर बताया कि कुल 10 मजदूर तार खींचने के लिए नदी गए थे. बीच नदी में दो पोल गड़े हुए हैं. नीचे गिरे तार को उस पोल पर चढ़ाना था. हम सभी इसी काम के लिए नदी में उतरे थे.बताया कि वो 500 रुपए रोज पर आकर काम करते हैं.

मजदूर ने बताया कि सुबह हमलोग 10 व्यक्ति तार निकालने गए थे. लेकिन पानी अधिक था तो तार को निकालकर केवल वापस आ गए थे.

## ट्रक की चपेट में आकर सब्जी विक्रेता घायल, आक्रोशितों ने सड़क जाम की



**रांची/बालूमाथ, एजेंसी।** शहर के बीचो-बीच स्थित थाना चौक में एक सब्जी विक्रेता ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गया. घायल सब्जी बिक्रेता की पहचान उमेश प्रसाद उर्फ ओड़वा के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल को बालूमाथ के सरकारी अस्पताल ले गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया. दुर्घटना के बाद चालक ट्रक से भागने की कोशिश कर रहा था. लेकिन बालूमाथ पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया. साथ ही ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया. बताया जाता है कि उमेश काफी लंबे समय से थाना चौक पर सब्जी बेचने का काम करता है.

इधर दुर्घटना के बाद बालूमाथ के अक्रोशित लोगों ने देर रात थाना चौक के समीप एनएच-22 सड़क को जाम कर दिया. सड़क जाम करने की वजह से सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी.

पुलिस प्रशासन ने जाम हटवाने का काफी प्रयास किया. लेकिन वे अपनी जिद पर अड़े थे. पुलिस प्रशासन द्वारा इलाज के लिए हर संभव मदद के आश्वासन बाद रात लगभग 11:30 बजे सड़क जाम हटा ली गयी. मौके पर बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, बरियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर, गौतम कुमार, संतदेव कुमार, सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

# पहले दिन ही लेट पहुंची वंदे भारत, टाटानगर-पटना ट्रेन को नहीं मिले क्षमता के अनुसार यात्री

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन पहले दिन ही 20 मिनट देरी से पटना पहुंची। पहले दिन इस ट्रेन को क्षमता के अनुरूप यात्री भी नहीं मिले। बुधवार सुबह टाटानगर से 163 यात्रियों को लेकर ट्रेन रवाना हुई। जबकि टाटानगर-बरहमपुर वंदे भारत में भी यात्रियों की संख्या अपेक्षा से कम थी। इधर, राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत पर टाटानगर स्टेशन से दर्जनों यात्री सवार हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितबंर को ऑनलाइन तीनों मार्ग की वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया था। इसके बाद ट्रेनों को बुधवार से शुरू कर दिया गया। बताया जाता है कि टाटानगर से पटना वंदे भारत ट्रेन पर 163 यात्री सवार हुए, जबकि सौ से ज्यादा टिकट दूसरे स्टेशनों से बुक थे। लेकिन करंट काउंटर में रात डेढ़ बजे तक वंदे भारत ट्रेन की दोनों श्रेणियों (चेयरकार में 240 और 16 एग्जीक्यूटिव क्लास) में 256 सीटें खाली थीं।

दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को नंबर बदलकर दो मार्गों से चलाने का आदेश है। पांच दिन ट्रेन बोकारो-गोमो व गया के रास्ते पटना जाएगी तो एक दिन डाल्टनगंज, गढ़वा एवं बरकाकाना से गया होकर पटना से अप-डाउन करेगी।

पहले ही दिन 20 मिनट हुई देर, यात्री रहे परेशान : पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस को पहले दिन ही गुवा मेमू ट्रेन ने फंसा दिया। गम्हरिया में वंदे भारत एक्सप्रेस को करीब 15 मीनट रोककर पहले गुवा-टाटा मेमू ट्रेन को सिग्नल दे दिया। इससे वंदे भारत ट्रेन पर सवार यात्री परेशान हो गए। बताया जाता है कि टाटानगर से वंदे भारत ट्रेन समय से पहले पटना पहुंच गई थी। ट्रायल रन के दौरान भी वंदे भारत एक्सप्रेस टाटानगर देर से पहुंची थी, क्योंकि चांडिल के बाद रफ्तार कम होने के साथ कांड्रा, गम्हरिया एवं आदित्यपुर स्टेशन पर रोका गया था। पहले ही दिन यह ट्रेन बीस मिनट देर से पहुंची।

**यात्री सुरक्षा में आरपीएफ की तैनाती :** टाटानगर से तीनों वंदे भारत ट्रेन में आरपीएफ के एक अफसर और तीन जवानों को तैनात करने का आदेश गार्डेनरीच से आया है। इससे टाटानगर से आरपीएफ जवानों ने पटना की ट्रेन में गोमो स्टेशन तक सुरक्षा ड्यूटी की। वहीं, बरहमपुर वंदे भारत ट्रेन में क्योंझर तक एस्कॉर्ट करने के साथ राउरकेला भी गए। बताया जाता है कि वंदे भारत ट्रेन में यात्री सुरक्षा के मद्देनजर मंडल के बड़े स्टेशनों से आरपीएफ जवानों की ड्यूटी लगेगी। रांची-हावड़ा वंदे भारत को आरपीएफ पहले से एस्कॉर्ट कर रही है।

## साहिबगंज के बरहरवा में पुलिस के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, बाजारों को कराया बंद



**बरहरवा, एजेंसी।** साहिबगंज के बरहरवा में पुलिस के विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया. बुधवार सुबह 8 बजे से लोगों ने बाजार को बंद कराया इसके बाद स्टेशन चौक पर इकट्ठा होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. दरअसल बिंदुधाम मंदिर के मुख्य पुजारी गंगा बाबा और बरहरवा आरएसएस के नगर कार्यवाहक अनुराग आनंद के कथित जेवरात की हेरा फेरी के मामले में पुलिस ने अनुराग की बेरहमी से पिटाई कर दी थी. जिसके बाद से वे मालदा के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि साहिबगंज के रांगा थाना की पुलिस ने आरएसएस के नगर कार्यवाहक अनुराग आनंद को पीटा है. जिससे वह गंभीर रूप से घायल है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस राजनीतिक दबाव के कारण ऐसा कर रही है. मंदिर के मुख्य पुजारी गंगा बाबा को जबरन मंदिर से उठाकर थाना लाया जाता है और दिनभर रखकर उनसे पूछताछ कर शाम में छोड़ देती है. लोगों ने सवाल उठाया है कि अगर पुलिस को लगता है कि चोरी हुई है, तो क्या-क्या सामानों की चोरी हुई, आज तक पुलिस ने क्यों नहीं उजागर किया.

स्थानीय लोगों का कहना था कि अगर कोई चोरी में शामिल है तो इसकी भी जानकारी हमें भी दें. प्रदर्शन करने वालों कमल कृष्ण भगत, श्यामल दास पांचू सिंह, रविंद्र भगत, आनंद भगत, परमानन्द कुशवाहा, बृजमोहन भगत सहित अन्य कई लोग मौजूद थे.

# झारखंड में युवक को पीटने लगी गुस्साई भीड़, रेप और हत्या के शक में मार डाला

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड के प. सिंहभूम जिले के गोईलकेरा में ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या के संदेह में एक युवक को पीट-पीटकर मार डाला। घटना मंगलवार दोपहर लगभग चार बजे नक्सल प्रभावित कुरकुटिया गांव की है। युवक टूटे हेम्ब्रम (30) कुरकुटिया का ही रहने वाला था। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल, पुलिस घटना की जांच कर रही है।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती 10 सितंबर को मवेशी चराने बाईहातु जंगल गयी थी। वह देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। अगले दिन 11 सितंबर को गांव से तीन किमी दूर जंगल में उसकी अर्द्धनग्न अवस्था में लाश मिली। ग्रामीणों द्वारा युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई। इस मामले में पुलिस अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर छानबीन कर रही थी।

इस बीच मंगलवार को ग्रामीणों ने कुरकुटिया के टूटे हेम्ब्रम को संदेह में उसके गांव के पास ही पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उसकी पिटाई की और पैदल थाना ले जाने लगे। इधर, सूचना मिलते ही गोईलकेरा थाना प्रभारी कमलेश राय एम्बुलेंस के साथ कुरकुटियां के लिए निकल पड़े। रास्ते में ही सरबिल गांव के पास ग्रामीण मिल गये। पुलिस ने घायल टूटे हेम्ब्रम को ग्रामीणों से बचा एम्बुलेंस से सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। जांच के बाद चिकित्सक ने देर शाम युवक को चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा युवक को कब्जे में लेने के बाद भी आक्रोशित ग्रामीण करीब बीस किमी पैदल चल गोईलकेरा थाना पहुंच गये।

सिसई थाना क्षेत्र में 15 साल की नाबालिग लड़की का उसके गांव से अपहरण, फिर उसके साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र स्थित गढ़ाटोली निवासी आरोपी इरफान अंसारी को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। सिसई थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, नाबालिग 12 सितंबर को रात आठ बजे किसी काम से घर से बाहर निकली थी। उसी बीच इरफान अंसारी ने उसका अपहरण कर गांव से कुछ दूर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इरफान ने उसे रातभर अपने कब्जे में रखा और धमकी दी कि इस बारे में किसी को जानकारी दी तो वह उसकी हत्या कर देगा। उधर, ग्रामीणों को जब अपहरण की सूचना मिली तो वे लोग उसे ढूंढ़ने निकले। कुछ दूर आगे जाने पर लड़की के साथ आरोपी को देखा तो चारों ओर से घेर लिया और फिर उसे पकड़कर सिसई पुलिस के हवाले कर दिया।

## धुर्वा डैम से बरामद हुआ लापता युवती का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**रांची, एजेंसी।** धुर्वा डैम से लापता युवती का शव मंगलवार को बरामद हुआ है. युवती 14 सितंबर की देर रात से लापता थी. इस मामले में युवती के परिजनों ने अपहरण कर हत्या की आशंका जताई है. गौरतलब है कि धुर्वा थाना क्षेत्र की रहने वाली आयशा नाम की युवती 14 सितंबर की रात में ढाई बजे अपने घर से बिना किसी को कुछ बताये स्कूटी लेकर निकली थी. उसके घर से निकलने की जानकारी होते ही परिजन उसे आसपास खोजने लगे. खोजते हुए जब वे डैम की ओर गये तो उन्हें युवती की चप्पल और स्कूटी खड़ी मिली.

परिजन डैम में युवती द्वारा छलांग लगाने की आशंका से घबराकर धुर्वा थाना पहुंचे. वहां उन्हें बताया गया कि मामला नगड़ी थाना का है. इसके बाद वे 15 सितंबर की सुबह साढ़े चार बजे नगड़ी थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी. कहा जा रहा है कि युवती वहीं के एक युवक से प्रेम करती थी. वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर घर में ही रहकर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी.

**पिता ने धुर्वा थाना में बेटी के अपहरण और उसकी हत्या करने किये जाने मामला दर्ज कराया :** युवती के पिता ने धुर्वा थाना में अपनी बेटी के अपहरण और उसकी हत्या किये जाने का मामला दर्ज कराया है. धुर्वा थाना में दिये आवेदन में युवती के पिता ने लिखा है कि उनका बेटा जो चंडीगढ़ में पढ़ाई करता है, उसने रविवार की रात 2.45 बजे फोन कर यह बताया कि उसे कुणाल सिंह नाम के एक व्यक्ति ने फोन पर बताया है,कि उसकी बहन धुर्वा डैम में कूदने के लिए गयी है.

## झारखंड के होटल में अचानक पहुंची पुलिस, आपत्तिजनक हालत में मिलीं लड़कियां, मची अफरा-तफरी

**रांची, एजेंसी।** रांची के चुटिया थाने की पुलिस ने स्टेशन रोड पटेल चौक के पास होटल उगा में बुधवार को छापेमारी कर नाबालिग समेत दो लड़कियों का मुक्त कराया। पुलिस की टीम ने होटल संचालक अविनाश कुमार को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अविनाश कुमार चुटिया इलाके का रहने वाला है।

**नौकरी दिलाने के बहाने देह व्यापार :** होटल से बरामद लड़कियों से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि संचालक दोनों लड़कियों को काम दिलाने का झांसा देकर रांची लाया था। इसके बाद दोनों से देह व्यापार कराने लगा था।

**मानव तस्करी की मिली थी सूचना :** बताया जा रहा है कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को स्टेशन रोड स्थित एक होटल में मानव तस्करी की जानकारी मिली। इसके बाद सिटी डीएसपी केवी रमन और चुटिया थानेदार लक्ष्मीकांत पुलिस बल के साथ होटल में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस की



टीम ने दोनों लड़कियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। छापेमारी के दौरान होटल संचालक समेत अन्य लोग भागने लगे। पुलिस के जवानों ने संचालक को खदेड़ कर पकड़ लिया। इसके बाद महिला पुलिस पदाधिकारी के समक्ष नाबालिग समेत दो लड़कियों का बयान दर्ज हुआ। मामले में एसआई जितेंद्र कुमार मिश्रा के बयान पर चुटिया थाने में संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस के अनुसार, बरामद दोनों लड़कियां चुटिया इलाके की रहने वाली है। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि उन्हें काम करने के बहाने लाया गया था। लेकिन, होटल में उससे गलत काम करवाया जाने लगा। होटल मालिक उससे देह व्यापार करवा रहा था। उन्हें होटल में रखा गया था।

# मैं दुनिया छोड़कर जा रही हूं, फेसबुक लाइव पर ऐसा बोलकर नदी में कूद गई दो बच्चों की मां

**रजरप्पा, एजेंसी।** झारखंड के रजरप्पा में दो बच्चों की मां ने फेसबुक पर लाइव आकर मां छिन्नमास्तिका मंदिर के पास दामोदर नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान महिला ने फेसबुक पोस्ट कर अपनी आत्महत्या के लिए पति व सास-ससुर को जिम्मेवार ठहराया। घटना बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे की है। महिला बालीडीह थाना अंतर्गत कराड़िया जैनामोड़ की रहने वाली बताई जा रही है। महिला का पति देवेंद्र धर रामगढ़ में वन विभाग में हैं। महिला की दो छोटी-छोटी बेटियां हैं।

महिला की पहचान बालीडीह थाना के कराड़िया जैनामोड़ निवासी देवेन्द्र धर की पत्नी



राखी कुमारी (25 वर्ष) के रूप में हुई है। इस दौरान वहां मौजूद मछुआरों ने उसे बचाने का प्रयास किया पर लेकिन उसे बचाया नही जा सका। वह गहरे पानी के अंदर समा गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने रजरप्पा पुलिस को दिया।घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय व अवर निरीक्षक विकास कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पहुंचे और उसकी खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बावजूद महिला नहीं मिली। वर्ष 2020 में उसकी शादी बालीडीह थाना अंतर्गत कराड़िया जैनामोड़ निवासी देवेन्द्र धर के साथ हुई थी। बड़ी बेटी की उम्र दो वर्ष व छोटी की उम्र 8 माह है। शादी के बाद से ही उनके बीच खटपट शुरू हो गई। इसके कारण तीन वर्ष पूर्व वर्ष 2021 में महिला के पिता ने भी आत्महत्या कर ली थी। पति ने किसी भी तरह की आपसी मनमुटाव की बात को सिरे से नकार दिया है।दामोदर नदी में छलांग लगाने से पूर्व महिला तांत्रिक घाट पहुंची। काफी देर तक वहां चुपचाप बैठी रही। उसके बाद उसने फेसबुक पर एक पोस्ट डाला। आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप अपने पति के अलावा सास-ससुर पर लगाया। उसने लिखा कि मैं इस दुनिया को छोड़कर जा रही हूं। मेरी मौत का जिम्मेवार मेरे पति व सास-ससुर है। इसके बाद वह फेसबुक में लाइव आकर नदी में छलांग लगा दी।

## कोविंद कमेटी की रिपोर्ट और दावे संदिग्ध : कमलेश

**रांची, एजेंसी।** झामुमो के बाद कांग्रेस ने भी 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के प्रस्ताव का विरोध किया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' भाजपा का चुनावी मुद्दा है. लोगों का ध्यान भटकाने के लिए यह चुनावी मुद्दा है. कोविंद कमेटी की रिपोर्ट रिपोर्ट, सिंह और मिश्रा के पेपर के दावे, पूरे तरह से संदिग्ध हैं. उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने पर देश की जीडीपी में वृद्धि होगी, सरकारी खर्च की गुणवत्ता बढ़ेगी, अपराध कम होंगे, शैक्षणिक परिणाम बेहतर होंगे, ये सारे दावे संदिग्ध हैं. क्योंकि यह केवल छह राज्य कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, हरियाणा, झारखंड और ओडिशा के अध्ययन पर आधारित हैं.

कमलेश ने कहा कि सिंह और मिश्रा के पेपर का दावा है कि विभिन्न चुनावों के बाद आर्थिक विकास दर में अंतर राज्य की जीडीपी वृद्धि को प्रभावित करता है. लेकिन यह तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि कई कारक जीडीपी वृद्धि को प्रभावित करते हैं. लेखक सिंह और मिश्रा खुद कहते हैं कि उनके निष्कर्ष अन्य राज्यों या अवधि पर लागू नहीं हो सकते, इसलिए इन अस्थायी निष्कर्षों पर नीति बनाना अनुचित है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने हमारा देश में पंचायती राज है. मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद, पार्षद, सभी का चुनाव एक साथ कराना संभव नहीं है. यह संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है. उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस की यही मानसिकता रही है कि किसी भी तरह से संविधान एवं आरक्षण को खत्म कर दें.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### मौसम से सावधान

मानसून अब जाने को है और जाते-जाते बीमारियों का प्रकोप इस तरह बढ़ गया है कि चिकित्सकों की व्यस्तता बहुत बढ़ गई है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है और अगर समय पर सही इलाज न हो, तो मौसमी बीमारियां भी जानलेवा साबित होती हैं। विशेष रूप से कमजोर रोग प्रतिरोधी क्षमता वाले लोगों को तो मौसमी बीमारियां कुछ ज्यादा ही सताती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौसम के साथ तालमेल बिठाकर चलने की परिपाटी पहले से कुछ कमजोर पड़ी है, पर इलाज की सुविधा के बढ़ने से माहौल में बदलाव आया है। वैसे चिकित्सक पूरे मानसून या बरसात के मौसम में सतर्क रहने की सलाह देते हैं। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो कोताही या लापरवाही बरतकर अपनी मुश्किलें बढ़ा लेते हैं। मौसमी बीमारियों से अलग एमपॉक्स भी चिंता की वजह बना हुआ है। एमपॉक्स का एक मरीज अभी भारत में है और उम्मीद करनी चाहिए कि यह बीमारी भारत में न फैले। अफ्रीका में अब तक 100 से ज्यादा लोग इसके कारण मारे गए हैं और खुशखबरी यह है कि एमपॉक्स से बचाव के लिए दुनिया के पहले टीके को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी मंजूरी दे दी है। बरसात और उसमें भी जाती हुई बरसात डेंगू के खतरे को बढ़ा देती है। जगह-जगह जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इस मौसम में एडीज मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है और जब ये मच्छर काटते हैं, तो डेंगू के लक्षण उभर आते हैं। तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, आंखों में पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, शरीर पर दाने और रक्तस्राव का भी खतरा पैदा हो जाता है। पिछले वर्ष देश में डेंगू से 485 लोगों की मौत हुई थी और ढाई लाख से ज्यादा लोगों को इसने परेशान किया था। विशेष रूप से दक्षिण भारत में डेंगू का प्रकोप इस बार ज्यादा है, देश में 32 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, अत- सावधान रहने की जरूरत है। अनावश्यक जलभराव से भी बचने की जरूरत है। मौसमी बीमारियों में चिकनगुनिया भी शामिल है। यह भी मच्छरों से फैलने वाला वायरल रोग है, इसमें भी तेज बुखार, मांसपेशियों व जोड़ों में गंभीर दर्द, सिरदर्द और थकान की शिकायत सामने आती है। चिकनगुनिया के साथ सबसे बुरी बात यह है कि इसका दुष्प्रभाव हफ्तों तक बना रह सकता है। ठीक इसी तरह, मलेरिया के भी मामले इस मौसम में बढ़ जाते हैं। यह भी परजीवी प्लाज्मोडियम और संक्रमित एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इन दिनों ज्वर और वायरल बुखार के भी मामले बहुत बढ़ गए हैं।

### जीवन से खिलवाड़

आत्महत्या की हर घटना झकझोर जाती है, पर जब कोई प्रतिभावान युवा अपनी जान लेता है, तो यह न केवल त्रासद, बल्कि पूरे देश-समाज के लिए नुकसानदायक बात है। बड़े दुख की बात है कि दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के 25 वर्षीय स्नातकोत्तर मेडिकल छात्र को उसके कमरे में मृत पाया गया। प्रथम दृष्टया, ऐसा लग रहा है कि छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, लेकिन पुलिस को व्यापकता में जांच करनी चाहिए और हर आशंका को परखना चाहिए। जानना जरूरी है कि आखिर एक टॉपर छात्र ऐसे मुकाम पर कैसे पहुंच गया? वह रेडियोलॉजी का द्वितीय वर्ष का छात्र था और उसे बेहतरीन विशेषज्ञ डॉक्टर बनना था। लोग यह भूले नहीं थे कि पंजाब का यह छात्र साल 2017 में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी या नीट) का टॉपर था। उसके पिता सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल हैं और छोटा भाई भी मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। जिस परिवार ने अपना होनहार खोया है, उसके साथ सबकी संवेदना होनी चाहिए। ऐसी घटनाएं समाज को विचलित कर देती हैं। समाज विज्ञानियों और चिकित्सकों को मिलकर अध्ययन करना चाहिए। ध्यान रहे, दिल्ली में ही 27 अगस्त को ओल्ड रेजिडेंट डॉक्टर हॉस्टल में एक 20 वर्षीय मेडिकल छात्र का शव मिला था। छात्रों के बीच भी यह सवाल बार-बार उठ रहा होगा। क्या निराशा इतनी बढ़ गई है कि अपनी जीवन में पढ़ाई के झंडे गाड़ने वाले छात्रों को भी अपना भविष्य स्याह लग रहा है? इस साल फरवरी के महीने में यह आंकड़ा सामने आया था कि पिछले पांच वर्षों में कम से कम 122 मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से 64 एमबीबीएस में और 58 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों अध्ययनरत थे। यह संख्या कम नहीं है। एक भावी चिकित्सक को ऊर्जा और उत्साह से भरपूर होना चाहिए, क्योंकि उसे लोगों की सेवा के लिए समर्पित होना है। उसे चिकित्सक बनने का मौका मिला है और अच्छे चिकित्सकों को लोग भगवान की तरह आदर देते हैं। सम्मानजनक जिंदगी की ओर जा रहे छात्रों के दिलोदिमाग में निराशा का एक कतरा नहीं होना चाहिए।

## चीन पर कभी यकीन नहीं किया जा सकता

(अशोक मधुप)

भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत 12 सितम्बर को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। लगातार चार साल से चले आ रहे भारत चीन के बीच तनाव के कम होने के संकेत हैं। भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घटा है। चीन भारत सीमा से सेना का पीछे हटना बहुत अच्छा है किंतु चीन की बात पर आंख मूंदकर यकीन नहीं किया जा सकता। समझौते करने के बाद अपनी बात से मुकरना उसकी आदत रही है। धोखा देना चीन का चरित्र है। उस पर पूरी तरह से नजर रखनी होगी। उसकी चाल के अनुरूप हमें अपना व्यवहार और तैयारी करना होंगी। भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत 12 सितम्बर को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में इस बात का जिक्र था कि दोनों देशों ने बचे हुए क्षेत्रों में भी पूर्ण डिसएंगेजमेंट की दिशा में काम करने को लेकर सहमति जताई है। जानकार मानते हैं कि गतिरोध दूर करने करने की दिशा में ले जाने की प्रक्रिया एकाएक नहीं होती। इसके लिए बैकग्राउंड में काम होता रहता है ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। बॉर्डर पर आए गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बैठकें किए जाने का एक मैकेनिज्म तैयार किया गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर 12 सितम्बर को कहा कि सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है। जिनेवा में थिंकटैंक के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जून 2020 में गलवन घाटी में हुए टकराव ने भारत-चीन संबंधों को समग्र रूप से प्रभावित किया। जयशंकर ने कहा कि विवादित मुद्दों का समाधान ढूंढ़ने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर सैनिकों की वापसी संबंधी करीब तीन-चौथाई मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। लेकिन इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक-दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है। भारत कहता रहा है कि सेना के पूर्व स्थान पर पहुंचे बिना सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर ने कहा कि 2020 में जो कुछ हुआ, वह कुछ कारणों से कई समझौतों का उल्लंघन था जो अभी भी हमारे लिए पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और स्वाभाविक रूप से जवाबी तौर पर हमने भी अपने सैनिकों को भेजा। 2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है । इस बार चीनी सेना के सीमा से पीछे हटने का कारण चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग काबयान भी है। उन्होने इस बात पर जोर दिया कि अशांत विश्व का सामना करते हुए, दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को स्वतंत्रता पर दृढ़ रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एकता और सहयोग का चयन करना चाहिए तथा एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। वांग ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के जरिए अपने मतभेदों को उचित ढंग से हल करेंगे और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का उचित तरीका ढूंढेंगे। चीन-भारत संबंधों को स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास के रास्ते पर वापस लाएंगे। इतना सब हो रहा है पर जरूरी यह है कि दोनों का मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटना ही समाधान है। निश्चित रूप से पीछे हटना समाधान नहीं है। यदि निश्चित रूप से समाधान के रास्ते पर चले तो भारत नुकसान में ही रहेगा। इन सब को देखकर भारत को चलना होगा। मई 2020 की स्थिति पर चीन सहमत होगा, ऐसा नही लगता। सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हांलाकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सोलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा। एक बात और चीन कभी का काबू में आ गया होगा, काश हम भारतीय सही अर्थ में देशभक्त होते। मई 2020 में चीन से विवाद होने पर भारतीयों की फेसबुक पर बड़ी देशभक्ति दिखाई दी। लगाकि अब भारत में चीन का बना सामान नही आएगा।

*दीपावली पर व्यापारियों के आंकड़े भी आए कि चीन से बना कोई सामान नही मंगाया गया। जबकि आंकड़े इसके विपरीत हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत और चीन के बीच कुल 118.4 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। वहीं, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार 118.3 अरब डॉलर रहा। 2021-22 और 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार अमेरिका रहा था। अब चीन है। अमेरिका से हम अस्त्र?शस्त्र जैसे महंगे सामान लेते हैं। इसलिए वहां से आयात जयादा होना चाहिए था।*

## सौहार्द हेतु बंद करना होगी घातक प्रतिस्पर्धा

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

साम्प्रदायिकता की खाई को पाटने की कोशिशों के स्थान पर उसे गहरा करने में जुटे मानवता के दुश्मनों ने देश-दुनिया को विस्फोटक स्थिति पर पहुंचा दिया है। 'विश्व बंधुत्व' से लेकर 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिध्दान्तों ने अपने अस्तित्व की लडाई को हारने की दिशा में बढ़ना शुरू कर दिया है। साम्प्रदायिक विरासतों को समाज पर थोपने के प्रयासों का खूनी संघर्ष में परिवर्तित होना, किसी भी दशा में सुखद नहीं कहा जा सकता। जबरन थोपी जाने वाली जीवन शैली को धर्म का नाम नहीं दिया जा सकता। वह तो महज शरीरों को गुलाम बनाने की प्रक्रिया मात्र है जिससे अन्तःकरण का समर्पण कदापि संभव नहीं है। हिंसा की प्रवृत्ति, जुल्म का स्वभाव, स्वामित्व की आकांक्षा, वर्चस्व की अनुभूति जैसे अनगिनत कारकों को पारिवारिक संस्कारों के रूप में प्राप्त करने वाले अपने साम्प्रदायिक शिक्षकों से कट्टरता का पाठ निरंतर पढ रहे हैं। कथित मजहबी मदरसों ने भूभागों पर कब्जों का प्रशिक्षण देकर 'सर्वे भवन्तु सुखिन-' को किस्तों में कत्ल करने वालों की जमातों ने बेलगाम इजाफा करने का मिशन चला रखा है। कहीं काफिर तो कहीं विधर्मी, कहीं नास्तिक तो कहीं बुतपरस्त बताकर विभेद किये जा रहे हैं। ईश-निंदा का अप्रमाणित आरोप लगाकर दुनिया भर में हत्याओं का मनमाना सिलसिला चल निकला है। धार्मिक संस्थानों, धार्मिक गुरुओं, धार्मिक ठेकेदारों, धार्मिक सेवादारों की कथित पहचान की आड लेकर मजहबी संस्कारों के जबरजस्ती विस्तार हेतु निरीह लोगों पर खुलकर ज्यादतियां शुरू हो चुकीं हैं। चन्द लोगों ने देश, काल और परिस्थितियों के आधार पर अपनाए गये अपने संस्कारों को अब समूची दुनिया पर लादने हेतु आतंक का रास्ता अख्तियार कर लिया है। पूर्व के सुनियोजित षडयंत्रों के सफल होने से उनके हौसलों ने नई उडान भरना शुरू कर दी है। पुराने कबीलों की अभावग्रस्त जीवन शैली के अपरिवर्तनीयस्वरूप ने परम्पराओं को रूढियों में बदला और फिर कट्टरता का लबादा ओढ़ लिया। वहीं दूसरी ओर श्रध्दा के वर्तमान स्वरूप ने साधना, समर्पण और सेवा को हाशिये पर पहुंचाकर आलस्य, प्रमाद और उन्माद को आलिंगनवध्द करके शारीरिक मस्ती को स्वीकारने की दिशा में बढना प्रारम्भ कर दिया है। इसके व्यवहारिक स्वरूप को समझने हेतु श्रीगणेशोत्सव की बानगी ही पर्याप्त है जहां पर साम्प्रदायिक साधनायें उन्माद बनकर दिखाई देती हैं। दिल पर चोट करने वाले डीजे की धुनों ने गणपति स्थापना पंडाल को हंगामे का धरातल बना दिया। आस्था से जुडी व्यवस्थाओं को प्रतिस्पर्धा, दिखावा और बाह्य आकर्षण के लावण्य में परिवर्तित कर दिया। फिल्मी संगीत को अध्यात्मिक बोलों में पिरोकर प्रस्तुत किया और फिर जमकर शुरू हुआ पाश्चात्य नृत्यों का हंगामा। आराधना में शास्त्रीय विधा की गायकी, मंत्रों के उच्चारण की अनुशासित स्वर लहरी और देव उपासना का क्रम कहीं खो सा गया है। नई पीढी के इस आकर्षण को वास्तविक वैदिक रीतियों की ओर मोडने का उपाय किया जाना चाहिए ताकि 'विश्व कल्याण के सनातनी सूत्र' पुन- जागृत हो सकें। इसी प्रतिस्पर्धा का एक और स्वरूप ईद के जलसे में भी देखने को मिलेगा जहां मुस्लिम सम्प्रदाय ध्वनि प्रदूषण की चरम सीमा पर पहुंचने वाला संगीत बजायेगा, मजहबी ललकारों को खुलेआम फैलायेगा और किसी खास आस्थान के मौलाना के फतवे पर मनमानियों का नया रूप प्रस्तुत करेगा। इतिहास गवाह है कि जब-जब देश की सत्ता के विरोध में बैठने वालों ने राष्ट्र-विरोधी अभियान चलाया, जहरीले बयानों को उगला और पर्दे के पीछे से विदेशी षडयंत्रकारियों के मंसूबों को समर्थन दिया, तब-तब देश में असुखद वातावरण निर्मित हुआ। अपनी विरासतन संस्कारों में रचे-बसे कांग्रेस के जन्मजात नेता राहुल गांधी ने विदेश में बैठकर आतंक की पाठशाला संचालित करने वाले पाकिस्तान को क्लीन चिट दी, चीन के दुश्मनी भरे मंसूबों को समर्थन दिया और दी खालिस्तान के झंडे को तेजी से फहराने की प्रेरणा। वे भारत विरोधी विदेशी सांसदों के साथ निकटतम संवाद करके, झूठ के सहारे सरकार की कमियां निकाल के और राष्ट्रीय प्रगति को अवरुध्द करने का प्रयास करके आखिर साबित क्या करना चाहते हैं? यह पहेली देशवासियों के सामने निरंतर अनसुलझी ही रहती है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5497

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5496

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली 5497



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1618 को इस मुगल शासक ने जन्म लिया था जिन्हें आलमगीर भी कहते थे (5)
5. तिनके की जाति का एक लंबा, सीध और गिरहदार पौधा (2)
7. पुराणानुसार अयोध्या के सूर्यवंशी राजा जिनकी दूसरी रानी सुमति के गर्भ से 60000 पुत्र हुए थे (3)
8. यह मक्का शरीफ की तीर्थ यात्रा कहलाती है (2)
10. जिस वाद्य में तार लग हों (2)
11. रोगी, बीमार (3)
12. विशाल, बड़ा, वृहत (3)
13. बढ़ती का समय, अभ्युदय काल (2)
14. जिस पर कुछ अंकित न हो (2)
17. हृदय, अंतकरण (2)
18. पुराणानुसार भगवान शंकर का एक गण जिसने दक्ष के यज्ञ का विध्वंस किया था (4)
21. पिंडदान को यह भी कहा जाता है (3)
22. चरबी, फैट, मेदा (3)
24. यह म्यांमार देश का पुराना नाम है (2)
25. अरब का प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)

**ऊपर से नीचे**
1. बीच की संख्या, माध्य, बीच का (3)
2. रंग से युक्त होने का भाव, मजा (3)
3. रचेता, विष, जहर, व्यवसायी (2)
4. 33 छोटे-छोट द्वीप वाला एक अरब देश जिसकी राजधानी मनामा है (4)
6. अभिभावक, संरक्षक, संरक्षण देने वाला (5)
9. न्यायाधीश (2)
11. हिंदी की सर्वाधिक प्रतिभावान कवयित्री जिन्हें आधुनिक मीरा के नाम से जाना जाता है (6)
14. यह तीसरा वेद है जिससे संगीत शास्त्र का आरंभ होता है (4)
15. स्वेच्छा से दिया हुआ धन, द्रव्यादि (2)
16. पंच तत्वों में से एक, आकाश, गगन (2)
19. क्रिकेट के बल्लेबाजों का मापदंड (2)
20. गोंद, वृक्ष निर्यात, श्लेषी (3)
21. समस्त, कुल, एक प्रसिद्ध टीवी चैनल (2)
23. स्वच्द, निर्मल (2)

### वर्ग पहेली 5496 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | वा | ह | र | ला | ल | | स |
| ग | ग | क | | य | क | स | र |
| दं | | त | ला | क | | फ | ल |
| बा | द | ल | | | भ | र | ता |
| | स | फी | ना | | ला | ना | |
| रा | ह | | च | क्षु | | मा | शा |
| | री | झ | ना | | व्यो | | गि |
| | | ट | | ह | म | द | र्द |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होने से आपका मन प्रसन्न होगा। साथ ही आपको थोड़ा सावधान रहने की सलाह है। आपकी कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय में व्यापारी से अनबन हो सकती है। किसी से भी पैसों का लेनदेन न करें तो आपके लिए अच्छा होगा। कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे।

### वृष
आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों को लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। यात्रा सामान्य रूप से लाभप्रद होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। दोपहर के बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष में नया मोड़ आ सकता है। शाम के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में नुकसान होने की आशंका है। आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। आपके जीवन में अशांति बढ़ सकती है और ऑफिस में लोग आपकी बातों पर ध्यान नहीं देंगे तो इससे आपको तकलीफ होगी। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले कई दिन से चल रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लेंगे। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### मिथुन
आज करियर में हानि की आशंका है। कोई भी काम काफी सोचकर करें वरना आपका नुकसान हो सकता है। दोपहर के बाद आप बिजनस में किसी नए आइडिया पर काम कर सकते हैं। अच्छे कार्य करने से आपको पुण्य की प्राप्ति होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा। संतान पक्ष से संतुष्टि और हर्षदायक है। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### तुला
आज दिन भाग्योदय कारक है। आपके लिए धन की प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। जीवनसाथी एवं व्यापार में आपके संबंध बेहतर होंगे और आपको लाभ होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपको खुशी होगी। नौकरीपेशा वर्ग के लोगों को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

### वृश्चिक
आज कन्या राशि के लोगों के लिए दिन भाग्य में वृद्धि का है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं। सांयकाल से लेकर रात्रि तक पुराने मित्रों के मिलन से मन प्रसन्न रहेगा, मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

### मकर
आज करियर में सफलता का दिन है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। सतर्क रहें।

### कुंभ
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको अचानक किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन बढ़ सकती है और काफी दौड़भाग हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्तों पर आंख बंद करके भरोसा न करें। जोखिम के काम से दूर रहें।

### धनु
आज दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा और आपकी अच्छी छवि का निर्माण होगा। आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। अवरोध-विरोध के होने पर भी संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे और भाग्य में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों के साथ शाम के वक्त का कोई प्लान बन सकता है। मन प्रसन्न होगा।

### मीन
आज दिन शानदार और सफलता से भरा होगा। दूसरों की मदद करने के बाद आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। लेकिन आपको उनकी तरफ ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। अपने काम पर फोकस करें तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपकी योजनाएं सफल होंगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### ऋतिका सिंह ने कहा, "मनासा शर्मा मेरे किरदार मीनाक्षी का जीता-जागता उदाहरण है

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की नई सीरीज बेंच लाइफ में एक कर्मचारी की कॉर्पोरेट जिंदगी को एक नए अंदाज में दिखाया गया है। इसमें आईटी की दुनिया का वह सच सामने आता है, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। जब किसी कर्मचारी के पास काम नहीं होता, तो उसे 'बेंच्ड' कहा जाता है। इस शो में एक मजेदार दोस्तों का ग्रुप है, जो कॉर्पोरेट कल्चर के उतार-चढ़ावों का सामना करते हुए बेंच्ड होने का भी अपना ही मजा लेते हैं।बालू, मीनाक्षी, ईशा और रवि के किरदार इस शो में अपनी-अपनी खासियतें लेकर आते हैं। वे कभी महत्वाकांक्षी होते हैं, तो कभी आराम की तलाश में। इस अनोखी कहानी में ये चारों दोस्त मिलकर जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं का सामना करते हैं, जिससे दर्शकों को एक अलग ही नजरिया देखने को मिलता है।इस शो में मीनाक्षी का किरदार भी बहुत खास है, जो डायरेक्टर बनना चाहती है, लेकिन कॉर्पोरेट दुनिया की उलझनों में फंसी हुई है। इस किरदार को एक्ट्रेस ऋतिका सिंह ने निभाया है। हाल ही में उन्होंने अपने किरदार के पीछे की असल प्रेरणा के बारे में बात की और बताया, बेंच लाइफ में मेरा किरदार हमारी निर्देशक मनासा शर्मा की असल जिंदगी पर आधारित है। उनके सफर को देखना मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक था। उन्होंने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम किया और अब अपनी खुद की सीरीज का निर्देशन कर रही हैं। यह देखना वाकई खुशी की बात है कि महिलाएं अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने जुनून को बनाए रखती हैं, अपने दिल की बात सुनती हैं, और पूरी मेहनत से उस पर काम करती हैं। समाज की उम्मीदों और नियमों के बीच अपने पसंदीदा काम को करने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। बेंच लाइफ में ऐसे किरदार को निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूँ। सोनी लिव की सीरीज बेंच लाइफ का निर्देशन मनासा शर्मा ने किया है और इसका निर्माण पिंक एलीफैंट पिक्चर्स के तहत निहारिका कोनिडेला ने किया है।

### पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों को चाकू मारा, तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के चेन्नम्मा सर्कल में मंगलवार आधी रात को तीन युवकों को चाकू मारने की घटना हुई. पुलिस ने बताया कि घटना में दर्शन पाटिल, सतीश पुजारी और प्रवीण गुंडियागोला घायल हो गए. युवक के पेट में चाकू घोंपकर पांच आरोपी फरार हो गए. पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, घायलों को इलाज के लिए बेलगावी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है. पुलिस ने जिला अस्पताल जाकर घटना की जानकारी ली. मामले पर टिप्पणी करते हुए सिटी पुलिस कमिश्नर इडा मार्टिन मार्बनियांग ने मीडिया से कहा, यह घटना चेनम्मा सर्किल में हुई. गणेश विसर्जन जुलूस में चाकूबाजी नहीं हुई, यह सिर्फ एक झगड़ा था. पुलिस ने झगड़ा रुकवाया और युवकों को वापस भेज दिया.उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि दोनों समूहों के बीच पुरानी दुश्मनी थी. जुलूस के दौरान नाचते समय सभी एक-दूसरे को छू रहे थे.

### देश में मंकीपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि, यूएई से केरल लौटा शख्स पाया गया पॉजिटिव

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** देश में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया है। केरल सरकार ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से हाल ही में लौटे 38 वर्षीय शख्स इस संक्रमण से संक्रमित पाए गए हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि मलप्पुरम के 38 वर्षीय व्यक्ति का संयुक्त अरब अमीरात से लौटने के बाद परीक्षण कराया गया था, जो पॉजिटिव आया है। फेसबुक पर एक पोस्ट में जॉर्ज ने लोगों से उपचार लेने और बीमारी से संबंधित कोई भी ज्ञात लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग को सूचित करने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य मंत्री जॉर्ज ने कहा कि एमपॉक्स के मरीज को अलग कर दिया गया है और मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार उसका इलाज किया जा रहा है। बता दें कि 9 दिन पहले देश में पहले मंकीपॉक्स केस की पुष्टि हुई थी। पीड़ित शख्स ने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी।

# नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक जंगलराज का प्रमाण: मल्लिकार्जुन खड़गे

**नवादा, एजेंसी।**
बिहार के नवादा में महादलित टोला में दबंगों द्वारा फायरिंग के बाद 80 घरों में आग लगाने कि घटना को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जंगलराज का नाम दिया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस घटना को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण है। बेहद निंदनीय है कि करीब 100 दलित घरों में आग लगाई गई, गोलीबारी की गई और रात के अंधेरे में गरीब परिवारों का सब कुछ छीन लिया गया। भाजपा और उसके सहयोगी दलों की दलितों-वंचितों के प्रति घोर उदासीनता, आपराधिक उपेक्षा व असामाजिक तत्वों को बढ़ावा अब चरम पर है। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह मौन हैं, नीतीश जी सत्ता के लोभ में बेफिक्र हैं और एनडीए की सहयोगी पार्टियों के मुंह में दही जम गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट पर



लिखा, नवादा, बिहार में महादलितों के 80 से ज्यादा घरों को जला देने की घटना बेहद खौफनाक और निंदनीय है। दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए इतने बड़े पैमाने पर आतंक मचाकर लोगों को बेघर कर देना यह दिखाता है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आम ग्रामीण-गरीब असुरक्षा और खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। हमारी राज्य सरकार से मांग है कि ऐसा अन्याय करने वाले दबंगों पर सख्त कार्रवाई हो और सभी पीड़ितों का समुचित पुनर्वास किया जाए।

दरअसल यह घटना नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देदौर कृष्णा नगर टोले की है। इस महादलित टोला में लगभग 100 घरों से अधिक महादलित परिवार रहते है। ग्रामीणों के मुताबिक अचानक हुई घटना की वजह से लोग कुछ समझ नहीं पाए। दनादन गोलियों की आवाज सुनकर बस्ती में अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे।

ग्रामीणों का कहना है कि, यह घटना बुधवार रात करीब साढ़े सात बजे की है, जब महादलित बस्ती में कई घरों में महिलाएं खाना बना रही थी। इस घटना में घर के जरूरी सामान जलकर खाक हो गए, वहीं इस आगजनी में कई मवेशियों के जलकर मरने की भी सूचना है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पंहुची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से टोला में पीड़ित परिवारों को खाने की सामग्री वितरित की गई।

घटनास्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने कहा कि, घटना के बाद 10 लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस घटना की जांच पड़ताल जारी है। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

## सलमान खान के घर गोलीबारी के आरोपी का दावा-जेल के डॉक्टर ने मांगे 10 हजार रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के एक आरोपी ने बुधवार को आरोप लगाया कि जेल के एक डॉक्टर ने उसकी टूटी हुई उंगली के इलाज के लिए पैसे मांगे। अप्रैल में गोलीबारी की घटना में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किए गए हरपाल सिंह ने न्यायाधीश बीडी शेल्के के समक्ष यह आरोप लगाया, जब उसे वीडियो लिंक के जरिये मुंबई में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की विशेष अदालत में पेश किया गया।

अदालत ने तलोजा जेल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। सिंह इसी जेल में बंद है। अदालत ने जेल अधिकारियों से आरोपी को आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए भी कहा।

बांद्रा में 14 अप्रैल की सुबह सलमान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने पांच राउंड गोलीबारी की थी। पुलिस ने दावा किया था कि हमले के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ है। अब तक इस मामले में छह लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

सिंह ने बुधवार को अदालत को बताया कि पिछले आठ महीने से उनके दाहिने हाथ की एक उंगली चोटिल है। उसने आरोप लगाया कि सीएमओ ने उसे अस्पताल भेजने के लिए 10,000 रुपये की मांग की। अदालत ने मामले में सात अक्टूबर तक रिपोर्ट मांगी है।

## गुरुग्राम में बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़, भीख मंगवाने के लिए उठाया था 5 साल का मासूम

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने बच्चा चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह की दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के चंगुल से 5 साल के एक बच्चे को भी बचाया गया है। बच्चे का मंगलवार को अपहरण किया गया था। गुरुग्राम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने बच्चे को सड़कों पर भीख मांगवाने के लिए अगवा किया था।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम को बेहरामपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि जब उसका पांच वर्षीय बेटा खेल रहा था उसी दौरान एक अज्ञात महिला आई और उसे उठाकर ले गई। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। बच्चे की तलाश के लिए आनन-फानन में पुलिस की दो स्पेशल टीमें गठित की गईं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार देर रात को बताया कि सेक्टर 52 इलाके से दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान वर्षा (27), आशा उर्फ ??सपना (23) और उसके पति मुकुल (27) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हैरान करने वाले खुलासे किए। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि दोनों महिलाएं मंगलवार को बच्चे का अपहरण करने के लिए बेहरामपुर गांव आई थीं। जब बच्चा सड़क पर खेल रहा था उस दौरान वर्षा ने उसका अपहरण किया। वह बच्चे को घाटा गांव ले आई, जहां मुकुल और सपना बच्चे को अपने किराए के कमरे में ले आए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने बच्चे को बिहार ले जाने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे बचा लिया। अधिकारी ने यह भी बताया कि आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने बच्चे को सड़कों पर भीख मांगवाने के लिए अगवा किया था।

# केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय अंतराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर करेगा सम्मानित

विशेष संवाददाता | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उत्तराखंड को पर्यटन प्रदेश बनाने की मुहिम रंग ला रही है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से राज्य के चार गांवों को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आगामी 27 सितंबर को नई दिल्ली में यह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। संस्कृति और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, समुदाय आधारित मूल्यों व जीवन शैली को बढ़ावा देने एवं आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को इसमें परखा जाता है। इन्हीं विषयों पर प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। इस वर्ष प्रविष्टियों के आधार उत्तराखंड के चार गांवों का इस पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन, हर्षिल गांव को वाइब्रेंट विलेज, पिथौरागढ़ जिले के सीमान्त गुंजी गांव को वाइब्रेंट विलेज और नैनीताल जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार के लिए चुना गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी ग्रामवासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्यटन विकास में आम जनता की अहम भूमिका है। उत्तराखंड को पर्यटन प्रदेश के रूप में स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है, इसके लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, लेकिन राज्य की देवतुल्य जनता के सहयोग से ही यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# गुरुग्राम में 555 जर्जर इमारतें, दिल्ली जैसे हादसे का बढ़ा खतरा

**गुरुग्राम एजेंसी।**
गुरुग्राम में भी दिल्ली के करोलबाग जैसा हादसा कभी हो सकता है। यहां नगर निगम ने 555 जर्जर इमारतों को तीन साल पहले चिह्नित किया था। इसके बाद से इन पर निगम की तरफ से न तो सील करने की कार्रवाई की गई और न ही इनमें रह रहे लोगों से खाली करवाई गई है।

इन जर्जर इमारतों में रहने वाले लोग अब भी अपनी जान को जोखिम में डाल कर रह रहे हैं। वहीं, इनसे हादसे का भी खतरा है। बता दें कि दिल्ली के करोलबाग में बुधवार की सुबह एक मकान भरभरा कर गिर गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। वहीं, गुरुग्राम में जर्जर इमारतों को चिह्नित किए नगर निगम को तीन साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई कदम उठाया नहीं गया। निगम अधिकारियों ने इन इमारतों के मालिकों को सिर्फ नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। मानसून के मौसम के दौरान लगातार बारिश होने और गलियों



में जलभराव होने से पानी जर्जर इमारतों की नींव में चला जाता है। जिस कारण यह जर्जर इमारतें भरभरा कर गिर जाने का हर समय खतरा रहता है। दिल्ली से पहले ऐसा ही एक हादसा यूपी के मेरठ शहर में भी हुआ था, जिसमें एक ही परिवार चार से ज्यादा लोगों की दबने से मौत हो गई थी। अब दिल्ली के करोल बाग में भी यह हादसा हो गया है। ऐसे में गुरुग्राम में भी ऐसा हादसा नहीं हो इसके लिए निगम की तरफ से जर्जर इमारतों का सर्वे तो करवा लिया है, लेकिन इनके खिलाफ आज कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डिविजन अनुसार कार्यकारी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जर्जर इमारतों की रिपोर्ट तैयार करनी होती है। इसके बाद निगम की तरफ से इन भवन मालिकों को नोटिस दिया जाता है, अगर जवाब संतोषजनक नहीं मिलता है तो उसे खाली करने के लिए बोला जाता है या फिर मकान को तोड़ने के निर्देश दिए जाते हैं। अगर मकान मालिक यह कहता है कि उन्हें मकान से कोई खतरा नहीं है तो उसे खुद अपने भवन को ऑडिट करवाना होता है। ऑडिट रिपोर्ट निगम में जमा करवानी होती है। अभी तक न तो किसी भवन मालिक ने ऑडिट करवाकर निगम को रिपोर्ट दी है और न ही निगम ने किसी पुरानी इमारत को तोड़ा है। निगम की तरफ से करवाए गए सर्वे में भीमनगर, जैकबपुर, सुभाष नगर, नया बाजार, गोपाल नगर, नई बस्ती, चक्करपुर, सिंकदरपुर, राजेंद्रा पार्क, लक्ष्मण विहार, कृष्णा कॉलोनी, भीम नगर, शिवाजी नगर, मियां वाली कॉलोनी, पटेल नगर, दयानंद कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, गांव झाड़सा समेत दर्जनों स्थानों पर अवैध और असुरक्षित भवन बने हुए हैं। शहर के सबसे पुराने और सबसे बड़े सदर बाजार में मस्जिद के पास एक दुकान काफी पुरानी है। भवन जर्जर होने के बाद भी यहां होटल चलाया जा रहा है। दुकान मुख्य गली में होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोगों का अवागमन होता है। वहीं, इस दुकान से आगे एक बहुत बड़ी जर्जर इमारत बनी हुई है।

# फरीदाबाद में पुलिसकर्मी की फाड़ दी वर्दी, सिर पकड़कर शीशे पर मारा; कार रोकने पर भारी बवाल

**फरीदाबाद एजेंसी।**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रैली के दौरान मंगलवार बीपीटीपी चौराहे पर यातायात को सुचारू कर रहे एक पुलिसकर्मी के साथ कार सवार युवकों ने मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उनकी वर्दी भी फाड़ दी और उनका सिर पकड़कर कार के शीशे पर मारा।

शिकायत पर बीपीटीपी थाना की पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ईएएसआई दिलबाग ने अपनी शिकायत में बताया है कि मंगलवार शाम वह बाइपास रोड स्थित बीपीटीपी चौराहे पर तैनात थे। होमगार्ड अजय के साथ वह यातायात को सुचारू करने में जुटे थे। क्योंकि चौराहे पर जाम की स्थिति बनी थी। ऐसे में वाहनों को बड़ी मशक्कत से चौराहा पार कराया जा रहा था।

पीड़ित ने बताया कि इस दौरान एक चालक लापरवाही से कार लेकर आगे आने लगा। उसे रुकने के लिए कहा गया तो कार चालक उन्हें टक्कर मार दी और कार को उनपर चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद कार से चार युवक उतरे और उनपर लात-घूसे चलाए। आरोप है कि इस दौरान युवकों ने उनका सिर फोड़ दिया।

पीड़ित ने बताया कि मारपीट करने के दौरान आरोपी जोर-जोर से चिल्ला रहे थे और कह रहे थे कि वह यहां के बदमाश हैं। साथ ही वकील भी हैं। अदालत में खुद निपट लेंगे। आरोपियों ने पीड़ित से कहा कि वह यहां के स्थानीय दबंग हैं, उन्हें नौकरी नहीं करने देंगे। साथ ही बीच चौराहे गोली मार देंगे। बीपीटीपी थाना की पुलिस मामला दर्जकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनके कार को जब्त कर बाकी दो आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़ित ने बताया कि होमगार्ड दूसरी ओर ड्यूटी दे रहा था। वह मारपीट देखकर शोर मचाने लगा और दौड़ा। उनकी शोर सुनकर अन्य चालक भी अपने वाहन से उतरे और उन्हें आरोपियों के चंगुल से बचाया। फिर डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार आरेपियों में से दो को मौके पर ही पकड़ लिया। बाकी दो आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार होने में सफल रहे।

# मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का आरोप- तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी का हुआ इस्तेमाल

**अमरावती, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने पिछली वाईएसआर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उनके राज में तिरुपति में प्रसाद में मिलने वाले लड्डुओं में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार शुद्ध घी की जगह जानवरों की चर्बी इस्तेमाल करती थी। वाईएस जगन मोहन रेड्डी की अगुवाई वाली पार्टी ने इस आरोप को खारिज करते हुए दुर्भावनापूर्ण बताया है।

बुधवार को एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि जगन रेड्डी सरकार के तहत तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर द्वारा प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले लड्डू बनाने के लिए शुद्ध घी की जगह जानवरों की चर्बी का उपयोग किया गया था। मंदिर का प्रबंधन तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा किया जाता है। नायडू की तेलुगु देशम पार्टी जून में पवन कल्याण की जन सेना और भाजपा के साथ गठबंधन करके आंध्र प्रदेश में सत्ता में आई है। नायडू ने तेलुगु में कहा, पिछले 5 वर्षों में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने तिरुमला की पवित्रता को कलंकित किया है। उन्होंने अन्नदानम (मुफ्त भोजन) की गुणवत्ता से समझौता किया और घी के बजाय पशु चर्बी का उपयोग करके पवित्र तिरुमला लड्डू को भी दूषित कर दिया। इस खुलासे ने चिंता पैदा कर दी है। हालांकि, अब हम शुद्ध घी का उपयोग कर रहे हैं। हम टीटीडी की पवित्रता की रक्षा करने का प्रयास कर रहे हैं।

उधर, इस पूरे मामले में वाईएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने नायडू पर तिरुपति मंदिर की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। रेड्डी ने एक्स पर लिखा, चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। तिरुमला प्रसाद के बारे में उनकी टिप्पणी अत्यंत दुर्भावनापूर्ण है। कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्द नहीं बोलेगा या ऐसे आरोप नहीं लगाएगा।

# 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु भाजपा जिला समितियों की संख्या बढ़ाएगी

**चेन्नई, एजेंसी।**
भाजपा की तमिलनाडु इकाई 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत संगठन के जमीनी ढांचे में सुधार के लिए बड़े संगठनात्मक सुधार की योजना बना रही है।

भाजपा के सूत्रों के अनुसार, पार्टी जिला समितियों की संख्या को मौजूदा 66 से बढ़ाकर 78 करने की योजना बना रही है। राज्य नेतृत्व का मानना है कि जिला इकाइयों की संख्या बढ़ाने से पार्टी के पास अधिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी होंगे, जिससे राज्य में इसकी उपस्थिति बढ़ेगी। भाजपा ने पहले ही बूथ स्तर पर 200 नए सदस्यों को शामिल करने की योजना बनाई है, जिससे पूरे राज्य में भाजपा का विस्तार होगा और तमिलनाडु की राजनीति में भाजपा एक शक्तिशाली इकाई बन जाएगी।

2 सितंबर से शुरू हुआ भाजपा का



सदस्यता अभियान तमिलनाडु में पिछड़ रहा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने आईएएनएस को बताया कि एआईएडीएमके से संबंध तोड़ने के बाद पार्टी की विचारधारा में बदलाव से स्थानीय और मध्य-स्तर के कार्यकर्ता भ्रमित हैं। सदस्यता अभियान में धीमी प्रगति का यही एक कारण है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में गठबंधन की राजनीति चल रही है और उचित सहयोगियों के बिना पार्टी प्रदेश की राजनीति में प्रभाव नहीं डाल पाएगी। पार्टी द्वारा एआईएडीएमके के साथ दशकों पुराना संबंध समाप्त करने के बाद पार्टी के कई जमीनी और मध्यम स्तर के कार्यकर्ता पार्टी गतिविधियों में धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं।

तमिलनाडु भाजपा ने खुद को द्रविड़ पार्टियों और राजनीति के विकल्प के रूप में पेश किया है। हालांकि, इस कदम से अपेक्षित नतीजे नहीं मिले हैं और पार्टी के कई पारंपरिक क्षेत्रों में नाराजगी भी पैदा हुई है। भाजपा की तमिलनाडु राज्य इकाई अब एक समन्वय समिति द्वारा संचालित की जा रही है, जिसके संयोजक वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक एच राजा हैं। यह इस कारण हुआ है कि वर्तमान अध्यक्ष के. अन्नामलाई उच्च शिक्षा के लिए यूनाइटेड किंगडम में तीन महीने की छुट्टी पर चले गए हैं।

तमिलनाडु भाजपा भी 2026 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रभावशाली लोगों को पार्टी में शामिल करने की योजना बना रही है। पार्टी के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि कुछ फिल्म स्टार, पूर्व क्रिकेटरों, उद्योगपतियों और अन्य खिलाड़ियों को भाजपा में शामिल होने के लिए पहले ही प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। भाजपा तमिलनाडु में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए जिला और स्थानीय स्तर पर समितियों की संख्या बढ़ा रही है, लेकिन उसके सामने द्रविड़ मॉडल को तोड़ने और राज्य की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने की बड़ी चुनौती है।

## विश्व मुक्केबाजी विजेता निकहत जरीन तेलंगाना पुलिस में डीएसपी के पद पर नियुक्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य सरकार ने जरीन को डीएसपी (विशेष पुलिस) के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रसिद्ध भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने तेलंगाना पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक जितेंद्र को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। बुधवार रात जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य सरकार ने जरीन को डीएसपी (विशेष पुलिस) के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। निजामाबाद जिले की रहने वाली जरीन दो बार विश्व बॉक्सिंग विजेता रह चुकी हैं।

# 38 साल के अश्विन का चेन्नई में गरजा बल्ला ठोका टेस्ट क्रिकेट का छठा शतक



**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में चेन्नई में जहां भारत के दिग्गज खिलाड़ियों जैसे कि रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल ने निराश किया तो वहीं यशस्वी जायसवाल ने 56 रन की पारी खेली। लंबे समय बाद टेस्ट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी अच्छा प्रयास किया और टीम के लिए 39 रन बनाए, लेकिन पहली पारी में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रवि अश्विन ने कमाल कर दिया और बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का छठा शतक लगा दिया।

### बांग्लादेश के खिलाफ अश्विन का टेस्ट में पहला शतक

आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार शतकीय पारी खेली तो वहीं भारतीय धरती पर टेस्ट क्रिकेट में ये उनका चौथा शतक भी रहा। अश्विन ने इस शतक से पहले टेस्ट क्रिकेट में एक शतक इंग्लैंड के खिलाफ तो वहीं 4 शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाए थे।
इस मैच में भारत के 6 विकेट 144 रन के स्कोर पर गिर गए थे और उसके बाद अश्विन ने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए कमाल की साझेदारी की और भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### अश्विन ने खेली तेज पारी, लगाया शतक

आर अश्विन ने इस मैच में 58 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया था और फिर उन्होंने अपना शतक 108 गेंदों पर पूरा किया। इस शतकीय पारी के दौरान उन्होंने 2 छक्के और 10 चौके लगाए।

टेस्ट क्रिकेट में चेन्नई में ये उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक रहा। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथी बार शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में पहली पारी में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली बार शतक लगाने का भी कमाल किया। इस शतकीय पारी के साथ अश्विन ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर के 101वें मैच को यादगार बना दिया। भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 339 रन बनाये। अश्विन नाबाद 102 जडेजा 86 नाबाद रहे।

## विनेश फोगाट का आरोप

# पीएम मोदी के दिल में खिलाड़ियों के लिए सच्चा प्यार नहीं है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने के बावजूद पदक जीतने से चूक गईं। वह फाइनल में स्वर्ण पदक की दावेदार मानी जा रहीं थीं, लेकिन प्रतिस्पर्धा वाले दिन उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा निकला और वह डिस्क्वालिफाई हो गईं। उनके डिस्क्वालिफाई होने पर देश भर के खेल प्रेमियों ने निराशा जाहिर की। राजनेताओं ने ओलंपिक आयोजन समिति के फैसले पर अपना विरोध जताया।

हालांकि, नतीजा सिफर रहा और विनेश पेरिस से खाली हाथ भारत लौटीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें चैंपियन ऑफ चैंपियन कहा, लेकिन विनेश फोगाट को लगता है कि ऐसा सिर्फ उन्होंने जनता की सहानुभूति लेने के लिए किया। विनेश फोगाट का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में खिलाड़ियों के प्रति सच्चा प्यार नहीं है। वह सिर्फ अपनी ताकत दिखाने के लिए ऐसा करते हैं। इंटरव्यू में विनेश ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की।

**सवाल:** आपने जंतर-मंतर पर अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री की चुप्पी के बारे में बात की है

**विनेश फोगाट:** यह बहुत निराशाजनक था। वह एथलीट्स से मिलते रहते हैं और कई अलग-अलग काम करते रहते हैं। अगर वह खेलों के बारे में वाकई सोचते हैं और खिलाड़ियों के लिए उनका सच्चा प्यार है, तो मुझे नहीं लगता कि इतनी बड़ी घटना (विरोध प्रदर्शन) के बाद वह खुद को रोक पाते. जब उन्हें सब कुछ पता होता है, तब भी कुछ नहीं कहनाज यह खिलाड़ियों के लिए सच्चा प्यार नहीं है, वह सिर्फ अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं।

**सवाल:** आपके पदक से चूकने के बाद प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया था कि 'आप चैंपियनों में चैंपियन हैं'

**विनेश फोगाट:** उन्होंने कब ट्वीट किया? मेरे फाइनल में पहुंचने के एक पूरे दिन बाद तक कोई ट्वीट नहीं किया। इससे पहले उन्होंने तुरंत सभी एथलीट्स को फोन किया था। वजन मापने का मुद्दा अगले दिन हुआ। फाइनल में पहुंचने के बाद मुझे प्रधानमंत्री का फोन क्यों नहीं आया? कारण स्पष्ट है।

**सवाल:** खबर है कि हरियाणा सरकार आपको ओलंपिक रजत पदक विजेता जितना इनाम देने को तैयार है.

**विनेश फोगाट:** पूरा देश उम्मीद कर रहा था कि मैं स्वर्ण पदक जीतूंगी। अगर सरकार कहती कि हम स्वर्ण पदक विजेता जितना इनाम देंगे तो लगता कि वादा दिल से किया गया है, लेकिन इसमें राजनीति ज्यादा थी कि हम आपको रजत पदक विजेता जितना इनाम देंगे और आपको सम्मानित करेंगे।

देशवासियों के दिल में मेरे प्रति भावनाएं थीं, मैं किसी को भावनाओं के साथ राजनीति नहीं करने दूंगी। पहले सुना कि कोई कार्यक्रम (सम्मान) होगा। मैंने चेक लौटा दिया। फिर उन्होंने कहा कि खाते में आ जाएगा, लेकिन कुछ नहीं आया। यह सिर्फ बातें थीं क्योंकि चुनाव नजदीक थे। मुझे ओलंपिक खेलने के लिए सिर्फ 15 लाख रुपये मिले।

**सवाल:** क्या आपको लगता है कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संस्था को दूसरे दिन कम से कम 1 चत्र वजन घटाने की छूट देनी चाहिए?

**विनेश फोगाट:** बिल्कुल। मुझे लगता है कि फाइनल में पहुंचने वालों का वजन दोबारा जांचने की भी जरूरत नहीं है। या उन्हें दूसरे दिन वजन मापने में थोड़ी देरी करनी चाहिए ताकि उन्हें अधिक समय मिल सके। इसमें छूट होनी चाहिए, खासकर महिलाओं के लिए क्योंकि उनकी शारीरिक संरचना पुरुषों से अलग होती है।

जब आप अपनी फिटनेस के चरम पर होती हैं तो महिलाएं एक दिन में 3 किलो से अधिक वजन नहीं घटा सकती हैं क्योंकि आपका वसा प्रतिशत पहले से ही बहुत कम होता है। पुरुष पहलवान ऐसा कर सकते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि हमारे शरीर में पानी जमा रहता है।

सभी महिला एथलीट्स दूसरे दिन वजन घटाने को लेकर चिंतित रहती हैं। खेल गांव में अलग-अलग खेलों से कम से कम 50 ऐसे एथलीट थे, जिन्होंने मुझे गले लगाया और कहा कि यह गलत है।

# 634 दिन बार टेस्ट में वापसी कर ऋषभ पंत ने टेस्ट में हासिल किया खास मुकाम



**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच के जरिए ऋषभ पंत ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में 634 दिन के बाद वापसी की। टेस्ट में वापसी से पहले पंत ने दलीप ट्रॉफी 2024 में भी अपना हाथ आजमाया था और अच्छा प्रदर्शन किया था। पंत को पहले टेस्ट मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया और उन्होंने पहली पारी में कठिन परिस्थिति में भारत के लिए संघर्षपूर्ण पारी खेली। हालांकि पंत अपनी इस पारी को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए, लेकिन प्रभावी साबित हुए। अपनी इस पारी के जरिए पंत ने बतौर भारतीय विकेटकीपर 4000 रन पूरे किए और एमएस धोनी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बने।

ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 52 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 39 रन की पारी खेली और बतौर विकेटकीपर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले पंत दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत का बतौर विकेटकीपर इंटरनेशनल क्रिकेट में अब टोटल स्कोर 4014 रन हो गया। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 4000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज एमएस धोनी थे।

# मोहन बागान ने ड्रॉ के साथ की एफसी चैंपियंस लीग 2 की शुरुआत, रावशन कुलोब से था मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के कोलकाता का फुटबॉल क्लब मोहन बागान के लिए एफसी चैंपियंस लीग 2 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. भारतीय फुटबॉल क्लब को पहला मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त करना पड़ा. मुकाबले में मोहन बागान के सामने तजाकिस्तान के रावशन कुलोब की चुनौती थी. दोनों के बीच यह मुकाबला बुधवार (18 सितंबर) को खेला गया.



### दोनों टीमों ने गंवाए मौके

मुकाबले में मोहन बागान की तरफ से कई मौके मिस किए गए. पहला मौका 19वें मिनट पर मिला. हालांकि इस मौके को भुनाया नहीं जा सका. फिर 27वें मिनट पर रावशन कुलोब को लगभग गोल करने का मौका मिल ही गया था, लेकिन बागान के गोलकीपर विशाल कैथ ने उसे सेव कर लिया. इसके अलावा भी रावशन कुलोब की तरफ से कुछ अटैक किए गए, लेकिन मोहन बागान के सामने वो विफल रहे.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहन बागान और रावशन कुलोब के बीच खेले गए मुकाबले को देखने के लिए करीब 18 हजार लोग पहुंचे थे.

### ग्रुप ए में मौजूद है मोहन बागान

बता दें कि मोहन बागान एफसी चैंपियंस लीग 2 के ग्रुप ए में मौजूद है. 4 टीमों वाले ग्रुप में मोहन बागान पहले ड्रॉ के साथ तीसरे पायदान पर है, जबकि तजाकिस्तान की रावशन कुलोब दूसरे नंबर पर है. वहीं 1 में 1 जीत के साथ ईरान का ट्रैक्टर एस सी क्लब पहले नंबर पर है. एक जीत के साथ ट्रैक्टर एस सी के पास 3 प्वाइंट्स मौजूद हैं. वहीं मोहन बागान और रावशन कुलोब के पास ड्रॉ के बाद 1-1 प्वाइंट मौजूद है. ग्रुप में कतर का अल-वकरा क्लब एससी बिना किसी जीत के सबसे नीचे यानी चौथे पायदान पर है.

### ईरान के ट्रैक्टर एस सी से होगी अगली भिड़ंत

गौरतलब है कि पहला मैच ड्रॉ पर खत्म करने वाले मोहन बागान की अगली भिड़ंत ईरान के ट्रैक्टर एस सी से होगी. दोनों के बीच यह मुकाबला 02 अक्टूबर, बुधवार को खेला जाएगा. टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए मोहन बागान के लिए यह मैच जीतना बहुत जरूर होगा.

## शतरंज ओलंपियाड

# गुकेश की जीत से भारत ने चीन को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चैलेंजर डोमराजू गुकेश ने समय के दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और बुधवार को यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें दौर में भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। भारत ने महिला वर्ग में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें वैशाली रमेशबाबू और वंतिका अग्रवाल ने काले मोहरों से जीत हासिल कर टीम को जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-1 से हराने में मदद की।



जॉर्जिया 2008 में शतरंज ओलंपियाड का पूर्व विजेता है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा, जिससे उनके अंकों की संख्या 14 हो गई और वे सात राउंड के बाद स्टैंडिंग में एकमात्र लीडर बने रहे। ओपन सेक्शन में, उज्बेकिस्तान, ईरान और हंगरी ने अपने-अपने मैच जीतकर फिर से प्रतिस्पर्धा में वापसी की।

ईरान ने वियतनाम को हराया, जिसने पिछले राउंड में चीन को 2.5-1.5 से हराया था, हंगरी ने लिथुआनिया को इसी अंतर से हराया जबकि उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को 3-1 से हराया। हालांकि, एक दिन के आराम के बाद जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सभी की निगाहें भारत और चीन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थीं। सिंगापुर में होने वाले मेगा मुकाबले से पहले विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दावेदार डिंग लिरेन और गुकेश के बीच मुकाबला देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं।

# आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा मारे छक्के, सीपीएल 2024 में 240 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 15 गेंदों में जिताया...



**गयाना, एजेंसी।** आंद्रे रसेल का नाम भी सुना होगा और उनके काम के बारे में भी जानते होंगे. बिल्कुल वैसा ही वो सीपीएल 2024 में 18 सितंबर को खेले मुकाबले में करते दिखे हैं. त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए रसेल ने सिर्फ 15 गेंदों पर मैच जिताने वाली पारी खेली. गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रसेल आखिर तक नाबाद रहे. 240 की स्ट्राइक रेट से खेली अपनी इनिंग के बाद वो ना सिर्फ अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज रहे बल्कि सबसे ज्यादा रन भी उन्होंने ही बनाए.

गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही. उसके टॉप के 5 विकेट सिर्फ 89 रन पर गिर गए. लेकिन, उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे आंद्रे रसेल ने अपने साथी खिलाड़ी टिम डेविड के साथ मिलकर मैच को पलटने वाली इनिंग खेली.

# चीन को हराने के अगले ही दिन हैक हुआ हॉकी इंडिया का अकाउंट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** हॉकी के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की मेजबानी इस बार चीन के हाथों में थी. 17 सितंबर को हुए फाइनल में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से मात देकर पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया था.

इसके अगले ही दिन यानि बुधवार 18 सितंबर की देर रात हॉकी इंडिया 'एक्स' (पहले ट्विटर) का अकाउंट हैक हो गया. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पर भारत के हॉकी टीम की जानकारी 'हॉकी इंडिया' के जरिए ही दी जाती हैं. हैकर्स ने रात के करीब 11.30 बजे इस अकाउंट पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा एक पोस्ट किया. हालांकि, फिलहाल इसे रिकवर कर लिया गया है और पोस्ट को भी हटा दिया गया है. हॉकी इंडिया के एक्स अकाउंट के जरिए हैकर्स ने क्रिप्टकरेंसी की एक लिंक दी और इसके जरिए प्रोफिट कमाने की कोशिश की. पोस्ट में हैकर्स ने लिखा कि 'यह अकाउंट हो चुका है.

हम जिस भी अकाउंट को हैक करते हैं, उस पर एक टोकन एड्रेस पब्लिश करते हैं और साथ में प्रोफिट कमाते हैं.' भारतीय फैंस ने इस पोस्ट को तुरंत संज्ञान में लिया और जानकारी फैलानी शुरू कर दी. टीम इंडिया चीन में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को अपने नाम करने के बाद से भारत लौट चुकी है.

19 सितंबर की सुबह टीम ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया. भारत ने पांचवीं बार ये खिताब अपने नाम किया है. फाइनल में चीन ने भारत को कड़ी टक्कर दी थी. भारतीय टीम को फॉर्म को देखते हुए फैंस को उम्मीद थी कि आसानी से जीत मिल जाएगी.

## अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

# साउथ अफ्रीका को पहला वनडे 6 विकेट से हराया



**शारजाह, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए साउथ अफ्रीका को किसी भी फॉर्मेट में पहली बार हरा दिया है। बुधवार को शारजाह के मैदान पर पहले वनडे में टीम ने साउथ अफ्रीका को 106 रन पर ऑलआउट किया। फिर 26 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल भी कर लिया।

अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 4, अल्लाह घजनफर ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। बैटिंग में गुलबदीन नईब ने 34 और अजमतुल्लाह ओमरजई ने 25 रन बनाकर टीम को आसानी से जीत दिला दी। इसी के साथ अफगानिस्तान से 3 वनडे की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अफगानिस्तान की ऐतिहासिक जीत अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को तीनों फॉर्मेट में पहली बार ही हराया। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 और 2 वनडे खेले गए थे। सभी में साउथ अफ्रीका को जीत मिली थी।

अफगानिस्तान ने अब इतिहास पलटा और साउथ अफ्रीका को हरा दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप की हार का हिसाब बराबर किया दोनों टीमें आखिरी बार इसी साल 26 जून को टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में आमने-सामने हुई थीं। तब साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 56 रन पर ऑलआउट कर दिया था। साउथ अफ्रीका ने फिर 9 ही ओवर में मुकाबला जीत लिया था। अफगानिस्तान ने अब हिसाब बराबर किया और साउथ अफ्रीका को वनडे में 106 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 26 ही ओवर में मैच भी जीत लिया।

वायन मुल्डर ने लगाई फिफ्टी टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 36 रन के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवा दिए। टोनी डी जॉर्जी 11, काइल वेरियन 10 और रीजा हेंड्रिक्स 9 ही रन बना सके। 3 बैटर खाता भी नहीं खोल सके, जबकि कप्तान ऐडन मार्करम 2 ही रन बना पाए। वायन मुल्डर ने फिर फिफ्टी लगाई और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

उनके साथ बोर्न फोर्च्यून ने 16 रन बनाए। नांद्रे बर्गर ने एक रन बनाया, जबकि लुंगी एनगिडी खाता भी नहीं खोल सके। टीम 33.3 ओवर में 106 रन ही बना सकी। फजलहक फारूकी पावरप्ले में ही 3 विकेट झटक लिए थे। फारूकी को 4 विकेट अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 35 रन देकर 4 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर अल्लाह घजनफर ने महज 20 रन देकर 3 विकेट झटक लिए। जबकि राशिद खान ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। एक बैटर रनआउट भी हुआ।

अफगानिस्तान की भी खराब शुरुआत 107 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 35 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। रियाज हसन 16 और रहमत शाह 8 ही रन बना सके, रहमानुल्लाह गुरबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। टीम का स्कोर 50 रन के पार ही पहुंचा था कि कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी भी 16 रन बनाकर आउट हो गए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पाल समाज ने की डीएम से मुलाकात, नदी में बह गई महिला व पुत्र को बरामद कराने की मांग

**अम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अम्बा थाना क्षेत्र में अम्बा-देव पथ पर मंगलवार की रात बटाने नदी में बाइक से गिर कर बह गई प्रियंका देवी एवं उसके पुत्र सत्यम कुमार को नदी से अभी तक एसडीआरएफ की टीम नही ढूंढ़ पाई है। इसे लेकर पाल समाज के शिष्टमंडल नें गुरूवार को औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल के सदस्यों ने महिला और उसके पुत्र की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम को पुनः बहाल करने की मांग की। शिष्टमंडल में देव पाल समाज के नेता राजदेव पाल, सुजीत पाल, अनिल पाल, अजीत पाल एवं युवा समाजसेवी भूपेश यादव शामिल रहे।

### हमसे ने लगाया सदस्यता शिविर, 500 लोग सदस्य बने

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) द्वारा गुरुवार को दाउदनगर प्रखंड के बेलवा पंचायत में सदस्यता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे के अलावा जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज कुमार राय, छात्र हमसे के जिलाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, रामप्रसाद मांझी, विनोद भुइयां, उर्मिला देवी, राजेश वर्मा, राम नारायण पांडेय, देवन भुइयां, राजकुमार कुशवाहा, सुमंत, अंकित, सुरेंद्र पासवान, दिलीप पासवान, रमेश पासवान एवं रूपेश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने संजय पासवान को हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की दाउदनगर प्रखंड इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया।

### बारुण में प्रखंड स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** बारुण प्रखंड के केशव हाई स्कूल के प्रांगण में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड साधनसेवी संजीव कुमार, दीपक राज, बजरंगी कुमार, एकाउंटेंट कुश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर रौशन कुमार, प्राचार्या प्रमिला कुमारी एवं अजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरौली के प्रधानाध्यापक मंकु सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड के कलाकारों ने गायन, संगीत, नृत्य, भाव नृत्य एवं कजरी की एक से एक बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुति दी। आज के युवा महोत्सव में चयनित कलाकार जिला स्तरीय युवा महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के आयोजन से कलाकारों में अध्ययन के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्हें अपने जीवन में विशिष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

### बेलाबारिश में विकास नहीं होने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के मलहद पंचायत के वार्ड नंबर 06 बेलाबारिश में स्थित महादलित टोला में विकास की कमी देखी जा रही है। यहां के मुख्य मार्ग की स्थिति जर्जर है। इसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रकट करते हुए बीडीओ राजेश कुमार दिनकर को आवेदन दिया है। समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बीडीओ को दिए गए आवेदन मे आरोप लगाया हैं कि गांव की मुख्य सडक पर आज तक ईट सोलिंग का कार्य नही हुआ है। जब पंचायत के मुखिया संतोष रजक के पास समस्या से निजात दिलाने की मांग करते हैं तो वे कहते हैं कि आपलोग हमें वोट नही दिए हैं, जिसके कारण आपके गांव मे एक भी सरकारी योजना का लाभ नही लेने देंगे। ग्रामीणों का यह भी आरोप हैं कि इसके पूर्व भी पंचायती राज पदाधिकारी, गोह एवं जिला पदाधिकारी को इस समस्या की शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### फायरिंग मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने चरकुप्पा गांव निवासी सुनील कुमार उर्फ लाल बाबू के पुत्र हर्ष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि कांड संख्या 494/24 के मामले में डाक स्थान के पास फायरिंग हुआ था। जिसमें चरकावां निचली डीह निवासी रंजीत कुमार ने तीन नामजद एवं सात अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया था। सभी आरोपी फरार चल रहे है। हर्ष कुमार को गांव से ही गिरफ्तार कर भेज दिया गया।

डेंगू के मामलों में वृद्धि, सदर अस्पताल में विशेष अभियान जारी

# सदर अस्पताल में 81 लोग डेंगू पॉजिटिव

- एलीजा मशीन से किया गया टेस्ट, प्रबंधक बोले- सभी का हो रहा इलाज
- अब तक 259 लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 81 लोग एन एस 1 किट से और 13 लोग एलिजा टेस्ट से पॉजिटिव पाए गए हैं।
- डीएम श्रीकांत ने डेंगू की रोकथाम और जागरूकता फैलाने के लिए विशेष निर्देश दिए



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद सदर अस्पताल में एक अगस्त से डेंगू जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक 259 लोगों की जांच की जा चुकी है। इनमें से एन एस 1 किट के माध्यम से 81 लोगों को डेंगू पॉजिटिव पाया गया है, जबकि एलिजा टेस्ट के जरिए 13 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी मरीजों का उपचार सदर अस्पताल में किया गया और उन्हें स्वस्थ स्थिति में घर भेज दिया गया है। औरंगाबाद सदर अस्पताल प्रबंधक हेमंत राज ने बताया कि डेंगू एक खतरनाक संक्रमण है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी, बदन दर्द, और आंखों में दर्द शामिल हैं। कुछ गंभीर मामलों में मरीजों को सांस लेने में कठिनाई भी हो सकती है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और उपचार कराना आवश्यक है।

प्रबंधक ने बताया कि डेंगू का बुखार चार से दस दिनों तक रह सकता है, लेकिन कुछ मामलों में यह अवधि और भी बढ़ सकती है। मरीज को मच्छरदानी में रहना चाहिए और साफ-सुथरी जगह पर रहना चाहिए ताकि वह दूसरों को संक्रमित न कर सके। इसके अलावा, घरों में सफाई बनाए रखना, कूलर और पानी की टंकियों को ढक कर रखना, और मच्छरदानी का उपयोग करना डेंगू से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय हैं।

सदर अस्पताल में कार्यरत लैब टेक्नीशियन ने बताया कि डेंगू जांच के लिए 'डेंगू डे 1 टेस्ट किट' का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें दो डिवाइस होते हैं, जिनमें एक डिवाइस डेंगू एन एस 1 एंटीजन का पता लगाने के लिए होता है और दूसरा मानव सीरम या प्लाज्मा में डेंगू आईजीएम/आईजीजी एंटीबॉडी का परीक्षण करने के लिए। इसके अतिरिक्त, एलिजा मशीन का उपयोग एंटीजन और एंटीबॉडी की जांच के लिए किया जाता है। इस मशीन में मरीज का ब्लड सैंपल लेकर टेस्ट किया जाता है और डेंगू की उपस्थिति का पता लगाया जाता है। सदर अस्पताल ने डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच एक प्रमुख भूमिका निभाई है। यहां मरीजों के इलाज के साथ-साथ उन्हें बीमारी के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने अपील की है कि लोग मच्छरों से बचने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतें और बुखार होने पर तुरंत अस्पताल में जांच कराएं। डेंगू की रोकथाम के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। सावधानी और जागरूकता से ही इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है।

#### डेंगू नियंत्रण के लिए विशेष तैयारियां

डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए औरंगाबाद जिले के डीएम श्रीकांत ने कहा कि जिले में डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। सदर अस्पताल में डेंगू मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी ब्लॉक और पंचायत स्तर पर भी डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाने और सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# डीएम-एसपी ने किया दाउदनगर उपकारा का औचक निरीक्षण, सुरक्षा और व्यवस्था पर जोर

**नि. संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

गुरूवार को जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने दाउदनगर उपकारा का औचक निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में इस निरीक्षण में एसडीपीओ दाउदनगर, एसडीओ दाउदनगर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। इस दौरान अधिकारियों ने उपकारा की सुरक्षा, व्यवस्थाओं और कैदियों की सुविधाओं का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने उपकारा की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने उपकारा के मुख्य द्वार, बैरकों, और निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि उपकारा में सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत करने के लिए आधुनिक उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान कैदियों की स्थिति और उनके कल्याण के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी आकलन किया गया। जिला पदाधिकारी ने कैदियों से मुलाकात की और उनसे उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपकारा प्रशासन को निर्देश दिया कि कैदियों को स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

पुलिस अधीक्षक ने उपकारा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने उपकारा में तैनात पुलिसकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए प्रशासन को विशेष ध्यान देना होगा। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने उपकारा प्रबंधन और कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उपकारा के भीतर की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया जाएगा और सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट संदेश गया है कि प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा और उपकारा की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। इस तरह के निरीक्षण से अधिकारियों और कर्मचारियों में जवाबदेही का भाव भी बढ़ेगा और उपकारा की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता आएगी।



#### सुधार की दिशा में उठाया गया कदम

यह औचक निरीक्षण जिला प्रशासन और पुलिस के लिए न केवल उपकारा की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करने का माध्यम था, बल्कि यह सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण नियमित रूप से किए जाएंगे ताकि उपकारा की व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# मद्य निषेध : चार शराब तस्कर दोषी करार

- अदालत का यह फैसला राज्य में अवैध शराब व्यापार के खिलाफ चल रहे मध निषेध अभियान को और मजबूत करेगा।




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

गुरूवार को व्यवहार न्यायालय में स्पेशल उत्पाद कोर्ट 02 के न्यायाधीश नीतीश कुमार ने मध निषेध वाद-278/23 में चार अभियुक्तों को दोषी करार दिया। यह मामला बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम के तहत चल रहा था, जिसमें चार अभियुक्त—दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, पप्पू कुमार, और दीपक कुमार को दोषी ठहराया गया है। विशेष लोक अभियोजक कुमार योगेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्तों को बिहार मध निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम की धारा 30 ए के तहत दोषी पाया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि इस मामले में प्राथमिकी सूचक मो. हैदर अली, अवर निरीक्षक, ने 5 अप्रैल 2023 को गुप्त सूचना के आधार पर जांच की थी, जिसके दौरान अभियुक्तों को अवैध शराब के व्यापार और परिवहन में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के समय चारों अभियुक्तों के पास से प्रतिबंधित शराब टनका की 180 मिलीलीटर की 178 बोतलें बरामद की गई थीं। न्यायालय ने सुनवाई के बाद अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर उन्हें जेल भेज दिया। विशेष लोक अभियोजक कुमार योगेंद्र नारायण सिंह ने इस मामले में सख्त कार्रवाई पर बल दिया, जिससे राज्य में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ एक कड़ा संदेश गया है। अभियुक्तों की सजा के बिंदु पर सुनवाई की अगली तिथि 26 सितंबर 2024 निर्धारित की गई है। यह फैसला बिहार सरकार द्वारा राज्य में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए चलाए जा रहे कठोर कानूनों की प्रभावीता को दर्शाता है। इस मामले में चार अभियुक्तों को दोषी ठहराए जाने से यह साफ संदेश जाता है कि अवैध शराब के व्यापार और परिवहन में शामिल लोगों के खिलाफ कानून कोई नरमी नहीं बरतेगा। इस फैसले के बाद जिले के अन्य अवैध शराब तस्करों पर दबाव बढ़ गया है, और पुलिस प्रशासन के सख्त रवैये की सराहना की जा रही है।

# नक्सली साजिश हुई नाकाम, पचरूखिया जंगल से छह प्रेशर आईईडी बरामद

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद। अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में सुरक्षा बलों के द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पचरूखिया के जंगल और पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों द्वारा लगाए गए छह शक्तिशाली प्रेशर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को बरामद किया गया और समय रहते उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। गुरुवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा-205 बटालियन और मदनपुर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह कामयाबी हासिल हुई। अभियान का नेतृत्व सीआरपीएफ की कोबरा-205 बटालियन के सहायक समादेष्टा उपेंद्र प्रताप सिंह ने किया, जिनके साथ मदनपुर थाना के प्रभारी अजय पासवान भी शामिल थे। इस अभियान के दौरान छः प्रेशर आईईडी, जिनका वजन तीन-तीन किलो था, बरामद किया गया। सभी आईईडी को मौके पर ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया। माओवादियों द्वारा इन आईईडी को सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से प्लांट किया गया था, लेकिन पुलिस की सक्रियता के कारण यह साजिश नाकाम हो गई। लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के कारण माओवादियों का मनोबल गिरता नजर आ रहा है और वे अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। पिछले छह महीनों में सुरक्षा बलों ने 50 से अधिक आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किए हैं, जो नक्सलियों की बढ़ती हताशा को दर्शाता है। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अमित कुमार ने बताया कि नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने पचरूखिया के जंगली-पहाड़ी क्षेत्रों में नक्सलियों के छुपने के संभावित स्थानों की पहचान कर वहां सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान से हमें यह बड़ी सफलता मिली। उन्होंने यह भी बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम लगातार छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही है, ताकि माओवादियों की हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा सके और समय रहते उनकी साजिशों को नाकाम किया जा सके। इस प्रकार के अभियानों से पुलिस और सुरक्षा बलों का मनोबल भी बढ़ा है और स्थानीय जनता के बीच भी सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। लगातार हो रही पुलिस की कार्रवाइयों से नक्सली गतिविधियों में काफी गिरावट आई है। सुरक्षाबलों के लगातार दबाव और अभियानों के चलते माओवादी अपने ठिकानों को छोड़कर भागने को मजबूर हो रहे हैं। इन अभियानों से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि सरकार और सुरक्षा बल नक्सलियों की किसी भी साजिश को नाकाम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि इस क्षेत्र में शांति और विकास का माहौल बना रहे।



# युवा उत्सव का आयोजन, प्रतियोगिताओं में ग्रामीण युवाओं को मिला मंच



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न प्रखंडों में युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार यह उत्सव 19 सितंबर 2024 तक विभिन्न प्रखंडों में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना और उनकी प्रतिभा को पहचानने के लिए एक मंच प्रदान करना था। बारुण, देव, कुटुंबा, औरंगाबाद, मदनपुर, गोह, रफीगंज, ओबरा, और दाउदनगर प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इससे पहले नबीनगर और हसपुरा प्रखंडों में भी यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका था। प्रखंड स्तरीय आयोजन समितियों का गठन जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया, ताकि आयोजन की सुचारू रूप से तैयारी और संचालन सुनिश्चित हो सके। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रत्येक प्रखंड के विभिन्न विधाओं के प्रथम विजेता या संस्थान 24 और 25 सितंबर 2024 को अनुग्रह नारायण नगर भवन, औरंगाबाद में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आयोजन समिति का भी गठन किया गया है, जो इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियों में जुटी हुई है। इस उत्सव का उद्देश्य न केवल युवाओं को मंच प्रदान करना है, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने और अपनी कला को निखारने का अवसर भी देना है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तक ले जाने के लिए यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन द्वारा की गई इस पहल की सराहना की जा रही है, क्योंकि इससे न केवल युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि औरंगाबाद जिले की सांस्कृतिक धरोहर को भी एक नई पहचान मिलेगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जिला प्रशासन इस बात का ध्यान रख रहा है कि सभी प्रतिभागियों को उचित मंच मिले और आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के युवा अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस आयोजन ने जिले के युवाओं में एक नया जोश भर दिया है, और सभी प्रतिभागी अपने प्रखंड का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जन जागरूकता अभियान का समापन




**एसवीवीव संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले में दो सप्ताह से चल रहे जन जागरूकता अभियान का आज समापन हो गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों के चिन्हित स्थलों और महादलित टोलों में आपदाओं, बाल विवाह, दहेज प्रथा, यौन उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा, और नशा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से जनसमुदाय को जागरूक किया गया। इस व्यापक अभियान का आयोजन ठिठोली सामाजिक एवं सांस्कृतिक दर्पण संस्था द्वारा किया गया, जिसमें दो टीमों के 10-10 कलाकारों ने भाग लिया। इस प्रकार की प्रस्तुतियों से ग्रामीण समुदाय को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इन नुक्कड़ नाटकों और गीत-संगीत के माध्यम से इन सामाजिक बुराइयों के प्रति जनसमुदाय में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। इन प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से न केवल गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला, बल्कि लोगों के दिलों में जगह भी बनाई। इस अभियान को जनसमुदाय से भरपूर सराहना मिली।

# एसपी ने किया गोह व बंदेया थाना का किया औचक निरीक्षण

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद के नये एसपी अंबरीश राहुल गुरुवार को विधि व्यवस्था का जायजा लेने एवं क्षेत्र भ्रमण के तहत गोह पहुंचे। उन्होने बंदेया और गोह थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अचानक एसपी को को सामने देख पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। वहीं एसपी ने थाने में रखी फाईलों का निरीक्षण शुरू किया। साथ ही थाना भवन का निरीक्षण किया। उन्होने पेंडिंग केसों की समीक्षा करते हुए तत्काल निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने सबसे पहले स्टेशन डायरी का अवलोकन किया। इसके बाद बारी-बारी से अन्य फाईलों को खंगाला। एसपी अम्बरिस राहुल ने बताया कि नियमित निरीक्षण के तहत जिले के विभिन्न थानों का निरीक्षण कर रहे है। इस दौरान कई बिंदुओं पर थानाध्यक्ष को निर्देशित किया जा रहा है। एसपी ने सभी जवानों को वार्निंग देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों के हाथ पांव फुले रहे। वहीं एसपी के कड़े तेवर से पुलिस महकमें में हड़कंप की स्थिति बनी रही। एसपी ने बताया कि पुलिस की जवाबदेही काफी बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस को और सजग रहने की आवश्यकता है। अपने जिले के थानों की स्थिति जानने के लिए मैं लगातार निकलते रहता हूं। उन्होंने बताया कि आम लोगों के प्रति पुलिस की जिम्मेदारी बेहतर और सशक्त करने की आवश्यकता है। इस मौके पर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, बंदेया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार एवं गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान के साथ अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

## औरंगाबाद में 11केवी लाइन मेंटेनेंस के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** आज शहर में 11केवी लाइन मेंटेनेंस के चलते विभिन्न फीडरों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस कारण, टाउन क्षेत्र 1, टाउन क्षेत्र 2, और साउथ फीडर के अंतर्गत आने वाले इलाकों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा।

**बिजली कटौती का समयः** टाउन 1 फीडरः सुबह 10 बजे से 12 बजे तक, **टाउन 2 फीडरः** दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक, **साउथ फीडरः** दोपहर 03 बजे से शाम 05:30 बजे तक

जनता से अपील की गई है कि वे अपने सभी आवश्यक कार्य बिजली कटौती से पहले ही निपटा लें। लाइन मेंटेनेंस का यह कार्य शहर की विद्युत सेवा को और बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है।

## हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर के तीसरे दिन डॉ. हनुमान राम के साहित्य पर हुआ संवाद

**एसवीवीव संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद की साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में गुरूवार को हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के तीसरे दिन शहर के मशहूर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हनुमान राम की रचनाधर्मिता को याद करते हुए संवाद किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राम की रचना पर संवाद करते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि औरंगाबाद जिले में लगभग 25 वर्षों से नेत्र चिकित्सा में विशिष्टता हासिल करने वाले डॉ. हनुमान राम ने व्यस्ततम जिंदगी से कुछ पल निकाल कर साहित्यिक संसार में भी अपनी लेखनी चलाई।

# ड्रोन से खेतों में तरल उर्वरक का हुआ छिड़काव

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरकों के छिड़काव की यह तस्वीर औरंगाबाद सदर प्रखंड के पोईवां गांव की है। तस्वीरों में साफ देख सकते है कि ड्रोन किस तरह खेतों में तरल उर्वरक का छिड़काव कर रहा है। आने वाले दिनों में औरंगाबाद के सभी हिस्सों में ड्रोन के माध्यम से खेतों में कीटनाशक और तरल उर्वरकों का छिड़काव होता नजर आएगा। यह संभव हुआ है, बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी ड्रोन उद्यमी योजना से। फिलहाल औरंगाबाद जिले में कुछ ही उद्यमी ड्रोन से फसलों में कीटनाशक और तरल उर्वरक के छिड़काव के लिए आगे आए है लेकिन निकट भविष्य में सरकार की योजना जीविका दीदियों को भी ड्रोन उद्यमी बनाने की है। राज्य के कुछ जिलों में जीविका दीदी ड्रोन उद्यमी योजना लागू हुई है औरंगाबाद में भी यह योजना शीघ्र ही लागू होनेवाली है। दरअसल इन तस्वीरों के संकेत साफ है कि किसान अब ड्रोन के माध्यम से भी अपने खेतों में कीटनाशक और तरल उर्वरकों का छिड़काव करा सकते है। इससे खेत के बीचोंबीच लगी फसलो तक ड्रोन से तरल उर्वरकों के छिड़काव से न केवल फसलों को त्वरित पोषण मिल सकेगा बल्कि अच्छी उपज में भी मिल सकेगी। दरअसल औरंगाबाद सदर प्रखंड का पोईवां बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंहा, उनके पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंहा और उनके पौत्र नागालैंड व केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार का पैतृक गांव है। इसी गांव में गुरूवार को किसानों की हितकारी सहकारी संस्था इंडियन फारमर्स फर्टिलाईजर को-ऑपरेटिव ऑर्गेनाईजेशन(इफको) ने ड्रोन से खेतों में तरल उर्वरकों का छिड़काव कर इसकी शुरुआत की। आगे जिले के और गांवों में भी ड्रोन से तरल उर्वरको का छिड़काव कर किसानों को इसकी प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी। पोईवां गांव में ड्रोन से तरल उर्वरक का छिड़काव इफको के क्षेत्रीय अधिकारी अमित गौरव के देखरेख में गांव के दो किसानों के खेतों में किया गया। इस दौरान ड्रोन उद्यमी शुभम पांडेय ने इफको नैनो डीएपी तथा इफको नैनो यूरिया प्लस छिडकाव किया। छिड़काव के दौरान मौके पर मौजूद किसानों को उर्वरक सहायक राज पाठक ने किसानों को ड्रोन से इफको नैनो उर्वरक, इफको नैनो यूरिया प्लस और इफको नैनो डीएपी के छिड़काव से होनेवाले लाभ की जानकारी दी। कहा कि इफको नैनो उर्वरक अत्यधिक कुशल उर्वरक हैं, जो सूक्ष्म कणों के माध्यम से फसलों को नाइट्रोजन जैसे पोषक तत्त्व प्रदान करते हैं। नैनो उर्वरक के प्रयोग से हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहता है। इसका उत्पादन इफको द्वारा किया गया है ताकि किसान अंततः नैनो प्रौद्योगिकी के वरदान से लाभान्वित हो सकें। नैनो उर्वरक 'आत्मनिर्भर भारत' और 'आत्मनिर्भर कृषि' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं किसान कौशलेंद्र प्रताप सिंह एवं सत्यजीत सिंह ने बताया कि दानेदार और पाउडर उर्वरकों के प्रयोग के लिए किसानों को खाली पैर खेत में जाना पड़ता है।

## रिशु सिंह का आकस्मिक निधन, परिवार और समाज में शोक की लहर



**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** शहर के रामाबांध निवासी रिशु सिंह के आकस्मिक निधन की खबर ने पूरे इलाके में शोक की लहर पैदा कर दी है। उनके निधन की सूचना से स्थानीय लोग और परिवार गहरे दुख में डूब गए हैं। रिशु सिंह का जाना सभी के लिए एक व्यक्तिगत और पारिवारिक क्षति है। उनके निधन से उनके करीबी सदमे में हैं और इस अपूरणीय क्षति को शब्दों में बयां करना कठिन हो रहा है। रिशु सिंह अपने परिवार के लिए एक बहुमूल्य रत्न की तरह थे, जिनके जाने से परिवार ने अपना सबसे कीमती सदस्य खो दिया है।